आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी 04:32 तक उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 224, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संस्कृति मंत्री बनाई गईं थाईलैंड की निलंबित पीएम 14

बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी 12

## गिल बने इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई टेस्ट कप्तान



बर्मिंघम, एजेंसी

शुभमन गिल (269 रन) इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। गुरुवार को एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले वे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्‌र्स पर बनाए थे। गिल भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में 7 दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (द. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन द्वारा बनाए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर था। सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज गिल हैं।

## मजबूत भारत समृद्ध विश्व के निर्माण में देगा योगदान

### घाना की संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी- हम दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ

अक्रा (घाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है।

मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।



मोदी को सम्मानित करते घाना के राष्ट्रपति महामा।

### मोदी को घाना का राष्ट्रीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शासन कौशल और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

अशोका फोम
SUMMER SALE
UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

## उप्र रोजगार मिशन बनेगा, युवाओं को देश-विदेश में मिलेगी नौकरी

### योगी मंत्रिमंडल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, हर हाथ को काम देने की दिशा में एक और कदम

### एक वर्ष में देश के अंदर एक लाख और विदेशों में 25-30 हजार निजी क्षेत्र में रोजगार का लक्ष्य

- श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधीन बनेगा मिशन, पांच स्तरीय संरचना के साथ पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है। यह कार्य कोई कंपनी नहीं बल्कि सीधे राज्य सरकार करेगी। बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई।

राज्य सरकार की ताजा पहल उत्तर प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र (ग्लोबल एचआर हब) बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। वहीं सरकार के हर हाथ को काम देने के वायदे को भी धार मिलेगी। कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है।

अनिल राजभर के मुताबिक, अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा। श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा। इस कड़ी में देश-विदेश में रोजगार मांग का सर्वेक्षण करना, प्रतिष्ठित कंपनियों की सूची तैयार कर उनकी डिमांड लेना, स्किल गैप का आकलन और आवश्यक प्रशिक्षण, भाषा प्रशिक्षण और प्रिडिपार्चर ओरिएंटेशन, करियर काउंसलिंग और कैम्पस प्लेसमेंट, प्लेसमेंट के बाद सहायता व फॉलोअप सेवा देना मिशन की प्रमुख गतिविधियों में शामिल होगा। वहीं मिशन की संगठनात्मक संरचना देखें तो उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी।



कैबिनेट की बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अन्य प्रमुख निर्णय

- खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम
- व्यापारियों पर जीएसटी अपील की राशि का बोझ किया कम
- अयोध्या में एनएसजी हब के लिए भूमि 99 वर्ष की लीज पर
- 21500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सौर ऊर्जा को 19 हजार करोड़

### ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को हरी झंडी दिखाई है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये व्यय किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा।

## भारत में एशिया कप खेल सकेगी पाकिस्तान की टीम

- जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा
- अगले महीने से बिहार के राजगीर में होगा आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।

सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। इसी तरह हम पाकिस्तान की भागीदारी वाले किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

मंत्रालय के इस फैसले से सितंबर में यहां होने वाले निशानेबाजी जूनियर विश्व कप और सितंबर-अक्टूबर में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान की भागीदारी का रास्ता भी साफ हो गया है। सूत्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खेल की मांग है कि हम भागीदारी से पीछे नहीं हट सकते।



### एशिया कप क्रिकेट में खेलने पर भी अटकलें

यह पूछने पर कि क्या सितंबर में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी जाएगी, सूत्र ने कहा कि बीसीसीआई ने अभी इस मसले पर संपर्क नहीं किया है। जब वे संपर्क करेंगे तो हम इस मसले पर बात करेंगे। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारत और पाकिस्तान महाद्वीपीय टूर्नामेंट के दौरान राउंड रॉबिन मैच में एक-दूसरे से खेलेंगे जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) या श्रीलंका में आयोजित होने वाला है हालांकि मूल मेजबान भारत ही है।

### एक नजर

### दिल्ली जल बोर्ड मामले में पूर्व मंत्री जैन से पूछताछ



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। जैन पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया गया।

## जैकलीन की प्राथमिकी रद्द करने संबंधी याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने याचिका खारिज कर दी जिसमें मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दूसरे पूरक आरोपपत्र और दिल्ली की एक निचली अदालत में लंबित कार्यवाही को भी रद्द करने का निवेदन किया गया था। ईडी के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि एक विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत (आरोपपत्र) का संज्ञान लिया है और प्रथम दृष्टया मामला पाया है। वकील ने कहा कि संज्ञान आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। फर्नांडीज चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में आरोपी हैं और जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुई थीं।

## जमीन की रंजिश में किशोर की हत्या

- आरोपियों ने स्कूल से लौटते समय किया अपहरण, फिर मारी गोली

संवाददाता, पुवायां (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** मामा के घर रहकर बीते 10 वर्षों से पढ़ाई कर रहे किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वजह जमीन की रंजिश बताई जा रही है। वारदात के बाद एसपी समेत तमाम पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है।

थाना सिकंदराबाद क्षेत्र (लखीमपुर खीरी) निवासी 16 वर्षीय अपूर्व अवस्थी पुवायां क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जप्ती निवासी अपने मामा प्रमोद मिश्रा के घर रहकर कक्षा 10 में पढ़ रहा था। गुरुवार की शाम करीब 4 बजे वह नगर के विद्या मंदिर स्कूल से घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में उसे अगवा कर लिया गया। प्रमोद मिश्रा ने बताया कि जब वह बाइक से खेत जा रहे थे, तभी उन्होंने कुछ लोगों को अपूर्व को बंडा-पुवायां हाईवे किनारे गांव के पास ही गाड़ी से उतारते देखा। उन्होंने तुरंत अपूर्व को अपनी बाइक पर बिठाया और घर लेकर आए। यहां वह बेसुध हो गया। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथ ही बताया कि अपूर्व को गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, एसपी ग्रामीण अरुण दीक्षा भंवरे और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसपी ने बताया कि किसी ने गोली मारकर किशोर की हत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मृतक अपूर्व अवस्थी

### डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ विज्ञापन प्रसारित करने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से पतंजलि पर गुरुवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पतंजलि को विज्ञापन प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध करने वाली डाबर की अंतरिम याचिका को स्वीकार कर लिया। डाबर की याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश' यह दावा करके विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है। यह दावा अन्य ब्रांड के लिए अपमानजनक है।

## अब सहायक आचार्य के लिए परीक्षा

- राजकीय महाविद्यालयों में अभी तक साक्षात्कार के आधार पर होता था चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा (सब्जेक्टिव टाइप) एवं साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

इसके लिए उप्र. उच्चतर शिक्षा (समूह क) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली-2025 को प्रख्यापित किए जाने को मंजूरी दी गई। लोकभवन लखनऊ में गुरुवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ा यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया उप्र. उच्चतर शिक्षा (समूह क) सेवा नियमावली, 1985 के नियम 15(3) के अंतर्गत केवल इंटरव्यू के माध्यम से की जाती थी। यह पद समूह क श्रेणी का महत्वपूर्ण पद है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा, शोध और उनके भविष्य को प्रभावित करता है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया था कि चयन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष तथा गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन में पक्षपात की संभावनाएं बनी रहती थीं, जिससे कई बार योग्य अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल पाता था। नई संशोधित व्यवस्था में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के माध्यम से अभ्यर्थियों का समग्र मूल्यांकन होगा, जिससे न केवल उनके विषय ज्ञान की परख हो सकेगी, बल्कि उनके शिक्षण कौशल एवं शोध क्षमता का भी आकलन किया जा सकेगा। इससे राजकीय महाविद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों का चयन संभव हो सकेगा, जो शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होगा। यह संशोधन उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा नियमावली, 1985 के भाग-5 के नियम 15(3) में किया गया है, और संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग को प्राप्त अधिकारों के तहत पारित किया गया है।

## न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाने पर प्रमुख विपक्षी दल सहमत : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रस्ताव पर जल्द लिए जाएंगे सांसदों के हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जाएगा, हस्ताक्षर कराए जाएंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है।

समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है।

## सौरमंडल में घुसे अज्ञात खतरनाक पिंड ने मचाई हलचल

### पड़ताल में जुटे एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक, ए11पीएल3जेड दिया गया इस पिंड का अस्थायी नाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** किसी दूसरे सौर मंडल से हमारे सौर मंडल में घुस आए खतरनाक (इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट) पिंड ने हलचल पैदा कर दी है जिसे लेकर दुनिया भर के एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक पड़ताल में जुट गए हैं। यह तीसरा अवसर है, जब किसी दूसरे सौर मंडल का सदस्य हमारे सौर मंडल में घुस आया है। इसका अस्थायी नाम ए11पीएल3जेड दिया गया है।

यह बाहरी पिंड लगभग 20 किलोमीटर चौड़ा है और वर्तमान में 66 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह इटली के वैज्ञानिक अर्नेस्टो गुइडो के नेतृत्व में खगोलविदों ने ऑस्ट्रेलिया में रिमोट नियंत्रित दूरबीन के जरिए इसकी तस्वीर खींची है। इसकी खोज 14 जून को नासा के एटलस क्षुद्रग्रह प्रणाली वेधशाला से की गई थी। यह एक रहस्यमय पिंड है। वर्ष 2017 में इसी तरह का एक रहस्यमय पिंड इम्यूमुआ को पहली बार देखा गया था और इसके दो साल बाद 2019 में धूमकेतु बोरिसोव को देखा गया था। बोरिसोव के बाद हमारे सौर मंडल से गुजरने वाला यह तीसरा इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिक अगले कुछ महीने इस पिंड के ऑब्जर्वेशन में बिताएंगे। प्रारंभिक गणना के अनुसार यह अक्टूबर 2025 में पृथ्वी और मंगल के बीच से गुजरने वाला है। फिलहाल वैज्ञानिकों का मानना है कि इस पिंड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी इसकी कक्षा को लेकर सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।



अज्ञात पिंड ए11पीएल3जेड की ताज़ा तस्वीर।

- 20 किलोमीटर चौड़ा है पिंड
- 66 किमी प्रति सेकंड की गति
- 2017 में आया था इम्यूमुआ
- 2019 में धूमकेतु बोरिसोव

### वापस अपने सौर परिवार में चला जाएगा

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार, हम अपने सौर परिवार के सभी पिंडों से अवगत हैं, लेकिन किसी दूसरे सौर प्रणाली से आने वाले पिंड के प्रकार, प्रकृति व कक्षा से अनभिज्ञ होते हैं। संभव है कि वह हमारे लिए बड़ा खतरा हो सकता है, जिस कारण इन पर नजर रखना जरूरी हो जाता है। प्राथमिक अध्ययन के अनुसार यह ए11पीएल3जेड पृथ्वी के करीब तो आ रहा है, लेकिन दूर से गुजर जाएगा। इससे किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। यह वापस अपने सौर मंडल में वापस लौट जाएगा।

## एक नजर

### निकायों की भूमिका विषय पर सम्मलेन की सहभागिता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरियाणा के गुरुग्राम में संविधानिक लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयोजित उत्तर प्रदेश ने 80 जनप्रतिनिधियों को नामित किया है। सम्मलेन में राष्ट्र निर्माण में जनप्रतिनिधियों के साथ दो स्थानीय निकायों की भूमिका और संविधानिक लोकतान्त्रिक कर्तव्यों के प्रति उनकी भूमिका के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में नगर निगम से उत्तर प्रदेश शासन से नामित पार्षद चारू गुप्ता ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम 3 और 4 जुलाई तक चलेगा। इसमे विकास सम्बन्धी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना के उप निरीक्षक गौरव कुमार ने बताया कि 22 जून को आरोपी शोएब निवासी कटरा एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। आरोप था कि आरोपी ने किशोरी ने साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी को खैरपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### परामर्श केंद्र पर एक दंपती का कराया समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में स्थित महिला परामर्श केंद्र पर 10 पत्रावली की सुनवाई की गई। इसमें एक दंपती का समझौता कराया गया। कलान थाना क्षेत्र के एक गांव के एक दंपती की शादी सात साल पहले हुई थी। दोनों पति-पत्नी में 09 माह से बीमार होने पर पति द्वारा इलाज नहीं कराने को लेकर विवाद चल रहा था। महिला नौ माह से मायके में रह रही थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों की आपस में वार्ता करायी गयी और दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस अवसर महिला उप निरीक्षक मधु यादव, सिपाही मोनिका रानी, पिंकी, मोनिका कुमारी आदि थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर गिरी गाज, 50 की सेवा होगी समाप्त

## सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने समीक्षा कर लापरवाह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर।

- सीडीओ ने डीपीओ को जारी किया नोटिस, मांगा जवाब
- सुधार नहीं होने पर दी वेतन रोकने की चेतावनी

**अमृत विचार :** नौनिहाल बच्चों के लिए जनपद में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकत्रियां कार्यों में रुचि नहीं ले रही है। फेस कैप्चरिंग और ईकेवाईसी में भी लापरवाही बरतने पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने कड़ा रुख अख्तियार किया गया है। उन्होंने जनपद की सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के कामकाजों की समीक्षा करते हुए ऐसी 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चिंहित किया है जिनकी परफॉर्मेंस बिल्कुल ही खराब पाई है।

इसके बाद सीडीओ ने सभी 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्ति के लिए डीपीओ अरविंद रस्तोगी को आदेश दिए हैं। इसके साथ ही सीडीओ ने डीपीओ को नोटिस जारी करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि मांग ली और चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति ठीक नहीं हुई तो वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर एक्शन के बाद अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी हड़कंप मच गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर फेस कैप्चरिंग व ईकेवाईसी में जो भी लापरवाही बरतने वाले लोग हैं उनका भी डाटा अंदरखाने विभाग तैयार कर रहा है। जल्द ही इनके ऊपर भी विभागीय कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।



> लंबे समय से चेतावनी के बावजूद जो कार्यकत्रियां सुधार नहीं कर रही थीं उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए गए हैं। विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर समय से सुधार नहीं हुआ तो डीपीओ पर भी कार्रवाई होगी।
> – डॉ. अपराजिता सिंह, सीडीओ

### 10-10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का रुकेगा मानदेय

सीडीओ ने प्रत्येक ब्लॉक में सर्वे कराकर ऐसी 10-10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को चिंहित कराया है, जोकि न तो आंगनबाड़ी केंद्र जाती है और न ही विभागीय कोई कार्य में रुचि लेती है। इन सभी का मानदेय रोकने की कार्रवाई डीपीओ स्तर से शुरू करा दी गई है। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

### 2700 सरकारी स्कूलों का सर्वे पूर्ण, बनेगा पक्का रास्ता: सीडीओ

सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने जनपद के ऐसे 2700 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों का सर्वे कराया था जहां पर जाने के लिए न रास्ता था और न साफ सफाई। इस कारण बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों को निकलने में दिक्कतें आ रही है। इनमें 170 विद्यालयों तक जाने के रास्ता बनने शुरू करा दिए गए हैं। शेष पर जल्द कार्य शुरू कराने को कहा गया है। सीडीओ ने एक सप्ताह का समय देते हुए कहा कि स्कूल जाने वाले रास्ते पक्का हो ओर जलभराव व गंदगी की स्थिति न हो। इस पर विशेष फोकस रखा जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही बरती नहीं जाएगी। हर स्कूल से फोटोग्राफ, वीडियो उपलब्ध कराने को सीडीओ ने कहा है।

## अभियान चलाकर 21 वाहनों के काटे चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपद में स्कूली वाहनों के खिलाफ 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन सर्वेश कुमार सिंह एवं पीटीओ आरपी गौतम ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया।

पीटीओ आरपी गौतम ने कलान क्षेत्र में वीआरवी स्कूल में संचालित पांच वाहनों एवं एक अन्य एक स्कूली वाहन सहित 6 वाहनों का चालान किया। तीन दिनों में 21 वाहनों का चालान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त कार्यालय के सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक विकास कुमार यादव ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर लगभग 156 वाहनों की फिटनेस एवं प्रपत्र भी चेक किए। एआरटीओ ने विद्यालयों में संचालित वाहन के वाहन स्वामियों व स्कूल प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि वह अपने विद्यालय में संचालित वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा प्रदूषण वैध कराने के बाद ही वाहनों का संचालन कराएं। बिना मानक के वाहनों में स्कूली बच्चों का परिवहन करने पर एक्शन लिया जाएगा

# नवोदय विद्यालयों में प्रवेश को 29 जुलाई तक मौका

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा छह में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू
- छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय में उपलब्ध हैं 80 सीटें

**अमृत विचार :** जनपद में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए है, जोकि 29 जुलाई तक ही होंगे। इसको लेकर बच्चों से आवेदन मांगे गए हैं।

नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभिभावक 29 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन ऑनलाइन रूप से भरने होंगे। एडमिशन के लिए बच्चे का मूल निवास प्रमाणपत्र गृह जनपद का होना आवश्यक है। साथ ही बच्चे ने कक्षा तीन, चार और पांच की पढ़ाई सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय से की हो। एक छात्र को केवल एक ही बार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिलेगी। आवेदन के लिए विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही कक्षा छह में एडमिशन के लिए आवेदक का जन्म एक मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना चाहिए। साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। एंट्रेंस परीक्षा दो चरण में होगी। रजिस्ट्रेशन करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें। नवोदय प्रिसिंपल सत्यपाल गंगवार ने बताया कि कक्षा छह में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तिथि रखी गई है। जिन बच्चों को एडमिशन लेना हो, वह जल्द आवेदन प्रक्रिया आनलाइन पूरी कर विद्यालय में संपर्क करे। कुल 80 सीटें बच्चों के लिए विद्यालय में उपलब्ध है। बच्चों का मूल निवास प्रमाण पत्र गृह जनपद का अनिवार्य है।

# 19 को होगी इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में 437 और इंटरमीडिएट में 433 विद्यार्थियों ने किया था आवेदन

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से वर्ष-2025 की हाईस्कूल इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट व इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट की लिखित परीक्षा 19 जुलाई को जनपद में राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर होगी। परीक्षा के लिए यहां हाईस्कूल में 437 व इंटरमीडिएट में 433 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं।

हाईस्कूल इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट की परीक्षा दूसरी पाली में दो बजे से 5:15 बजे तक होगी। हाईस्कूल में कंपार्टमेंट व इंप्रूवमेंट के लिए 20,759 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं।

> जिन बच्चों ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। उन बच्चों के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि वह इंप्रूवमेंट व कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल होकर अच्छे अंक लाए। परीक्षा में शामिल हो रहे।
> – हरिवंश कुमार, डीआईओएस

इनमें मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 5283, बरेली के 4142, प्रयागराज के 2575, वाराणसी के 6613 व गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के तहत 2146 आवेदन शामिल हैं। इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आए कुल 25,501 आवेदन आए हैं। इसमें से मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय के 5291, बरेली के 3092, प्रयागराज के 6978, वाराणसी के 6973 व गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के 3167 आवेदन शामिल हैं। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी, केंद्र व्यवस्थापक, अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रखा गया है। सीसीटीवी कैमरों से खुद उच्चाधिकारी मानीटरिंग करेंगे। मुख्य परीक्षा के तरह ही परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के रखरखाव की व्यवस्था निर्धारित स्ट्रॉन्ग रूम के डबल लॉकयुक्त आलमारी में ही की जाएगी।

## सर्पदंश से किसान की जान गई

**शाहजहांपुर/खुदागंज, अमृत विचार :** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव नवादा दरोबस्त निवासी 60 वर्षीय राधे श्याम ने खेत बटाई पर लेकर रखा था। वह बुधवार की सुबह 8 बजे खेत पर काम करने के लिए गए। वह खेत पर काम कर रहे थे कि अचानक उनके पैर में सांप ने डस लिया। गांव वालों ने घर पर जाकर बताया कि राधे श्याम को सांप ने काट लिया है। परिवार वाले खेत पर गए और बेहोशी की हालत में पड़े थे। परिजन उसे सीएचसी पर लेकर आए। डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान दोपहर उसकी मौत हो गई। पत्नी का दो साल पहले निधन हो चुका है। उसके तीन बेटे मुनीश कुमार, नन्हें, सत्यदेव है, जो खेती करते है।

# 83 जोड़ों ने लिए फेरे, 14 ने पढ़ा निकाह

कार्यालय संवाददाता, निगोही-शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** तिलहर विधानसभा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन की ओर से निगोही स्थित आदर्श इंटर कॉलेज रामलीला ग्राउंड में आयोजन कर 97 जोड़ों का विवाह कराया गया।

इसमें 83 जोड़ों ने सात फेरे लिए और 14 ने निकाह पढ़ा। मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाह, सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्याम नारायण मिश्रा, भानुप्रताप सिंह, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंडप स्थल पर पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उपहार वितरित किए। मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल एक विवाह कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आर्थिक सहयोग और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल है। सभी जोड़ों को सरकार से निर्धारित आर्थिक सहायता, उपहार सामग्री एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।



निगोही में विवाह के बाद दंपती को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

- निगोही में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए विवाह


VARUN ARJUN UNIVERSITY

V.A.U. The path to education

Varun Arjun Medical College Campus

NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307

ADMISSION OPEN

ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy) | Candidate must have passed three years undergraduate | 3 Years |
| M.Sc. (Medical Biochemistry) | Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With | |
| M.Sc. (Medical Microbiology) | Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, | |
| M.Sc. (Medical Physiology) | BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. | |
| M.Sc. (Medical Pharmacology) | Nursing Must have Passed from a recognized University. | |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in


# विद्यालयों को मर्ज करने का विरोध

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों को मर्ज किए जाने को लेकर गुरुवार को कांग्रेसियों ने विरोध जताया। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना के नेतृत्व में सरकार के विरोध नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा।

इसमें बताया कि सरकार के हालिया निर्णय जिसमें पांच हजार प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों को मर्ज करने का फैसला किया गया है। यह निर्णय न केवल शिक्षा के अधिकार और संविधान के अनुच्छेद के मूल भावना के विरुद्ध है, बल्कि यह युवाओं, छात्रों, बेरोजगारों के लिए हानिकारक है।

इससे शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अभिभावकों को इससे असुविधा होगी। रोजगार पर संकट मिड डे मील योजना के तहत कार्यरत कर्मचारियों की नौकरियों समाप्त हो जाएगी। विद्यालयों को मर्ज का निर्णय खत्म हो, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए नये स्कूल खोले जाए, मिड डे मील कर्मचारियों व शिक्षकों के रोजगार को सुरक्षित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में अनूप वर्मा, पूनम पाण्डेय, गौरव त्रिपाठी, फुरकान अहमद कुरैशी, फरमान खां, दिनेश कुमार, नेहा पाण्डेय, कमल किशोर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन।

- कांग्रेसियों ने राज्यपाल संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

### स्कूलों के मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग

**जैतीपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर ब्लॉक अध्यक्ष आदेश सिंह तोमर के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षकों और अभिभावकों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग की कि परिषदीय विद्यालयों का मर्जर तत्काल प्रभाव से रोका जाए। विधायक ने भरोसा दिलाया कि वे यह ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे और इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे। ज्ञापन देने वालों में शिक्षक प्रतिनिधि विनोद कुमार, पंकज मिश्रा, सीमा देवी, मोहिनी अवस्थी, राजीव यादव सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

**तिलहर, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के खिलाफ ग्रामीण क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार को भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय सचिव प्रमोद कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के कई गांवों के अभिभावकों और स्कूली बच्चों ने तहसील परिसर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपते हुए विद्यालय मर्जर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि स्कूलों का विलय ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक कदम साबित होगा। ज्ञापन में कहा गया कि मर्जर से गरीब और किसान परिवारों के बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। क्योंकि उन्हें अब दूसरे गांवों तक जाकर पढ़ाई करनी पड़ेगी। राष्ट्रीय सचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि यदि सरकार ने इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लिया तो बच्चों और अभिभावकों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में रामपाल, सुबोध, नेत्रपाल, हसीना, मीना देवी समेत दर्जनों अभिभावक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# रायटांडा में कीचड़ से पटी स्कूल की सड़क

**बंडा, अमृत विचार :** बरसात के मौसम में एक ओर जहां किसानों के चेहरे खिले हैं, वहीं गांव रायटांडा के स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए यह मौसम मुसीबत बनकर आया है। गांव से सरकारी स्कूल को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग कीचड़ और गंदगी से लबालब है। हालात यह हैं कि बच्चों को स्कूल जाते समय जूते कीचड़ में धंस जाते हैं और कभी-कभी गिरने की नौबत भी आ जाती है।

गौरतलब है कि यह मार्ग वर्ष 2022-23 में गड्ढा मुक्त योजना के तहत मात्र लीपापोती कर छोड़ा गया था। इसके बाद से अब तक इस सड़क की मरम्मत की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब जब स्कूल दोबारा खुल गए हैं, तो छोटे-छोटे बच्चों के लिए इस रास्ते से स्कूल जाना किसी चुनौती से कम नहीं।

इस सड़क की खस्ताहाली से परेशान होकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन जवाब मिला कि बजट उपलब्ध नहीं है। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से इस सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन न तो किसी अधिकारी ने ध्यान दिया और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने कभी दौरा किया।



स्कूल ड्रेस में कीचड़ से निलते स्कूली बच्चे।

- बारिश के मौसम में मुसीबत झेल रहे ग्रामीण
- शिकायत करने पर भी नहीं निकला समाधान



> सड़क की हालत बेहद खराब है। कीचड़ और गंदगी से होकर निकलना पड़ता है। बरसात में हालात और बिगड़ गए हैं।
> – शिवसागर लाल दीक्षित



> हमने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत की थी, लेकिन उसे भी सिर्फ कागजों में दबा दिया गया। कोई फायदा नहीं निकला शिकायत का।
> – आशीष दीक्षित



> यह रास्ता सरकारी स्कूल को जोड़ता है। बच्चों को हर दिन इसी कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है। छोटे बच्चे अक्सर ही गिर जाते हैं।
> – सोनू

## एक नजर

### पैतापुर में अभिभावकों का फूटा गुस्सा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : ददरौल विकासखंड के पैतापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय को दूसरे गांव में मर्ज किए जाने की खबर पर मंगलवार को अभिभावकों में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिली। गांव के सैकड़ों अभिभावक स्कूल परिसर में एकत्र होकर विद्यालय मर्ज के खिलाफ खुलकर विरोध में सामने आए। अभिभावकों का कहना था कि बच्चे छोटे हैं और तीन-चार किलोमीटर दूर दूसरे गांव के स्कूल तक नहीं जा सकते। अगर स्कूल जाते समय रास्ते में किसी बच्चे को कुछ हो गया तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। ग्राम प्रधान अनुराधा देवी, एसएमसी अध्यक्ष मुनीम, उपाध्यक्ष फूलन देवी और स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने भी अभिभावकों के साथ मर्ज नीति का विरोध किया। अभिभावकों ने प्रशासन से सवाल किया कि क्या सरकार या शिक्षा विभाग बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेगा। न तो गांव से दूसरे स्कूल तक सुरक्षित मार्ग है, न ही छोटे बच्चों को अकेले भेजा जा सकता है। अभिभावकों में मनोज, संतराम, रामदास, राजेश, मालती देवी, राम मिलन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे और सभी ने मर्ज के फैसले को तत्काल वापस लेने की मांग की। ग्राम प्रधान और एसएमसी सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि स्कूल को मर्ज करने की प्रक्रिया नहीं रोकी गई, तो गांव के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### चालक की परीक्षा में 18 आवेदक पास

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोडवेज चालकों की भर्ती के लिए गुरुवार को भर्ती मेले का आयोजन किया गया। चालकों के अभिलेख जांचने के बाद बस चलवाकर देखा गया। डिपो में सुबह 10 बजे से चालकों की भर्ती शुरू हुई। इस दौरान चालकों का आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र, डीएल आदि को चेक किया गया। इस दौरान भर्ती होने चालकों की लंबाई नापी गई। जिन आवेदकों के अभिलेख सही मिले तो उनसे बस चलवाकर देखी गई। एआरएम अरुण कुमार की निगरानी में अभिलेखों की जांच और नाप की गई। डिपो प्रभारी सुशील त्रिवेदी ने बताया कि चालक की भर्ती के लिए 43 फार्म भरे गए थे। अभिलेखों की जांच और लंबाई में 14 आवेदक बाहर कर दिए गए। 29 आवेदकों का टेस्ट हुआ है, जिसमें 18 पास हुए और 11 फेल हो गए।

## यूपी ओवीपीएएस पोर्टल पर भवन निर्माण के लिए नगर निगम वासियों को नक्शा करना होगा ऑनलाइन

# विकास प्राधिकरण पोर्टल से जल्द पास होने शुरू होंगे नक्शे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर निगम वासियों के लिए एक अच्छी खबर है। नवसृजित शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण में नक्शा पास कराने के लिए कमर्शियल और घरेलू भवन स्वामियों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो इसी माह प्राधिकरण से नक्शा पास होने शुरू हो जाएंगे।

शासन की ओर से शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण पोर्टल को यूपी ओवीएएस से जोड़ दिया गया है। पोर्टल पर जाकर कोई भी आर्किटेक्ट व सिविल इंजीनियर भवन निर्माण को नक्शा आनलाइन करवा सकेगा। इसके बाद निर्धारित समयावधि में प्राधिकरण नक्शा जारी कर देगा।


सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार व अन्य।

बता दें कि नक्शा पास कराने के लिए आर्किटेक्ट व इंजीनियर का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है तभी वह नक्शा ऑनलाइन कर सकेगा। अभी इन लोगों का रजिस्ट्रेशन चल रहा है। जैसे ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। एसडीए पोर्टल से नक्शा जारी होने शुरू हो जाएंगे।

प्राधिकरण द्वारा नक्शा के लिए विकास शुल्क 628 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। लेबर सेस 150 रुपये प्रति वर्ग मीटर देय होगा और जेई परीक्षण शुल्क भी अलग अलग दरों में रखा गया है। जिसको सब्मिट करने के बाद ही नक्शा जारी हो सकेगा।

> शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण पोर्टल यूपी ओवीपीएएस पोर्टल से जोड़ दिया गया है। इससे अभी तक प्रदेश के अन्य प्राधिकरण कनेक्ट थे। इससे अब कोई भी पंजीकृत आर्किटेक्ट व इंजीनियर आसानी से ऑनलाइन कर नक्शा पास करा सकेगा। इसके लिए कुछ शुल्क भी जमा करने होंगे।
> – **प्रवेंद्र कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

- **आर्किटेक्ट व इंजीनियर का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य**
- **पोर्टल पर जुड़े हैं सभी प्राधिकरण अब शाहजहांपुर भी जुड़ गया**

### एसडीए सात सीमाओं का कर चुका चिन्हांकन

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण अपनी सात सीमाओं का चिंहाकन कर चुका है। इसमें बरेली मोड़ से स्वागत होटल के पहले तक, सीतापुर रोड पर जमुका दोराहे से पावरहाउस तक, मोहम्मदी रोड पर ओवरब्रिज से 150 मीटर आगे तक, निगोही रोड पर सतवां बुजुर्ग तक, पुवायां रोड पर पैना बुजुर्ग से पावर हाउस तक,जलालाबाद रोड पर रहकूपा बहादुरपुर तक और हरदोई रोड पर चौढेरा बांगर से रोजा थर्मल पावर तक एसडीए की सीमाओं का चिंहित कर ली गई है। जल्द ही यहां पर साइन बोर्ड लगने शुरू हो जाएगे। जिससे प्राधिकरण कहां कहां तक इसको लोग जान सकेगें।


FUTURE UNIVERSITY Learn · Assimilate · Transcend
Explore the Power of Science
From Soil To Suspect
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
B.Sc Agriculture
B.Sc Forensic Science
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

# डायरिया... जून में 6695 लोग आए चपेट में

## मेडिकल कॉलेज में बेड पड़े कम तो ट्रॉमा सेंटर और अन्य वार्डों में मरीजों को किया शिफ्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही बीमारियों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। भीषण गर्मी और अब उमस भरे मौसम ने लोगों को डायरिया और वायरल बुखार की चपेट में ला दिया है। जून महीने में शाहजहांपुर जिले में 6695 लोग डायरिया से पीड़ित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। मंडलीय आंकड़ों के अनुसार शाहजहांपुर डायरिया मामलों में मंडल में दूसरे स्थान पर रहा है।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में हर दिन 1600 से अधिक मरीजों के पर्चे बन रहे हैं। इनमें अधिकांश मरीज डायरिया, उल्टी-दस्त और वायरल बुखार के लक्षणों के साथ पहुंच रहे हैं। 330 बेड वाले इस अस्पताल में बेड भी कम पड़ने लगे हैं, जिस कारण कुछ मरीजों को ट्रॉमा सेंटर या अन्य वार्डों में शिफ्ट किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से ही पर्चा काउंटर और डॉक्टरों के कक्षों के बाहर लंबी कतारें लग जाती हैं। मरीजों में पुरुषों और महिलाओं के साथ बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, वहीं अन्य को दवा देकर घर भेजा जा रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने वार्डों में अतिरिक्त बेड लगाए हैं, लेकिन फिर भी हर दिन नए मरीजों की आवक बनी हुई है। मरीजों की रक्त जांच समेत अन्य पैथोलॉजिकल जांचें की जा रही हैं ताकि समय रहते सटीक इलाज मिल सके।


मेडिकल कॉलेज में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

- **मंडल में डायरिया मामलों में दूसरे स्थान पर रहा शाहजहांपुर**

| मंडल में डायरिया की स्थिति | |
|---|---|
| बरेली | 7779 मरीज |
| शाहजहांपुर | 6695 मरीज |
| बदायूं | 3745 मरीज |
| पीलीभीत | 2324 मरीज |

### घर-घर जाकर टीम कर रही जांच, लक्षणों की पहचान

डायरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत डायरिया रोको अभियान भी तेज कर दिया है। विभाग की टीमें घर-घर जाकर लक्षणों की पहचान कर रही हैं और आवश्यक दवाएं वितरित की जा रही हैं। मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. एमएल अग्रवाल के अनुसार, "बारिश के बाद बढ़ी उमस और दूषित जल से डायरिया के मामले तेजी से बढ़े हैं। सावधानी न बरतने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक मिश्रा ने बताया कि डायरिया और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी मौसम परिवर्तन के कारण हो रही है। सभी मरीजों को बेहतर इलाज दिया जा रहा है और विभाग की टीम लगातार फील्ड में सक्रिय है।

## ट्रेन में सामान चुराने वाले दो गिरफ्तार, चार मोबाइल बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जीआरपी और आरपीएफ ने ट्रेन और स्टेशन परिसर से मोबाइल चुराने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चार मोबाइल बरामद किए है।

रोजा जीआरपी चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार पाण्डेय को गुरुवार की सुबह पांच बजे सूचना मिली कि स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर पूरब दिशा की तरफ दो चोर खड़े है। पुलिस ने दोनों चोरों को पकड़ लिया। पकड़े गए चोर आरिफ निवासी हयातपुरा चौक कोतवाली और कपिल निवासी हयातपुरा चौक कोतवाली है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चार मोबाइल चोरी के बरामद किए है। दोनों आरोपियों पर पहले से मुकदमे दर्ज है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि ट्रेन और स्टेशन परिसर में यात्रियों का मोबाइल आदि सामान चोरी कर लेते है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक विकास कुमार, एसआई संजय कुमार, हेड कांस्टेबल आर्य प्रकाश सिंह, गजेंद्र सिंह, संदीप कुमार, सिपाही आदेश कुमार थे।

## सार-संक्षेप

### सहयोग संस्था ने अजीजगंज में किया पौधरोपण



शाहजहांपुर, अमृत विचार : महानगर की समाजसेवी सहयोग संस्था ने अजीजगंज के भुइयार बाबा के स्थान पर पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि चौक मंडल अध्यक्ष सत्यम शर्मा व पार्षद मनीष गुप्ता रहे। पार्षद मनीष गुप्ता ने अपनी मां पूर्व प्रधानाचार्य मनोरमा गुप्ता के साथ अपनी मां के नाम से पहला पौधा रोपित किया। संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान एवं शाहनवाज खा एडवोकेट ने कहा कि महानगर के प्रत्येक वार्ड में संस्था पार्षद के साथ पौधरोपण करेगी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रधान के साथ। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता एवं महासचिव विकास सक्सेना ने कहा कि वर्षा की दिनों में संस्था की ओर से प्रतिदिन पौधरोपण होता रहेगा। कार्यक्रम में संस्था की डायरेक्टर तराना जमाल, कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे, नुजहत अंजुम, नवनीत गुप्ता, अंकुश गुप्ता, सफ़ीकुद्दीन अंसारी, मो. नाजिम, विपिन गुप्ता, काव्य गुप्ता, सुमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में सुरक्षा गार्ड द्वारा एक महिला मरीज से अभद्र व्यवहार करने के मामले में जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्ड तैनात रहते है। बुधवार को ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी हुई थी। आरोप है कि सुरक्षा गार्ड बिना लाइन के मरीजों को डॉक्टर कक्ष भेज में रहे थे। इस दौरान एक महिला ने सुरक्षा गार्ड से कहा कि बिना लाइन के मरीजों को अंदर क्यों भेज रहे हो। इस दौरान महिला की सुरक्षा गार्ड से नोकझोंक हो गयी। महिला ने काफी हंगामा किया। इस दौरान अन्य गार्ड आ गए और मरीज महिला को पकड़कर ओपीडी से बाहर कर दिया था। कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जांच के लिए डॉ. सरोज समेत तीन सदस्यीय टीम गठित की गयी है। सुरक्षा गार्ड के खिलाफ कंपनी को पत्र लिखा गया है।

# शादी करने जा रहे थे, हादसे में प्रेमी की मौत, प्रेमिका घायल

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- **कांट रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर**
- **युवती गंभीर रूप से घायल लखनऊ किया रेफर**

**अमृत विचार :** कांट रोड पर बुधवार रात हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसकी प्रेमिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जांच में पता चला कि युवक बाइक से अपनी प्रेमिका को साथ लेकर शादी करने के इरादे से जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी।


मृतक फैसल।

घटना बुधवार रात करीब 10:30 बजे की है। मदनापुर थाना क्षेत्र के गुलौला खेड़ा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। यहां युवक की मौत हो गई और युवती को गंभीर अवस्था में लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में घायल युवती ने बताया कि वह और मृतक युवक एक-दूसरे को प्रेम करते थे। दोनों की पहचान मोबाइल फोन पर बातचीत के जरिए हुई थी और लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बुधवार को युवक उसे शादी के इरादे से लेकर जा रहा था। रास्ते में यह हादसा हो गया। मृतक की पहचान हरदोई के थाना पिहानी क्षेत्र के अब्दुल्लानगर निवासी 25 वर्षीय फैसल के रूप में हुई। पुलिस ने युवक की जेब से मोबाइल बरामद कर परिजनों से संपर्क किया। फोटो भेजकर पहचान कराई गई। कुछ ही देर में परिवारजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। फैसल के परिजनों ने बताया कि वह दिल्ली में काम करता था और तीन दिन पहले ही घर आया था। मंगलवार को उसने पिता को बताया था कि वह नाइट शिफ्ट में काम करने जा रहा है, लेकिन बाद में मोबाइल स्विच ऑफ मिला और वह सीधे हरदोई स्थित घर पहुंच गया। बुधवार शाम करीब पांच बजे वह चाचा की बाइक लेकर निकला था, और देर रात उसकी मौत की खबर परिवार को मिली। पिता ने बताया कि उन्हें युवती और प्रेम-प्रसंग की जानकारी नहीं थी। मदनापुर थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी मृतक के परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान श्री हत्याकांड में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव ऊनकला निवासी कृष्णपाल ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 29 जून की रात 9 बजे गांव का अजनफर खां व कम्यूम खां उसके घर पर आए। उसकी पत्नी भगवान श्री को पकड़कर अपने साथ ले गए।

10 जून को वह खटीमा में धान लगाने के लिए गया था। उसके बच्चे घर पर थे और बच्चों ने रोकने का प्रयास किया था। आरोपी अजनफर व क्यूम खां और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पत्नी की हत्या कर दी। 30 जून को उसकी पत्नी का शव गांव के बाहर एक बाग में मिला था। दोनों आरोपी उसके घर आते-ताते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस ने एक आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# गुत्थी उलझी, घटनास्थल पर नहीं मिले खून के निशान

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** अपूर्व की हत्या ने पुलिस और परिजन दोनों के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटनास्थल की जांच करने पहुंची पुलिस को न तो घटनास्थल पर और न ही मृतक के घर के पास खून के कोई निशान मिले। पुलिस ने हत्या को लेकर गांव में पूछताछ भी की। कई साक्ष्य एकत्र करने के प्रयास किए। पुलिस का कहना है कि हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए टीम गठित कर दी गई है।

मृतक के मामा प्रमोद मिश्रा ने बताया कि उनका गांव के ही रामपाल और प्रेमपाल के परिवार से लंबे समय से जमीनी विवाद चला आ रहा है। बीते वर्ष 15 अगस्त को अपूर्व का अपहरण कर बेल्ट और डंडों से बुरी तरह पीटा गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने तब मामला दर्ज किया था, लेकिन अब वह रंजिश खून-खराबे में बदल गई। अपूर्व की मां वंदना की मृत्यु कई वर्ष पहले बीमारी के चलते हो गई थी। तब से ही वह अपने मामा प्रमोद मिश्रा के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा था। इस समय वह विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। पुलिस ने फिलहाल कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि मामला संवेदनशील है, हर एंगल से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।


घटनास्थल पर पुलिस अधिकारियों के साथ जांच करते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

- **साल भर पहले भी हुआ था अपहरण और मारपीट**
- **गांव के दो लोगों से चल रहा था जमीन को लेकर विवाद**


रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

# हथौड़ा बुजुर्ग में कीटनाशक दवा छिड़कते समय किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हथौड़ा बुजुर्ग में खेत पर कीटनाशक दवा छिड़कते समय एक किसान बेहोश हो गया। परिवार वाले उसे बेहोशी की हालत राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा बुजुर्ग निवासी 45 वर्षीय अवनीश कुमार का गांव से 10 किलो मीटर दूर खेत है। बुधवार की सुबह साढ़े 10 बजे वह खेत गया। वह खेत पर फसल में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने लगा। कीटनाशक दवा छिड़काव करते समय उसकी तबीयत खराब हो गई और बेहोश हो गया। गांव वालों ने उसके घर पर सूचना दी।

परिवार वाले खेत पर पहुंचे और अवनीश को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने बताया कि अवनीश खेती करके पत्नी अर्चना और तीन बच्चों का पालन पोषण करते थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के परिजन।

- **बेहोश हुए अवनीश को मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित**

# स्मैक तस्कर को मिली 10 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **बरामद हुई थी 150 ग्राम स्मैक कोर्ट ने 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

**अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्र मोहन चतुर्वेदी की अदालत ने 150 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार हुए प्रमोद अंगुरिया को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 25 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर अतिरिक्त तीन माह का कारावास भुगतना होगा।

प्रमोद अंगुरिया निवासी मोहल्ला नवादा इन्देपुर, थाना कोतवाली को 23 दिसंबर 2022 की रात जिला अस्पताल पुलिया तिराहे पर गश्त कर रही पुलिस टीम ने संदिग्ध हालात में रोककर पकड़ा था। तलाशी में 150 ग्राम स्मैक बरामद की गई थी। पुलिस ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के सभी प्रावधानों का पालन करते हुए गिरफ्तारी और बरामदगी की कार्रवाई की थी। अभियोजन की ओर से पेश साक्ष्य और विवेचना में यह सिद्ध हुआ कि आरोपी के पास मिली स्मैक व्यावसायिक मात्रा से कम लेकिन न्यूनतम सीमा से अधिक थी, जो एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/22 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

विशेष लोक अभियोजक ने दलील दी कि यह गंभीर अपराध है और अभियुक्त के प्रति कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए। वहीं बचाव पक्ष ने अभियुक्त की गरीबी और पारिवारिक जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए नरमी की अपील की जिसे अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए नामंजूर कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियुक्त के पास मिली अवैध स्मैक की मात्रा और अपराध की प्रकृति को देखते हुए उसे कठोरतम दंड दिया जाना न्यायसंगत है। कोर्ट ने एनडीपीएस की धारा 8/22 (ख) के तहत अधिकतम सजा देते हुए यह भी आदेश दिया कि सजा के दौरान पहले से जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। कोर्ट ने बरामद माल राज्य सरकार के हक में जब्त करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्णय की प्रति जिला मजिस्ट्रेट को भेजने के निर्देश भी जारी किए।

### नोडल अधिकारी ने ट्रामा केयर का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चिकित्सा शिक्षा विभाग इमरजेंसी एंड ट्रामा सेंटर सर्विसेज के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. एलडी मिश्रा ने इमरजेंसी एवं ट्रामा केयर का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी में ओटीपी का निरीक्षण करके जानकारी की। उन्होंने मेडिकल कालेज में एक गेस्ट लेक्चर भी लिया। इसमें इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर में मरीज के चिकित्सा उपचार एवं प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार प्राचार्य, डॉ. नैपाल सिंह, डॉ. विभोर जैन, डॉ. अर्पणा पाण्डेय मौजूद रहे।

### झूठे मुकदमे में फंसाने की दी धमकी, शिकायत


कुर्रिया कला, अमृत विचार : क्षेत्र में गलत कब्जा दर्शा कर झूठे मुकदमे में फंसाने की फरियाद को लेकर थाना कांट क्षेत्र के ग्राम नगला बनवारी निवासी बड़े मुन्ना पुत्र भगवान सिंह ने सीओ सदर को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि पड़ोसी का लड़का झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी देता रहता है।


आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली व हल्द्वानी को
सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
अनुभवी को वरीयता ● फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं
योग्यता :- न्यूनतम स्नातक
नोटः- कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी होनी चाहिए
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9793602233
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# कांवड़ियों के स्वास्थ्य का ख्याल रखेगा जिला प्रशासन, किए इंतजाम

## कांवड़ रूट पर पड़ने वाले पंचायत घर और आयुष्मान मंदिर में रुकने की व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


गोला रूट पर जाते हुए कांवड़िए। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** 11 जुलाई से शुरू हो रहे पवित्र सावन माह में निकलने वाली कांवड़ यात्रा व कांवड़ियों को लेकर जिला प्रशासन व्यापक इंतजाम कर रहा है। फर्रुखाबाद से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जल चढ़ाने जाने वाले कांवड़ियों को जनपद की सीमा में किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसके लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने पहल की है।

जनपद में छह स्थानों पर जहां से कांवड़ियों का जत्था निकलता है उनमें जलालाबाद, ढ़ाईघाट, पिपरोला, बरेली मोड़, हथौड़ा चौराहा व पटना देवकली में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे। जिन पर आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी डॉक्टरों की टीम बैठकर कांवड़ियों व आमजन के स्वास्थ का ख्याल रखेगी। यह कैंप सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रोजाना संचालित होंगे। तीन शिफ्टों में डॉक्टरों की

- **सुबह 10 से शाम 6 बजे तक स्वास्थ्य शिविर में लगेगी डॉक्टरों की ड्यूटी**
- **पुलिस, स्वास्थ्य और विकास विभाग कांवड़ियों के लिए लगवा रहा जिले में 50 कैंप**

टीम यहां तैनात रहेगी। इसका रोस्टर भी तैयार करा लिया गया है। इसके साथ ही सीडीओ ने बताया कि पुलिस, स्वास्थ्य व विकास विभाग जो 50 कैंप कांवड़ियों के लिए लगा रहा है वहां पर पेयजल व्यवस्था व ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए भी डॉक्टरों की टीम लगाई जा रही है।

### 97 गांव में छुट्टा पशुओं के लिए बनेंगे बाड़े

सीडीओ ने बताया कि जनपद में ऐसे 97 गांव चिंहित किए गए, जोकि हाईवे किनारे बसे हुए हैं और यहां से कांवड़ियों का जत्था निकलता है। इन जगहों पर छुट्टा पशुओं की समस्या न हो इसके लिए बाड़े बनाने के लिए बीडीओ और सचिवों को लगया है। साथ ही साथ कांवड़ रूटों पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। इसके लिए भी ड्यूटी लगाई गई है। इन कार्यों में लापरवाही बरतने वाले बीडीओ और सचिवों पर एक्शन लिया जाएगा।

## लायन्स क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सरदार पटेल हिन्दू इंटर कॉलेज एवं लायन्स क्लब की ओर से एसपी कॉलेज के पुराना भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारम्भ भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबन्धक व एसपी कॉलेज प्रबन्धक राजीव खन्ना ने किया।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्त दान पुण्य का कार्य है। इससे जरूरतमंद लोगों की मदद होती है। प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर, प्रवक्ता राम सिंह, आरपी सिंह, विजय मस्ताना, मो. आदिल, सुनील कुमार, अक्षय सक्सेना, राजवीर सिंह, अर्पित शर्मा रमेशचन्द्र अनिल कुमार, शहजाद खां, राहुल सिंह, राजकुमार, सच्चिदानन्द नन्द गुप्ता, विमल कुमार, कर्मवीर सिंह, अनिकेत खन्ना रवि कुमार आदि ने रक्तदान में भाग लिया। इस अवसर पर लायन्स क्लब अध्यक्ष, संजय कपूर, सचिव गौरव मेहरोत्रा, चेयरपर्सन मयंक सेठ, छाया सक्सेना, अरविंद सिंह यादव, श्रवण कुमार, बीपी सिंह, मुदित सेठ, धर्मेन्द्र त्रिवेदी, अलका अरोरा, सुधा मेहरोत्रा, पदमा गुप्ता, मीनाक्षी कपूर, राजेश कपूर आदि रहे। पैथोलॉजी विभाग की ओर से डॉ. आयुष, डॉ. शोभा, आशा, शैलेंद्र, मनोज, विवेक ने रक्तदान शिविर में भूमिका निभाई।

# बकाया नहीं चुकाने पर लाखों की संपत्ति कुर्क


कुर्की की कार्रवाई करते एडीएम वित्त अरविंद कुमार। • अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने तहसील सदर के अंतर्गत मदनापुर और जरावन क्षेत्र में बड़े बकाएदारों की लाखों रुपये की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की है। उन्होंने कुर्क जमीन पर प्रशासन के लाल झंडे लगवाए और नीलामी कराने के निर्देश दिए हैं।

एडीएम ने बताया कि बड़े बकाएदारों ने बकाया धनराशि जमा करने के लिए कहा गया था। अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी इसके बाद भी बड़े बकाएदारों ने बकाया धनराशि

- **मदनापुर और जरावन क्षेत्र में बड़े बकाएदारों की संपत्ति कुर्क की**
- **अधिकारियों ने लाल झंडी लगवा निलामी करने के दिए निर्देश**

जमा नहीं की। गुरुवार को एडीएम राजस्व टीम के साथ मदनापुर और जरावन गांव पहुंचे।

उन्होंने बड़े बकाएदारों की संपत्ति कुर्क कर लाल झंडी लगवा दी और जल्द नीलामी कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान तहसीलदार सदर सत्येंद्र कटियार, नायब तहसीलदार कमलेश राजपूत, एसीआरए मंजीत कश्यप व बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# उद्योगों की समस्याएं दूर करने का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **विद्युत विभाग के अफसरों और आईआईए के बीच हुई बैठक**

**अमृत विचार :** जिले के उद्यमियों की विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर गुरुवार को बैठक अधीक्षण अभियंता जागेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चैप्टर के प्रतिनिधियों के साथ हुई।

पदाधिकारियों ने रोजा इंडस्ट्रियल एस्टेट, कांट रोड सहित कई क्षेत्रों में हो रही समस्याओं को विस्तार से रखा। कहा गया कि विद्युत बिल समय पर न मिलने से भुगतान करना कठिन हो जाता है। रोजा इंडस्ट्रियल एस्टेट में बार-बार ट्रिपिंग की समस्या होती है जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। पुराने कंपोजिट खंभों को हटाकर नए खंभे लगाने का सुझाव दिया ताकि विद्युत आपूर्ति सुरक्षित और स्थिर हो सके। नए औद्योगिक प्लॉटों तक बिजली पहुंचाने की मांग की गई जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिले। कांट रोड क्षेत्र में 11 हजार वोल्ट की एलटी लाइन से उत्पन्न बाधाओं के निराकरण की आवश्यकता बताया। बैठक में आईआईए की ओर से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, पूर्व चेप्टर चेयरमैन अभिनव ओमर, डिविजनल चेयरमैन गुरजीत सिंह मोंगा, कोषाध्यक्ष जय मोदी, अरुण अग्रवाल समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। अधीक्षण अभियंता जागेश कुमार ने आश्वस्त किया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी ताकि पारदर्शी और प्रभावी समन्वय बना रहे।

# श्रावण मास : जिले को पांच जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया

कार्यालय, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। पूरे सावन माह में विशेष रूप से शनिवार, रविवार व सोमवार को शांति व कानून व्यवस्था को जोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मजिस्ट्रेटों को दिशा निर्देश दिए कि अगर कांवड़ यात्रा संबंधित कोई समस्या आ रही है तो एडीएम प्रशासन एवं कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोल रूम नंबर 05842-2220017,2220019 पर सूचित करें। इसके साथ ही एडीएम प्रशासन नगर क्षेत्र एवं तहसील सदर, एडीएम वित्त, तहसील जलालाबाद व कलान तथा एडीएम न्यायिक पुवायां व तिलहर क्षेत्र के

- **कांवड़ियों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को लेकर लगाई ड्यूटियां**

| | |
|---|---|
| 05 | जोनल मजिस्ट्रेट |
| 17 | सेक्टर मजिस्ट्रेट |
| 33 | संवदेनशील प्वाइंट |

प्रभारी बनाए गए है। यह लोग इन जगहों पर कांवड़ यात्रा की मानीटरिंग करेगे। नगर मजिस्ट्रेट नगर क्षेत्र व संबधित एसडीएम भी अपनी अपनी तहसील क्षेत्र में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के जिम्मेदार बनाए गए हैं। डीएम ने बताया कि अधिकारियों, मजिस्ट्रेटों के साथ 9 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में ब्रीफिंग की जाएगी। डीपीओ गौरव मिश्रा, डीएसटीओ अनार सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डा.अरविंद



"डीएम के निर्देशन पर कांवड़ियों की सुरक्षा व व्यवस्थाएं दुरस्त रखने को सारी तैयारियां की जा रही है। जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटियां बांट दी गई और संवदेनशील प्वाइंट का चिंहाकन करवा लिया गया है। एक एक गतिविधियों पर जिला प्रशासन की पूरी नजर बनी हुई है।
– एडीएम प्रशासन **रजनीश कुमार मिश्रा**

कुमार, विपणन निरीक्षक शेखर मौर्य, आबकारी निरीक्षक गिरिजेश, अपर सांख्यिकीय अधिकारी सुरेंद्र कुमार, सहायक अभियंता उदय प्रताप, अवर अभियंता लोनिवि रामेश्वर दयाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अवर अभियंता नलकूप रामपाल समेत 15 मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गए हैं।

## करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि लखीमखीरी जिले के कस्बा मोहम्मदी के 42 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार को करंट लगने से मेडिकल कालेज में भती कराया गया था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। बिजली विभाग में संविदा कमी था। वह खंभे पर चढ़कर तार जोड़ रहा था और करंट लगने से झुलस गया था। उन्होंने बताया कि यह मामला मोहम्मदी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया।

# छापा मार जब्त की पानी की बोतल, वेंडर हो गए फरार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **रेलवे कर्मचारी ने वेंडरों को किराए पर दे रखा था आवास**
- **यात्रियों के लिए अवैध रूप से बनता जाता था खाना**

**अमृत विचार :** स्टेशन के सामने रेलवे आवास में अवैध रूप से वेंडर द्वारा खाना बनाए जाने को लेकर मंडल के अधिकारियों ने गुरुवार को आवास पर छापा मारा। इस दौरान वेंडर मौका पाकर भाग गए। अधिकारियों ने कमरे में लोकल कंपनी की पानी की बोतल और बिस्कुट के पैकेट बरामद किए। अधिकारियों ने बोतल जब्त कर ली। रेलवे कर्मचारी से सरकारी आवास खाली करा लिया।

रेलवे स्टेशन दक्षिण दिशा की तरफ स्टेशन कॉलोनी बनी है। यहां पर दो कर्मचारियों ने अपने सरकारी आवास को वेंडरों को किराए पर दे रखा था, जबकि इसकी जानकारी आरपीएफ को भी थी। वेंडर सरकारी आवास से खाने के पैकेट लेकर रेल लाइन पार करके प्लेटफार्म तीन पर लाकर बेचते थे। अधिकांश वेंडर रात को 9 बजे खाना का पैकेट बेचते थे, साथ ही रेल नीर के अलावा लोकल पानी की बोतल बेचते थे। जब कोई मंडल का अधिकारी आता था तो उस दिन कुछ समय के लिए खाना बनाना बंद कर दिया जाता था। अधिकारी के जाने के बाद सरकारी आवास में बनना शुरू हो जाता था। इसकी शिकायत मंडल के अधिकारियों से की गई थी। साथ ही इस खबर को अखबारों में प्रमुखता से छापा गया था। मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय अधिकारियों ने दोपहर को एक सरकारी आवास में छापा मारा। जहां लोकल पानी बोतल छह पेटी, तीन पेटी बिस्कुट के पैकेट, कुछ खाली डिब्बे मिले है। अधिकारियों ने कर्मचारी से पूछताछ की। बताते है कि वेंडरों को भनक लगी की छापा पड़ सकता है, वेंडरों ने सुबह ही खाना बनाने का बर्तन आदि को हटा लिया था। कर्मचारी से सरकारी आवास खाली करा लिया गया। अधिकारियों ने पानी को जब्त कर लिया।

### गंदगी के बीच बनाया जा रहा खाना

स्टॉल संचालकों के पास खाना बनाकर बेचने का लाइसेंस है। जिस जगह खाना बनता है वहां सफाई नहीं है। गंदगी के बीच संचालक खाना बनाते है। यही खाना ट्रेनों में वेंडर बेचते है। अधिकारियों ने निर्देश दिए थे कि खाना का पैकेट पर रेट, खाना पैक करने समय डाला जाए। किसी पैकेट पर रेट नहीं होता और न ही पैक पर तारीख पड़ी होती है और न ही खाना का नमूना लिया जाता है। खराब खाना के पैकेट को लेकर वेंडरों से यात्रियों से नोकझोंक होती है।

# भद्राशिला नदी की गौरवशाली धरोहरों में गिनती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


भद्राशिला नदी का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद की ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्ता वाली भद्राशिला नदी का डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। ग्रामीणों से पता चला कि इस नदी का उल्लेख पौराणिक कथाओं में मिलता है। यह नदी अपनी ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के कारण जनपद की गौरवशाली धरोहरों में गिनी जाती है।

डीएम ने बताया कि नदी लगभग 100 से 120 किलोमीटर की लंबाई में फैली है। नदी संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर विभागीय एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इससे प्राकृतिक धरोहर को पुनः उसकी पुरातन गरिमा में लाया जा सके। डीएम ने भद्राशिला तट पर सत्यनारायण भगवान की कथा, आरती में भी

- **भद्राशिला नदी का निरीक्षण कर डीएम ने पुनर्जीवन संभावनाओं पर किया विचार विमर्श**

सहभागिता की। डीएम ने कहा कि यदि इन चिन्हित बिंदुओं पर योजनाबद्ध कार्रवाई की जाए तो भद्राशिला नदी का पुनर्जीवन संभव है। उन्होंने निर्देशित किया है कि यात्रा से पूर्व सभी स्थलों की भौगोलिक, तकनीकी व पर्यावरणीय रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

### यहां से गुजरती है नदी

राहदेव गौटिया बाली झाल मदनापुर गुलौलाखेड़ा कांट, नारायणपुर पट्टी करमु कांट, सरैया मोड़ मंदिर कांट, मोहनपुर पुलिया कांट, मदरौली प्रतापपुर बीच की पुलिया मदनापुर , चड़्यूरा बहादुरपुर एवं खाईखेड़ा मदनापुर क्षेत्र, रूपापुर जलालाबाद क्षेत्र, कोलाघाट रोड स्थित त्रिवेणी संगम स्थल जहां बहगुल, रामगंगा और भद्राशिला नदियां मिलती हैं।

# कौशांबी और प्रयागराज की घटनाओं की हो निष्पक्ष जांच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नेतृत्व में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।ज्ञापन में बताया गरीबों के बच्चों को सरकार के स्कूलों में शिक्षा मिलना अनिवार्य है, इसलिए तत्काल ही स्कूल बंद करने के निर्णय को वापस लिया जाए। कौशांबी के लोहदा गांव थाना सैनी में आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और प्रयागराज के इसौटा गांव थाना करछना में व्यक्ति को जिंदा जलाकर मार देने की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की। करछना में सुनील कुमार गौतम की मृत्यु हो जाने समेत सभी घटनाओं की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मंडल प्रभारी महेश सागर, जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, गुड्डू वर्मा आदि रहे।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते आजाद समाज पार्टी काशीराम के पदाधिकारी।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के निदेशकों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मालवीय अध्यापक आवास गृह पर धरना दोपहर 12 बजे।
- किसानों की समस्या को लेकर कैंप कार्यालय पर भाकियू की मासिक बैठक सुबह 11 बजे।

# निरीक्षण में तहसीलदार को गोशालाओं में मिली खामियां

संवाददाता, बिल्सी

- गढ़ी खानपुर में पशुओं की हालत कमजोर,हरा चारा नहीं मिला

**अमृत विचार:** नवागत तहसीलदार प्रभा सिंह ने तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर पिनौनी समेत तीन गोशालाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्हें निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में अव्यवस्थाएं मिली। जिस पर केयर टेकर के प्रति नाराजगी जताई। प्रधानों को गौशालाओं में सुधार के निर्देश दिए।

तहसीलदार ने सबसे पहले नूरपुर पिनौनी की गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यहां करीब 350 गोवंश गौशाला में मिले। मगर परिसर में पर्याप्त सफाई न होने पर संचालक को फटकार लगाई। और साफ सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने गढ़ी खानपुर की गौशाला को देखा। यहां मात्र 15 गोवंश थे। यहां गोवंशों को हरा चारा, भूसे और पानी की व्यवस्था की जांच की। जिसमें हरा चारा न मिलने से पशुओं की हालत काफी कमजोर मिली। सैफुल्ला गंज की गौशाला में कुल 50 पशु मिले। यहां भी हरा चारा तथा साफ-सफाई न मिलने पर जमकर फटकार लगाते हुए संचालकों को निर्देश दिए। तहसीलदार ने पशु चिकित्साधिकारी से गोवंश के स्वास्थ्य की नियमित जांच को कहा।

### छोटी जोत के किसानों को मेड़ पर फसल उगाने के लिए कृषि विभाग कर रहा प्रेरित

# मेड़ों पर अरहर की खेती से बढ़ेगी छोटे किसानों की आमदनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत कृषि विभाग अब किसानों को खेतों की मेड़ों पर अरहर की बुवाई के लिए प्रेरित कर रहा है। यह प्रयास खासकर गंगा किनारे बसे गांवों के किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है, जहां अक्सर मिट्टी का कटाव और जल क्षरण की समस्या रहती है। मेड़ों पर अरहर और उड़द जैसी फसलों की खेती किसानों के लिए कम लागत में अधिक लाभ का जरिया बन सकती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन और भूमि सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


अरहर का खेत।

जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने बताया कि सीमित भूमि वाले किसानों के लिए एक ही खेत से अधिक लाभ लेना चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में खेत की मेड़ों पर अरहर और उड़द जैसी फसलें उगाकर किसान अपनी अतिरिक्त आमदनी बढ़ा सकते हैं। यह खेती न केवल अतिरिक्त उपज देगी, बल्कि खेत की मेड़ों को मजबूत कर कटाव रोकने में भी मदद करेगी।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को गोष्ठियों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अरहर की बुवाई के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस विधि से खेतों में पानी की खपत भी कम होगी और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनी रहेगी।

- गंगा किनारे के गांवों को विशेष लाभ,मिट्टी का कटाव रुकेगा, जल संरक्षण में मिलेगी मदद

### इस तरह करें मेड़ों पर अरहर की खेती

जिला कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि मेड़ों पर अरहर फसल की सफल बुवाई के लिए किसान निम्नलिखित विधि अपनाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस विधि से जल निकासी बेहतर होगी और पौधों में सड़न से बचाव होगा। उन्होंने बताया कि मानसून का यह मौसम अरहर की बुवाई के लिए उपयुक्त है और किसान अभी से इसकी शुरुआत कर सकते हैं।

- मेड़ों की ऊँचाई 30-45 सेमी और चौड़ाई 45-60 सेमी रखें।
- खेत के ऊपरी हिस्से को समतल करें ताकि बीज बोने में आसानी हो।
- दो मेड़ों के बीच 2-3 मीटर की दूरी रखें, जिससे पौधों को फैलने की जगह मिले।
- प्रति हेक्टेयर 12-15 किग्रा बीज का उपयोग करें।
- बीज को 2-3 सेमी गहराई में बोकर हल्की मिट्टी से ढकें।
- प्रति हेक्टेयर 5 से 10 टन गोबर की खाद का छिड़काव करें।

## गायब बच्ची को पुलिस ने एक घंटे में किया बरामद

**बिल्सी ,अमृत विचार:** नगर के एक मोहल्ला निवासी 10 वर्षीय बच्ची अचानक से घर से गायब हो गई। उसके गुम जाने पर परिवारजनों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने बच्ची की खोजबीन शुरू कर दी। एक घंटे के बाद बच्ची पुलिस को मिल गई। जिसे परिवार के लोगों को सौंप दिया। एसआई मोहित कुमार नैन ने बताया कि नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि उनकी 10 वर्षीय नातिन अचानक से गायब हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। करीब बाद एक घंटे के अंदर बच्ची नगर के खैरी बस स्टैंड के निकट एक स्थान पर रोती हुई मिली। बच्ची को पुलिस ने बरामद उसके परिवार के लोगों को सौंप दिया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने पुलिस का आभार जताया है।

# पीएम आवास लाभार्थी महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

### जिले में 32848 महिलाओं को मिला है पीएम आवास का लाभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- समूह से जोड़ी जाएंगी पीएम आवास का लाभ लेने वाली महिलाएं , स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया जा रहा कदम

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं को अब स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 32,848 महिलाओं को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। इन महिलाओं की वार्षिक आय करीब 25 से 50 हजार रुपये के बीच है। बीते तीन महीनों से चल रहे इस अभियान में अब तक लगभग 2,000 महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जा चुका है।

### महिलाओं को बनाया जाएगा लखपति

एनआरएलएम का लक्ष्य है कि समूह से जुड़ने वाली महिलाओं की वार्षिक आय कम से कम 1 लाख रुपये तक पहुँचाई जाए। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। स्थानीय उत्पाद, हथकरघा, पशुपालन, सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में उन्हें स्वरोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं। उपायुक्त एनआरएलएम के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य सिर्फ आवास देना नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण को ज़मीनी स्तर पर लागू करना है।

> पीएम आवास योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जा रहा है। अब तक करीब दो हजार महिलाएं समूहों से जुड़ चुकी हैं। इन्हें प्रशिक्षण, ऋण और संसाधन दिए जा रहे हैं ताकि इनकी आय बढ़े। हमारा लक्ष्य है कि हर महिला की वार्षिक आय कम से कम एक लाख रुपये तक पहुंचे।
> — **बृजेश कुमार शुक्ला**, उपायुक्त, एनआरएलएम

इन समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार की जानकारी, और ब्याज रहित ऋण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं, जिससे वे कुटीर उद्योग, स्थानीय उत्पाद निर्माण एवं विपणन जैसी गतिविधियों में सक्रिय हो सकें।

## अक्टूबर से 2369 रुपये प्रति कुंतल होगी धान खरीद

**बदायूं,अमृत विचार:** खरीफ सीजन शुरू हो गया है। किसान धान की रोपाई करने में जुटे हुए हैं। धान रोपाई के साथ खरीद की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। एक अक्टूबर से शुरू होने वाली धान खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया खाद्य विपणन विभाग ने शुरू कर दी है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ठ ने बताया कि शासन की ओर से धान खरीद की समय सारिणी जारी कर दी है। एक अक्टूबर से धान की खरीद होगी। समर्थन मूल्य भी निर्धारित कर दिया है। कॉमन धान 2369 रुपए प्रति कुंतल और ग्रेड ए धान 2389 रुपए प्रति कुंतल समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। धान बिक्री के लिए किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। किसान किसी जनसेवा केन्द्र या स्वयं से सरकार द्वारा विकसित पोर्टल fcs.up.gov.in पर अपना कृषक पंजीकरण करा सकते हैं।

# इमरजेंसी सेवाएं प्रभावी बनाने की जरूरत, कोरोना वार्ड को रखें तैयार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


राजकीय मेडिकल कालेज में रजिस्टर चेक करते डा. एलडी मिश्रा।

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. एल.डी. मिश्रा ने किया निरीक्षण
- आपातकालीन सेवाओं की सराहना, सफाई और व्यवहार पर दिए अहम निर्देश

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज की आपातकालीन सेवाओं और व्यवस्थाओं का प्रदेश स्तर के स्टेट नोडल अधिकारी, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा विभाग के डॉ. एल.डी. मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी विभाग की कार्यप्रणाली, चिकित्सीय सुविधाओं, उपकरणों की स्थिति एवं स्टाफ की तत्परता का गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. मिश्रा ने बाहर से आने वाले मरीजों के लिए वाहनों का मार्ग साफ-सुथरा रखने, ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों को मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाने तथा अस्पताल परिसर की नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कोरोना वार्ड को पूरी तरह से तैयार रखने का सुझाव भी दिया।

निरीक्षण के उपरांत डॉ. मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि, आपातकालीन सेवाएं मरीजों को शीघ्र एवं समुचित इलाज प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इन्हें और अधिक प्रभावी और सुगठित बनाए जाने की आवश्यकता है, जिससे जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि, इमरजेंसी एवं ट्रॉमा यूनिट में कार्यरत आकस्मिक चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है ताकि गंभीर अवस्था में भी मरीजों को समय पर एवं मानवीय दृष्टिकोण से उपचार मिल सके। निरीक्षण के समय प्रमुख अधीक्षक डॉ. अर्शिया मसूद सिद्दीकी, डॉ. रितुज अग्रवाल, डॉ. मुकत्याज हुसैन, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, सीनियर व जूनियर रेजीडेंट, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी एवं अन्य सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

# अब कम होने लगा गंगा का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


उसहैत के भुंडी गांव के पास बहती गंगा। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों ने ली राहत की सांस,खेती का काम शुरू
- नरौरा से छोड़ा गया 42 हजार क्यूसेक पानी और कम होने की संभावना

**अमृत विचार :** दो दिन लगातार गंगा का जलस्तर बढ़ने के बाद गुरुवार को काफी कम हो गया। जिससे तटवर्ती ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। आज नरौरा से 42 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो गंगा की पतली धार में बह रहा है।

पिछले दो दिन तक नरौरा से एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया जिससे गंगा में अचानक उफान आ गया। सहसवान के महावा नदी ऊपर तक आ गयी। कछला गंगा में पानी की हलचल देख स्थानीय लोग घबरा गए। उसहैत के भुंडी और सखतपुर पर गंगा का रौद्र रूप देख वहां के लोगों में खलबली मच गयी। लेकिन गुरुवार को नरौरा से मात्र 42 हजार 162 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिसके बाद गंगा उसी जगह पर पहुंच गयी। अब आज सुबह से गंगा में पतली धार में पानी बह रहा है। हालांकि अभी जलस्तर स्थिर होने की बात कही जा रही है। बाढ़ खंड का कहना है कि पहाड़ों पर जब बारिश अधिक होती है तो हरिद्वार और बिजनौर डैम में पानी बढ़ जाता है। उसके बाद नरौरा बैराज को पानी छोड़ दिया जाता है। नरौरा बैराज में पानी अधिक होने पर गंगा में डिस्चार्ज किया जाता है। लेकिन दो दिन से पहाड़ों पर बारिश धीमी हो रही है। मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश देखने को मिल रही है। इसलिए नरौरा बैराज से पानी कम हो रहा है।

संभावना व्यक्त की जा रही है कि नरौरा से अब 30 से 40 हजार क्यूसेक पानी अगले तीन चार दिन तक छोड़ा जाएगा। तटवर्ती इलाकों में अब स्थिति सामान्य है।

> नरौरा बैराज से आज मात्र 42 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो पिछले दिनों की तुलना में काफी कम है। तटवर्ती इलाकों में कोई खतरा नहीं है। कुछ दिन तक पानी कम आने की संभावना है।
> **-नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

बाढ़ का खतरा फिलहाल नहीं है। कछला गंगा घाट पर पुलिस को लगाया गया है जिससे गंगा किनारे अधिक भीड़ न जुटे। बारिश का मौसम है किसी समय भी जलस्तर बढ़ सकता है। इसलिए गंगा के किनारे दुकान करने वालों को पन्द्रह दिन पहले ही हटा दिया गया है। गंगा स्नान करने वालों को हिदायत दी गयी है कि गहरे में अंदर न जाएं।

# कभी बादल, कभी बारिश और धूप वाला रहा मौसम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मौसम की अठखेलियों के कारण वातावरण में रही उमस, लोगों का निकला पसीना

**अमृत विचार:** गुरुवार को मौसम की अठखेलियां देखने को मिली। कभी धूप, कभी बारिश तो कभी आसमान में काले बादल मंडराते दिखे। कई बार मौसम में हुए बदलाव की वजह से उमस बढ़ गई। जिससे लोग पसीना, पसीना होते रहे। कृषि विभाग शुक्रवार को गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जता रहा है।

सुबह के समय बादल छाए रहने से गर्मी का अहसास नहीं हुआ, इसके बाद धूप निकल आई तो ऐसा लगा कि मौसम खुल गया। हालांकि, बादलों की आवाजाही से धूप-छांव की स्थिति बनी रही। दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक बादल छा गए और बरसात शुरू हो गई। करीब 10 मिनट की बरसात के बाद फिर धूप निकल आई, इससे उमस भरी गर्मी बढ़ गई। उमस से लोगों को परेशानी हुई। वहीं, मानसून आने के बाद कई दिनों से कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर रुक-रुक कर जारी रहने के चलते धान की रोपाई का काम तेजी पकड़ गया है। किसान धान की रोपाई में में किसान जुटे हुए हैं। इस बार धान की पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी शुक्रवार को गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना जता रहे हैं।


बारिश में छाता लेकर जाती महिला। ● अमृत विचार

## आम महोत्सव में प्रतिभाग कर सकेंगे किसान

- लखनऊ में 4 से 6 तक महोत्सव में हुस्नआरा समेत कई प्रजातियां होगी

**बदायूं, अमृत विचार:** सुनील कुमार जिला उद्यान अधिकारी ने लखनऊ के आम महोत्सव का आयोजन हो रहा है। चार जुलाई से शुरू होने वाला महोत्सव छह तारीख तक जारी रहेगा। महोत्सव में दशहरी, लंगड़ा, मल्लिका, चौसा, हुस्नआरा आदि सहित अन्य प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस महोत्सव में जिले के किसान प्रदर्शनी लगा सकते हैं। प्रदर्शनी उद्यान विभाग के माध्यम से लगेगी। गुणवत्तायुक्त, उत्कृष्ट, आम को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

## 6 जुलाई को शोध सर्वेक्षण का मूल्यांकन

**बदायूं,अमृत विचार :** एम ए राजनीति विज्ञान से शोध कर रहे द्वितीय सेमेस्टर का मूल्यांकन छह जुलाई को होगा। मूल्यांकन बाह्य परीक्षक द्वारा के द्वारा किया जाएगा। जानकारी देते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने बताया है कि शोध करने वाले द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों का मूल्यांकन में उपस्थित रहना अनिवार्य है। जिसमें बाह्य परीक्षक द्वारा 70 अंक एवं आंतरिक परीक्षक द्वारा 30 अंक अर्थात कुल 100 अंक की परीक्षा संपन्न होगी।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- न्यायाधीश ने दोषी पर लगाया 1.20 लाख रुपय जुर्माना पीड़िता को दी जाएगी धनराशि

**अमृत विचार :** किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कक्ष संख्या 2 नीरज कुमार गर्ग ने 20 साल के कारावास और एक लाख 20 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना इस्लामनगर में 6 जुलाई 2023 को तहरीर देकर बताया था कि रात लगभग दो बजे उनकी 15 साल की बेटी घर पर बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला था। उनके परिचितों ने बताया कि घलेंद्र उर्फ घनेंद्र पुत्र नारायन यादव, देवेंद्र पुत्र नारायन की सलाह से बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। परिजनों ने तलाश तेज की लेकिन कहीं भी जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने 9 सितंबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज करके तलाश शुरू की। उनकी बेटी को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि घनेंद्र उसे नोएडा ले गया था। जहां एक कमरे में रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

सुविधा का लाभ नहीं

### सरकारी सुविधा का लाभ लेने में प्रसूताएं हो रहीं परेशान

# जिला महिला अस्पताल : प्रसव के बाद घंटों एम्बुलेंस का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अस्पताल से छुट्टी करा कर घर जाने को परेशान रहीं महिलाएं
- एम्बुलेंस की कमी से जूझ रहा जिला महिला अस्पताल

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में प्रसव के बाद घर लौटने के लिए घंटों तक एम्बुलेंस का इंतजार करना प्रसूताओं और उनके परिजनों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। सरकार की मंशा प्रसव के बाद माताओं को सुरक्षित घर तक पहुंचाने की है, लेकिन ज़मीनी स्तर पर व्यवस्थाएं इस मंशा पर खरी नहीं उतर रही हैं।

हर दिन दर्जनों प्रसव होने वाले इस अस्पताल में प्रसव के 36 घंटे बाद प्रसूताओं को सरकारी एम्बुलेंस से घर भेजने की सुविधा दी जाती है। मगर हालात यह हैं कि कई बार दो-दो घंटे तक महिलाओं को एम्बुलेंस नहीं मिलती।

**एम्बुलेंस में सेटिंग का आरोप प्राइवेट वाहनों का चल रहा खेल**

: अस्पताल से जुड़े सूत्रों का आरोप है कि कई बार प्रसूताओं को प्राइवेट एम्बुलेंस से भेजा जाता है, जिसके पीछे एम्बुलेंस चालकों और निजी वाहन मालिकों के बीच ''सेटिंग'' का खेल चलता है। कमीशन के चक्कर में सरकारी एम्बुलेंस उपलब्ध होने के बावजूद प्रसूताओं को निजी वाहनों में भेजा जाता है, जिससे गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है।


एम्बुलेंस का इंतजार कर रहीं प्रसूताएं। ● अमृत विचार

> महिला अस्पताल में एम्बुलेंस पर्याप्त हैं। कभी-कभी गाड़ियाँ बाहर होती हैं, जिससे कुछ देर इंतजार करना पड़ता है। किसी को निजी एम्बुलेंस से नहीं जाने दिया जाता। कॉल करने के बाद 10-20 मिनट में एम्बुलेंस उपलब्ध हो जाती है। यह व्यवस्था लखनऊ से कनेक्टेड है। — **डॉ. इंदु कांत वर्मा**, सीएमएस, महिला अस्पताल

### ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को हो रही दिक्कत

ब्लॉक अम्बियापुर के गांव सिरसौली निवासी शीतल को 1 जुलाई को प्रसव के बाद गुरुवार को छुट्टी दी गई। सुबह 10 बजे वह परिजनों के साथ नीचे हॉल में आकर एम्बुलेंस का इंतजार करती रही। करीब दो घंटे बाद 12 बजे कहीं जाकर एम्बुलेंस पहुंची। इसी तरह पड़ौआ गांव की प्रेमवती को भी 1 जुलाई को प्रसव के बाद छुट्टी मिली, लेकिन उसे भी करीब दो घंटे तक एम्बुलेंस के इंतजार में बैठना पड़ा। परिजनों ने बताया कि कॉल कर दी गई थी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। एम्बुलेंस मिलने के बाद ही वे घर लौट सके।

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

खून के आंसू




हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# स्कूलों के विलय के खिलाफ शिक्षकों में आक्रोश

## शिक्षक संघ की छह विकास क्षेत्रों में हुई सभाएं, बैठक करके जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के विलय के खिलाफ शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों और शिक्षा से जुड़े अन्य वर्गों में गहरा रोष व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को जिले के छह विकास क्षेत्रों में शिक्षकों की बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें सरकार के इस निर्णय का विरोध किया गया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जनप्रतिनिधियों को सौंपे गए। शिक्षकों और अभिभावकों का स्पष्ट मत है कि विद्यालयों का यह विलय शिक्षा के मूलभूत अधिकार पर कुठाराघात है।

शिक्षक संघ की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। अब पहले से निर्धारित 4 जुलाई की बजाय 6 जुलाई को मुख्यालय स्थित मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके उपरांत सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें विद्यालयों के विलय का आदेश वापस लेने की मांग की जाएगी।



परिषदीय विद्यालयों के विलय के संबंध बैठक करते शिक्षक। • अमृत विचार



बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। • अमृत विचार

### यह हैं विरोध के प्रमुख बिंदु

- शिक्षकों ने कहा कि विद्यालयों का विलय बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुंच को और कठिन बना देगा।
- इससे छात्रों को दूरस्थ विद्यालयों में जाना पड़ेगा, जिससे ड्रॉपआउट की संभावना बढ़ेगी।
- साथ ही शिक्षकों के स्थानांतरण और पद समाप्ति का संकट उत्पन्न हो जाएगा।
- रसोइयों और सहायक स्टाफ की सेवाएं भी समाप्त हो सकती हैं।

- **मुख्यालय पर छह जुलाई को किया जाएगा शिक्षक-शिक्षिकाओं का कार्यक्रम**

विलय से बढ़ेगी शिक्षा की दूरी, हजारों पदों पर खतरा

विकास क्षेत्र बिसौली, आसफपुर, वजीरगंज और इस्लामनगर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ रसोइया, शिक्षामित्र, ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों ने ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर एकत्र होकर सरकार के फैसले के विरोध में सभा की।

ब्लॉक अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय ने कहा कि यह निर्णय सरकार की शिक्षक विरोधी मंशा को दर्शाता है। मंत्री अनुज शर्मा ने इसे संविधान प्रदत्त निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार का उल्लंघन बताया।

कोषाध्यक्ष शोभित यादव ने कहा कि इससे गांवों में शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा।



पूर्व विधायक ओमकार सिंह को ज्ञापन देते सहसवान व दहगवां के शिक्षक

### पूर्व विधायक को भी सौंपा गया ज्ञापन

दहगवां और सहसवान के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहसवान के पूर्व विधायक व पूर्व राज्यमंत्री ओमकार सिंह को भी ज्ञापन सौंपा और विद्यालयों के विलय पर चिंता जताई।

# 203 शिक्षकों का गैर जनपद में हुआ स्थानांतरण

**बदायूं, अमृत विचार:** स्वेच्छा से अन्तः जनपदीय स्थानांतरण एवं समायोजन नीति के तहत 203 बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का स्थानांतरण उनके गृह जनपद में हुआ है। जिसकी सूची शासन स्तर से जारी हो गई है। इन शिक्षकों को 12 जुलाई तक कार्यमुक्त किया जाना है। सूची जारी होने के बाद बीएसए ने सभी बीईओ को स्थानांतरण पाने वाले शिक्षकों को कार्यमुक्त करने के आदेश दिए हैं। जिले में आने वाले शिक्षकों की सूची अभी नहीं आई है।

स्वेच्छा से अंतरजनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया स्थानांतरण पाने वाले शिक्षकों की बेसिक शिक्षा सचिव द्वारा सूची जारी की है। जिसमें 203 शिक्षकों का नाम सूची में शामिल हैं। इन शिक्षकों को उनके गृह जनपद स्थानांतरण किया गया है। सूची जारी होने के बाद सचिव ने बीएसए को 12 जून तक शिक्षकों को कार्य मुक्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिए हैं कि जिस स्कूल में एकल शिक्षक कार्यरत हैं। और जहां छात्र अनुपात गड़बड़ा रहा है। उन स्कूलों के शिक्षकों को कार्यमुक्त न किया जाएगा। बीएसए वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वेच्छा से स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत 203 शिक्षकों का ट्रांसफर हुआ है। सभी को कार्यमुक्त करने का आदेश दे दिया है।

# जिले के माध्यमिक शिक्षकों ने किया ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** ग्रीष्मावकाश के बाद माध्यमिक विद्यालयों में एक जुलाई से पठन-पाठन शुरू हो चुका है। इसी के साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह की ओर से नया आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत अब कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति प्रतिदिन ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।

इस आदेश के लागू होते ही शिक्षकों में असंतोष फैल गया है।

शिक्षक संघ ने ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली का विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक विद्यालयों में आवश्यक तकनीकी संसाधन जैसे बिजली, इंटरनेट, कंप्यूटर और प्रशिक्षित कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं है।

शिक्षकों को न सिर्फ बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करनी होगी, बल्कि उसकी हार्ड कॉपी भी शासन को भेजनी होगी। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग का एक विशेष ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध कराया गया है, जिसे डाउनलोड कर लॉगिन के बाद उपस्थिति दर्ज करनी होगी।

### शिक्षक संघ ने दी चेतावनी

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देशराज सिंह ने कहा कि अधिकतर राजकीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जहाँ बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। बिजली, इंटरनेट, मोबाइल नेटवर्क और वाई-फाई जैसी मूलभूत आवश्यकताएं ही नहीं हैं। अधिकांश स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षक भी नियुक्त नहीं हैं, जबकि पद सृजित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक संसाधन मुहैया नहीं कराए जाते, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति लागू नहीं की जा सकती। शिक्षक संघ ने आगामी दिनों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

- **स्कूलों में संसाधनों के बिना ऑनलाइन अटेंडेंस लागू करना मुश्किल : शिक्षक संघ**
- **बायोमेट्रिक और एप से हुई उपस्थिति की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी शासन को भेजेंगे**

"ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश प्राथमिकता में रहेगा। किन स्कूलों में व्यवस्था लागू हो रही है और कहां नहीं, इसका निरीक्षण किया जाएगा। आदेशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।
-**लालजी यादव**, डीआईओएस

# कांग्रेस पार्टी ने भी जताया विरोध



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में 140 परिषदीय स्कूलों को मर्ज कर दिया गया है। इसका कांग्रेस पार्टी ने विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

अंबेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और ओमकार सिंह और मुन्नालाल सागर का कहना था कि एक तरफ सरकार शिक्षा के अधिकार की बात करती है, और दूसरी तरफ स्कूलों का अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है। स्कूलों को खत्म करने से छात्रों के सामने शिक्षा का संकट उत्पन्न हो गया है। कई गांवों में स्कूल बंद हो गये हैं और वहां ग्रामीण बच्चों को दूर के स्कूल में नहीं भेज रहे हैं।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा कि पढ़ने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को तो शिक्षा की समस्या खड़ी हो ही गई है

जो अध्यापक उन स्कूलों में पढ़ाते थे उनके सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मोहसिन खान, वसीम अहमद, श्याम कुमार सिंह, जाहिद खान, नरेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार आदि रहे।

- **जिले में 140 स्कूलों को किया गया है मर्ज, नजदीक स्कूल में पढ़ाई करेंगे शिक्षक**
- **राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा**

## पदाधिकारियों का शपथ कार्यक्रम आज

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंजूरी दे दी है।

पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने बताया कि जिला कमेटी को मंजूरी मिलने के बाद कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। जिला व नगर के पदाधिकारियों का संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण समारोह उझानी मार्ग स्थित सिंह गार्डन में चार जुलाई को दोपहर दो बजे से होगा।

# बढ़ने लगे टाइफाइड के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** हल्की बारिश के बीच बुखार टाइफाइड के मरीजों की संख्या में अचानक तेजी आयी है। बुखार के मरीज लाइन लगा कर दवा ले रहे हैं। टाइफाइड के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

पिछले चार दिन से हल्की बारिश के बीच गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है। बुखार और टाइफाइड के मरीज फिर से बढ़ने लगे हैं। गुरुवार को बुखार के 157 मरीजों को देखा गया जबकि 21 टाइफाइड के मरीजों को दवा दी गयी। इसके अलावा अन्य मरीजों ने अलग अलग ओपीडी में डॉक्टरों को दिखा कर दवा ली। बुखार पीड़ितों का कहना है कि तेज बुखार आता है जिससे कमजोरी प्रतीत होती है। दवा लेने के बाद भी आराम नहीं मिलता है। कई मरीज पन्द्रह पन्द्रह दिन से दवा ले रहे हैं। तेज गर्मी के चलते छोटे बच्चों की हालत बिगड़ रही है। उन्हे परिजन दवा दिलाने को जिला अस्पताल ला रहे हैं। गर्मी और उमस में दाद खुजली के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। आज करीब 106 खुजली के मरीजों को दवा दी गयी।



लाइन में लगे बुखार और टाइफाइड के मरीज • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जिला संयोजक नमन और सह सहयोजक बने आशीष





बदायूं, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्रज प्रांत के प्रांतीय अभ्यास वर्ग में जिले प्रमुख दायित्वों की घोषणा हुई। संगठनात्मक रूप से जिला घोषित हुए सहसवान से नमन गुप्ता को जिला संयोजक और परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष देव व राजीव सिंह को जिला सह संयोजक मनोनीत किया गया है। मैनपुरी में हुए चार दिवसीय अभ्यास वर्ग में संगठन को गति देने के लिए विभिन्न प्रकार के सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। नवनियुक्त जिला संयोजक नमन गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। जिला सह संयोजक ने विभिन्न शैक्षणिक व्यवस्था और सामाजिक कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने को आश्वासन दिया। राजीव सिंह ने कहा कि जिले के हर महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा के लिए सार्थक प्रयास करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष डॉ. सौरभ सेंगर व प्रदेश मंत्री अंकित पटेल ने लेखनी में उत्कृष्टता के लिए आशीष देव मिश्रा को सम्मानित किया गया।

### 11 जुलाई से कांग्रेस का आमरण अनशन का ऐलान



बदायूं, अमृत विचार : नगर पालिका उझानी का गंदा पानी रोकने को गुरुवार को 12 वें दिन भी कांग्रेस का क्रमिक अनशन जारी रहा। कांग्रेसियों ने ऐलान किया कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो 11 जुलाई से आमरण अनशन किया जाएगा। क्रमिक अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया गया। नगर पालिका उझानी का गंदा पानी नरऊ मिहीलाल नगला सहित कइ्र गांवों के खेतों में पहुंच रहा है। जिससे ग्रामीणों की फसलें नष्ट हो रही हैं। गंदा पानी रोकने को कांग्रेस ने आंदोलन शुरू कर दिया है। नरऊ गांव के निकट हाइवे पर क्रमिक अनशन पर लोग प्रतिदिन बैठ रहे हैं। गुरूवार को गांव के भगवान दास, नेपाल सिंह, मोहनलाल, योगेश कुमार सिंह, भगवान सिंह आदि लोग बैठे। पूर्व जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह, रामरतन पटेल, इगलास हुसैन ने जूस पिलाकर क्रमिक अनशन समाप्त कराया। क्रमिक अनशन कारियों के साथ योगेंद्र सिंह सोलंकी, कमल प्रताप, मुन्नालाल तेजेंद्र कश्यप बिरजू, संजीव कुमार, मनवीर सिंह, नेत्रपाल, विनीत छोटेलाल, विनोद कुमार, देवेंद्र सिंह अजब सिंह, अशोक कुमार, मुन्नी देवी विकास यादव, भूरे, मोहसिन, शैलेंद्र कुमार रामरतन पटेल, हुसैन, लोकेश गौड़ आदि रहे।

# गड्ढों में तब्दील हो गया मचलई मार्ग, ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दातागंज रोड से मचलई पस्तोर खैरपुर को जाने वाली दो किमी सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गयी है। बारिश का पानी सड़क पर भरा हुआ है जिससे ग्रामीणों को इधर उधर आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की मरम्मत कराने को सांसद और विधायक से कई बार फरियाद की गयी मगर किसी ने समस्या से निजात नहीं दिलाई।

जिला मुख्यालय से दातागंज को जाने वाली सड़क पर नया भट्ठा है। नए भट्ठे से खैरपुर, पस्तोर और मचलई को सड़क जाती है। दो किमी सड़क करीब बीस साल पहले बनाई गयी थी। उसके बाद सड़क से ही गांवों के लोग आते जाते रहे। इस सड़क से आने वाले ग्रामीण शहर और दातागंज हर दिन आते जाते हैं। दो किमी सड़क करीब पांच साल से टूटी पड़ी है। सड़क में जगह जगह कई गड्ढे हो गए हैं। सड़क पूरी तरह जर्जर है। बाइक, कार और स्कूटी निकालने में पसीने छूट जाते हैं। इसी सड़क से पस्तोर, खैरपुर, मचलई आदि गांवों के छात्र छात्राएं स्कूल आते जाते हैं। छात्राएं हर दिन गड्ढे में गिर कर चोटिल होती रहती हैं। बाइक चालक भी फिसल कर गड्ढे में गिरते हैं। कुछ दिन से बारिश हो रही है तो जगह जगह पानी भरा हुआ है। गांव तक जर्जर सड़क है। गांव के निकट नाले की तरह सड़क पर पानी भरा हुआ है। गांव की महिलाएं छोटे बच्चे रात को सड़क से नहीं गुजरते हैं। हादसे की आशंका बनी रहती है। खेतों पर काम करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक जगत पर कई बार खंड विकास अधिकारी को समस्या से अवगत कराया मगर उन्होने ध्यान नहीं दिया।

ग्राम मछलई निवासी शंकर और खैरपुर निवासी प्रवेन्द्र ने बताया कि सांसद आदित्य यादव लोक सभा चुनाव के समय जब वोट मांगने आए थे तो कई गांवों के ग्रामीणों ने इस सड़क की मरम्मत कराने की बात रखी थी। सांसद ने ग्रामीणों को भरोसा दिया था कि चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। इससे पहले सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता को भी उक्त समस्या बतायी गयी थी। लेकिन आज तक किसान ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। आज भी सड़क जर्जर स्थिति में है। करीब पचास हजार ग्रामीण हर दिन सड़क पर आते जाते हुए जान जोखिम में डालते हैं।

ग्रामीण अनाज से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली इधर से निकालते हैं तो जान हलक में रहती है। हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अब तक कई ट्रैक्टर ट्राली पलट चुके हैं।



मचलई खैरपुर पस्तोर मार्ग की हालत

## 6 तक मांग पूरी नहीं हुई तो काम बंद करेंगे सफाई कर्मचारी

**बिल्सी ,अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित की गई। जिसमें 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा हुई और ईओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने छह जुलाई तक मांगे पूरा न होने पर काम बंद हड़ताल करने की चेतावनी दी।

सफाई कर्मियों कहा कि पालिका प्रशासन ने समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा। सभी नियमित व संविदा सफाई कर्मचारियों को गर्म व ठंडी वर्दी वर्ष 2016 से आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। संविदा सफाई कर्मचारियों की पीएफ की धनराशि वेतन से कटौती कर ली गई है, परन्तु पीएफ खाता अभी तक नहीं खुलवाया गया है। एसीपी एरियर बन कर आ चुका है। लेकिन भुगतान नहीं किया गया है। जिसे जल्द किया जाए। नियमित सफाई कर्मचारियों का एनपीएस की कटौती वेतन से हर माह की जा रही है। इस मौके पर प्रीतम बाबू, मदन बाबू, श्याम बाबू, अनमोल, गुरवचन, राजकुमार, ललतेश, ममता, सोमेंद्र, अनिल, वीरपाल, लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े असलाह के बल पर सेल्समैन से 82 हजार की लूट

## पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध, मामले की कर रही जांच

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** रुपये जमा करने जा रहे शराब की दुकान के सेल्समैन के साथ बाइक सवार दो युवकों ने दिन दहाड़े लूटपाट की। असलाह के बल पर सेल्समैन से 82 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। सेल्समैन ने पुलिस को सूचना दी। दिन दहाड़े वारदात की वजह से लोगों में भय का माहौल है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।


घटना की जानकारी देता सेल्समैन।

- शराब डीलर को रुपये देने जाते समय रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने की वारदात

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला कटरा निवासी दीपू पुत्र निरंजन थाना इस्लामनगर क्षेत्र स्थित एक शराब की दुकान पर सेल्समैन थे। दोपहर को वह शराब के डीलर के कार्यालय में 82 हजार 723 रुपये देने के लिए बाइक से बिसौली जा रहे थे। करनपुर-बिसौली मार्ग पर उघैती थाना क्षेत्र के गांव गदगांव के पास पीछे से बाइक से आए दो लोगों ने उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर उनकी बाइक रुकवा ली और उनपर असलाह तान दिया। दीपू ने बदमाशों का विरोध किया तो बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। उनके पास रखा रुपये रखा बैग छीन लिया। कुछ राहगीरों ने घटना देखी तो पास जाने का प्रयास किया लेकिन इससे पहले ही बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

सेल्समैन ने पुलिस को सूचना दी। सीओ बिल्सी संजीव कुमार और उघैती के थाना प्रभारी कमलेश मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सेल्समैन से घटना के बारे में जानकारी करके उसके बयान दर्ज किए। बदमाशों के हुलिया के बारे में जानकारी की। इसके अलावा घटना के बारे में राहगीरों से भी पूछताछ की। इस मार्ग लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कराई गई। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी। मौका मुआयना किया गया था। मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल मामले की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बदायूं,अमृत विचार :** थाना सहसवान क्षेत्र के गांव याहियापुर निवासी वीरपाल (32) की शादी साल 2023 में सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लोची नगला निवासी युवती के साथ हुई थी। शादी में उनके गांव निवासी रामपाल बिचौलिया थे।

बताया जा रहा है कि वीरपाल पत्नी को विदा कराने के लिए अपनी ससुराल गए थे तो ससुरालीजनों ने उनकी मानसिक स्थिति खराब बताते हुए विदा करने से मना कर दिया था। इससे वीरपाल वापस लौट आए थे। उन्होंने शादी कराने वाले रामपाल से इसकी शिकायत की थी तो रामपाल और उनके साथियों ने वीरपाल को पीट दिया था। वह घायल हो गए थे। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उन्हें रेफर कर दिया। जहां कुछ दिन इलाज के बाद परिजन उन्हें वापस घर ले आए। घर पर उनकी मौत हो गई। परिजनों ने गांव के चार लोगों के मारपीट करने की वजह से मौत का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ।

# फर्जी मेडिकल रिपोर्ट मामले की दो दिन में होगी पूरी जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल प्रशासन शासन को भेजेगा रिपोर्ट
- मामले को दबाने का प्रयास डीएम की फटकार के बाद शुरू की जांच

**अमृत विचार :** वार्ड ब्यॉय द्वारा बनायी गयी फर्जी मेडिकल रिपोर्ट मामले की जांच दो दिन में पूरी कर शासन को भेज दी जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद वार्ड ब्यॉय की सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इस मामले को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई है जिससे अस्पताल प्रशासन परेशान है। अस्पताल के कुछ अन्य मामलों पर भी जवाब मांगा गया है।

थाना उघैती क्षेत्र के ग्राम भोयस निवासी प्रशांत शर्मा ने डिप्टी सीएम वृजेश पाठक से शिकायत की थी कि जिला अस्पताल के वार्ड ब्यॉय दीक्षित कुमार कश्यप ने धनपाल नामक ग्रामीण की हड्डी का फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनवा दी । हड्डी को टूटा हुआ दिखाया गया है। इस मामले की जांच कराने की मांग के साथ ही दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार की गयी थी। डिप्टी सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया और पूरे प्रकरण कर जांच कराने को निर्देशित किया। जिस पर जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने बताया कि उक्त वार्ड ब्यॉय को निलंबित कर दिया गया है। जांच में यदि दोषी पाया जाता है तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

सूत्रों का कहना है कि जिला प्रशासन ने कुछ और मामलों की जानकारी मांगी है। यदि जानकारी नहीं दी गयी तो डीएम स्वयं जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सकते हैं। इस प्रकरण को लेकर जिला अस्पताल में गोपनीयता बरती जा रही है। जिला अस्पताल प्रशासन ने अपने कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि किसी तरह की जानकारी किसी से साझा न की जाए। उक्त प्रकरण को लेकर सीएमएस ने कई वार्ड ब्यॉय को वार्ड से हटा दिया है। एक्स रे रूम से बाहरी युवकों को हटा दिया गया है। बेहद सावधानी बरती जा रही है। अब कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है।

## अवैध कटान ने पकड़ा तूल, बरेली से जांच को पहुंचे अफसर

**बदायूं,अमृत विचार :** बिल्सी में नगर पालिका द्वारा कटवाए गए पेड़ों की शिकायत पर अब कार्यवाही शुरू हो चुकी है। जांच पड़ताल करने पहुंचे बरेली के चीफ कंजरवेटर ने कई स्थानों पर जांच पड़ताल की। जांच में पेड़ों को काटने वालों से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

पिछले दो माह पूर्व नगर पालिका परिषद ने कस्बे में कई हरे पेड़ कटवाए थे। इस मामले की शिकायत एक समिति ने वन विभाग के बरेली के अधिकारियों से की गई थी। उक्त शिकायत की जांच करने को पांच दिन पहले भी बरेली से एक अधिकारी बिल्सी पहुंचे थे। वह जांच कर उसी दिन चले गए। गुरुवार को बरेली से यहां पहुंचे चीफ कंजरवेटर ऑफ फारेस्ट ने जांच की तो 45 पेड़ों के कटने की पुष्टि हुई है। बाकी पेड़ों की संख्या कहीं अधिक होने की बात कही गयी है। जांच करने पहुंचे अधिकारी को स्थानीय लोगों ने अवैध कटान के बारे में पूरी जानकारी दी। अवैध कटान की जांच मामले में नगर पालिका प्रशासन अब फंसती नजर आ रही है। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह इस प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगा।

## युवक पर लाठी-डंडों से हमला पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते छह लोगों ने एक युवक को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायल की मां ने थाने पर जाकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने एसएसपी से शिकायत करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


घायल कल्लू ।

- खेत पर फसल सुखाने के दौरान लोगों ने लाठी-डंडे से किया था हमला

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर थरा निवासी कल्लू उर्फ सहबिज पुत्र बैसन अली मंगलवार को अपने खेत पर मक्का की फसल सुखा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते उनके गांव के तकरीबन आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और उनपर हमला कर दिया। कल्लू जान बचाकर बिनावर की ओर भागे। हमलावर भी उनके पीछे दौड़े। बिलहत मार्ग पर उन्हें जमकर पीटा और खून से लथपथ कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने लगी। भीड़ देखकर आरोपी अपनी गांव की ओर भाग गए। किसी ने घायल के परिजन और पुलिस को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को प्राइवेट एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। घायल की मां निकस्सो ने छह लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# प्लॉट आवंटित कराने के बाद भी नहीं लगाया उद्योग, नोटिस चस्पा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** उद्योग लगाने के लिए इंडस्ट्रीयल एरिया में प्लॉट आवंटित करवा लिया लेकिन 20 साल तक उस प्लॉट पर कोई उद्योग नहीं लगाया। सालों से चलता आ रही इस अव्यवस्था उस समय डीएम के सामने आई जब उन्होंने सालारपुर स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया के संबध में उद्यमियों के साथ बैठक की और जानकारी के बाद कार्रवाई के आदेश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि दो व्यापारियों ने वर्षों पहले प्लॉट आवंटन कराया लेकिन उस पर आज तक कोई उद्योग नहीं लगाया। डीएम ने प्लॉट खाली कराने के लिए टीम गठित की और प्लॉट खाली करने निर्देश संबधित को दिये लेकिन तय समय पर प्लॉट खाली नहीं हुआ तो गुरुवार को टीम ने पुलिस की मदद से प्लॉट पर कब्जा करते हुए नोटिस चस्पा कर दिया है।


नोटिस चस्पा कराने के दौरान मौजूद सीओ सिटी व प्रभारी निरीक्षक ।


कब्जा किए गए प्लॉट पर नोटिस चस्पा करता कर्मचारी।

- 20-साल पहले इंडस्ट्रीयल एरिया में प्लॉट आवंटित कराकर नहीं लगाया था उद्योग
- दो व्यापारियों ने समय से जमा किया किराया, तीसरे के खिलाफ जारी होगी आरसी

जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने लगभग 20 साल पुराना कब्जा हटवाया है। प्लाट आवंटित कराने के बाद भी तीन व्यापारियों ने उद्योग स्थापित नहीं किया था। नोटिस जारी करने बाद भी उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। डीएम के आदेश पर टीम ने कब्जा हटाया और नोटिस चस्पा किया गया है।

विकास क्षेत्र सालारपुर स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया में व्यापारी मनी देव, फैजान अहमद, राखी सक्सेना ने तकरीबन 20 से 25 साल पहले उद्योग स्थापित करने के लिए प्लाट आवंटित कराए थे। जिसका किराया निर्धारित किया गया था लेकिन प्लाट आवंटन के बाद भी व्यापारियों ने वहां उद्योग स्थापित नहीं किया जबकि प्लाट पर कब्जा जमाए थे। मनी देव व राखी सक्सेना ने समय से किराया जमा किया लेकिन तीनों प्लाट पर उद्योग शुरू नहीं किया गया।

पिछले दिनों डीएम अवनीश राय की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधुओं की बैठक में व्यापारियों ने इस बाबत चर्चा की। तीनों व्यापारियों को प्लाटों पर कब्जा छोड़ने के लिए नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी उन्होंने कब्जा नहीं छोड़ा। जिसके बाद डीएम के आदेश पर गठित की गई टीम गुरुवार को मौके पर पहुंची। तीनों प्लाट को कब्जामुक्त कराते हुए नोटिस चस्पा कराया। उद्योग उपायुक्त अशोक उपाध्याय ने बताया कि उद्योग स्थापित करने के लिए प्लाट का आवंटन किया गया था। दो व्यापारियों ने किराया जमा किया लेकिन तीसरे व्यापारी ने रुपये जमा नहीं किए। उनपर सात लाख रुपये बकाया वसूलने को आरसी जारी की जाएगी। टीम में सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय, सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे।

## चौकीदार और उनके बेटों को पीटा

**उझानी,अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव संजरपुर में जल निगम की टंकी पर ड्यूटी पर तैनात पुष्पेंद्र चौहान पर नशे में धुत कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात वह टंकी पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक शराब के नशे में धुत होकर आया और गाली-गलौज करने लगा। झगड़ा करने पर आमादा हो गया। उसने अपने भाइयों को भी मौके पर बुला लिया। पुष्पेंद्र चौहान के साथ लात-घूसे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वह चिल्लाए तो उनके बेटे हिमांशु, गोपाल, अनिकेत पहुंचे तो उन्हें भी पीट दिया। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# दिनदहाड़े भिड़े छात्र गुट, फायिरंग की


दो गुटों के भिड़ने के बाद मौके पर जमा लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गुरुवार दोपहर पेट्रोल पंप के पास भिड़े थे दो पक्ष

**अमृत विचार :** शहर में एक बार फिर बाइकर्स गैंग हावी होने लगा है। गुरुवार को दिन दहाड़े पंडित जी पेट्रोल पंप के पास आतंक मचाया। एक गुट ने दूसरे गुट के छात्रों पर हमला कर दिया। बाइकर्स गैंग के सदस्य ने खुलेआम तमंचा लहराकर दहशत फैलाई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

घटना के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि छात्रों के दो गुटों में पहले से कोई विवाद चल रहा था। जिसके चलते एक गुट के छात्रों ने पेट्रोल पंप के पास सड़क पर घात लगाया। इसी दौरान बाइकर्स गैंग के कुछ युवक वहां पहुंच गए। दोनों पक्ष में मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक युवक ने अपनी कमर से तमंचा निकाला और फायरिंग का प्रयास किया लेकिन बताया जा रहा है कि फायर मिस हो गया। घटना के दौरान दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। मौके पर दहशत का माहौल रहा।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से भीड़ को हटाया।

एक युवक को हिरासत में कोतवाली ले गई। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके। वहीं कुछ महीने पहले तक बाइकर्स गैंग हावी था। जो दिन से लेकर रात तक कहीं भी घटनाएं करते थे।

कुछ महीने शांत रहने के बाद वह फिर से सक्रिय हो गए हैं। लोगों के अनुसार सत्ता में कुछ लोगों की वजह से पुलिस बाइकर्स गैंग पर सख्त कार्रवाई नहीं करती।

## 8 साल के बालक की हत्या, पेड़ से लटका मिला शव

**निघासन ,अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी झंडी के गांव जुम्मनपुरवा में गुरुवार को एक आठ साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। वह घर से सातवीं का जुलूस देखने गया था। देर शाम उसका केले के खेत में बबूल के पेड़ से लटका शव बरामद हुआ है। घरवालों ने गांव के एक व्यक्ति पर जमीन के विवाद में बेटे की हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस पर विवाद में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने की बात कही।

मौके पर पहुंचीं सीओ और कोतवाल के काफी समझाने के बावजूद घर वाले डीएम और एसपी के आए बिना शव पेड़ से उतारने देने को राजी नहीं थे। हालांकि बाद में सीओ ने परिजनों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब परिजन माने।

# आड़ी-तिरछी खड़ी होती हैं रोडवेज की बसें, दिन भर लगा रहता है जाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के बीचो बीच रोडवेज बस स्टैंड पर आने वाली रोडवेज की बसें बेतरतीब खड़ी होती हैं। जिससे रोड पर घंटों का जाम लगता है। लोगों को निकलने में परेशानी होती है। शिकायत करने के बाद भी रोडवेज चालक बसों को सड़क से हटाते नहीं हैं।

रोडवेज बस स्टैंड पर दिल्ली, सहित अनेक शहरों को बसें आती जाती हैं। यह बसें रात को इधर उधर खड़ी की जाती हैं जबकि सुबह से शाम तक रोडवेज डिपो के ठीक सामने सड़क पर खड़ी रहती हैं। बाहर से आने वाली बसें बेतरतीब खड़ी की जाती हैं। आड़ी तिरछी बसों को लगा दिया जाता है जिससे शहर को आने जाने वाले अन्य वाहन चालक घंटो परेशान रहते हैं। सड़क पर


रोडवेज बस के कारण लगा जाम। ● अमृत विचार

जाम लगने से शहरी व बाहरी लोग सुबह से शाम तक परेशान रहते हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इसकी शिकायत एआरएम से कई बार की गयी। मगर उन्होने बस चालकों से कुछ नहीं कहा जिससे उनके हौसले और बुलंद हो गए हैं। बस चालक कहीं पर भी बसें खड़ी कर लेते हैं लोगों को बसों में बिठाते उतारते हैं। जिससे अन्य लोगों को दिक्कत होती है। इससे पहले भी कई बार इस मामले को लेकर प्राइवेट बस यूनियन के लोग रोडवेज प्रशासन से मिल चुके हैं मगर किसी की बात का कोई असर नहीं पड़ता है। बस चालकों की हठधर्मिता से शहर के लोगों को हर दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# हाई रिस्क वाले गांवों का चयन कर हर जगह सफाई करवाएं एडीओ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में 1 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल संचालन हेतु गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में द्वितीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। समस्त विभागों को उनके माइक्रो प्लान के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान जुलाई में आयोजित की जाने वाली आशा एवं आंगनवाड़ी प्रशिक्षण को


संचारी रोग नियंत्रण की समन्वय समिति की बैठक में सीडीओ केशव कुमार।

राज्य स्तर से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार 3 से 8 जुलाई तक शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान से सम्बन्धित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में विभागों द्वारा प्रतिभाग किये जाने की स्थिति से अवगत कराया गया। माध्यमिक

- 31 जुलाई तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान
- अभियान को सम्पन्न कराने को रूपरेखा बना कर तय की जिम्मेदारी

शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में प्रार्थना सभा के पश्चात छात्र-छात्राओं को संचारी रोगों से रोकथाम, बचाव एवं नियनत्रण सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराएं, साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन,प्रशोनोत्री प्रतिस्पर्धा का आयोजन विद्यालयों में कराया जाये। सहायक पंचायती राज अधिकारी व समस्त सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विकास खण्ड के माइक्रोप्लान में ग्रामों के हाई रिस्क स्थलों का चयन करें, एवं उन स्थलों पर साफ़ सफाई, जल निकासी, झाड़ियों की कटाई का कार्य सुनिश्चित कराएं।

अभियान के दौरान कुपोषण युक्त बच्चों के लम्बाई एवं वजन माप हेतु उपकरण कार्यशील अवस्था में होना सुनिश्चित किया जाये। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा कुपोषित बच्चों की सूची पोषण ट्रेकर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी, उक्त बच्चो के फॉलोअप हेतु आयरन सीरप, मल्टी विटामिन सीरप की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में पहले से ही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला सर्विलांस अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, सहायक पंचायत राज अधिकारी, जिला विघालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ज़िला मलेरिया अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, समस्त सहायक खण्ड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षकों, एवं मलेरिया निरीक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## शहर आई महिला से जेवरों की ठगी

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर में दो ठगों ने एक महिला के साथ जेवरों की ठगी की और भाग गए। महिला ने पुलिस से शिकायत की है। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव नौशरा निवासी सरोजा देवी गुरुवार को अपनी दवा लेने के लिए शहर आई थीं। दवा लेने से पहले उन्हें किसी सराफा व्यापारी के पास अपने जेवर गिरवी रखकर रुपये लेने थे। शहर के नेहरू चौक के बाद दो लोगों ने सरोजा देवी को रोका। महिला के अनुसार लालच देकर जेवर उतरवा लिये जिसके बाद उन लोगों ने महिला को नशीला पदार्थ सुंघाया और भाग गए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

शादी से पहले मेरा नाम सुरजीत कौर पुत्री गुरदीप सिंह था। उसके बाद रवनीत कौर पत्नी जसविंदर सिंह हो गया है। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाए। **रवनीत कौर पत्नी जसविंदर सिंह निवासी ग्राम मंडप फार्म बैलहा तहसील निघासन जिला खीरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम भूलवश कुलदीप राय ढीनगरा दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि उनका वास्तविक नाम कुलदीप राज ढीनगरा है। **रोहित ढीनगरा पुत्र कुलदीप राज ढीनगरा निवासी 51, कालेज मार्ग, बिजनेस रेजीडेंस, सिविल लाइन्स, बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राजकुमार को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मोहरपाल पुत्र स्व. श्री महीलाल निवासी ग्राम हजरतपुर थाना हजरतपुर तहसील दातागंज जिला बदायूँ।**

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में नाम प्रणय सिंह दर्ज है जोकि सही है जबकि मेरे सी बी एस सी बोर्ड हाईस्कूल की अंक तालिका में प्रणय भूलवश दर्ज हो गया है । जोकि गलत है,अंक तालिका में सही नाम प्रणय सिंह दर्ज किया जाना अति आवश्यक है। **प्रणय सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम डंडियां नगला तहसील बहेड़ी, बरेली**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोनू व पुत्रवधु काजल के दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का वास्ता ना होगा । **रामा देवी पत्नी स्व. नूकता प्रसाद नि-179, बी नवादा जोगियान, आर के विश्वविद्यालय, थाना बारादरी, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अनर्थंमर्थंत : पश्यत्रर्थं चैवाप्यनर्थत : ।
इन्द्रियैरजितैर्बाल : सुदु :खं मन्यते सुखम् ॥

अज्ञानी लोग इंद्रिय –सुख को ही श्रेष्ठ समझकर आनंदित होते है। इस प्रकार के अनर्थ को अर्थ और अर्थ को अनर्थ कर देते हैं ,और अनायास ही नाश के मार्ग पर चल पड़ते हैं।

## संपादकीय

# शहरी परिवर्तन की चुनौती

देश के शहर तेजी से बदल रहे हैं और विकास कर रहे हैं, जिससे नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा हो रही हैं। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। अभी देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरों में रहती है और अनुमान है कि 2050 तक 50 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। शहरी आबादी में उछाल आर्थिक विकास और वैश्विक प्रासंगिकता के लिए अवसर लेकर आता है लेकिन यह बुनियादी ढांचे, वित्त और संस्थागत ढांचे पर गंभीर दबाव भी डालता है। साफ है कि शहरों को अधिक लोगों को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि 2047 तक आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे का लगभग 70 प्रतिशत अभी बनाया जाना है। तत्काल वित्तीय, प्रशासनिक और शासन सुधारों के बिना, शहर भीड़भाड़, असमानता और जलवायु जोखिम के केंद्र बन सकते हैं। शहरीकरण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे कि वायु और जल प्रदूषण।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत को अपने शहरी बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए 2036 तक 70 लाख करोड़ रुपये की भारी रकम की जरूरत होगी जो वर्तमान निवेश क्षमताओं से कहीं अधिक है। केंद्र सरकार शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और इसके लाभों को प्राप्त करने के लिए कई पहल कर रही है। अमृत योजना शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है। स्मार्ट सिटी मिशन शहरों को आधुनिक बनाने और उन्हें अधिक कुशल बनाने पर केंद्रित है। सरकार शहरी गरीबों के लिए किफायती आवास प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। उच्च-आय वाला देश बनने के लिए हम जिस तरह की आर्थिक वृद्धि चाह रहे हैं, उसे तभी हासिल किया जा सकता है, जब हमारे शहरों की योजना कुछ इस तरह बनाई जाए कि उनकी अधिकतम क्षमता पर काम किया जा सके। इसके लिए हमें शहरी इलाकों में रहने वाले हाशिये के समुदायों पर भी निवेश करना होगा ताकि वे आर्थिक लाभ से वंचित न रह जाएं। अगर इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाए, तो शहरी परिवर्तन आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेश की अगली लहर को शक्ति प्रदान कर सकता है। योजना बनाने, निवेश करने और सुधार करने का समय अभी है ताकि कल का भारत लचीले, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी शहरों में बसा हो। वास्तव में शहरी परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और भारत को एक समावेशी, समृद्ध और टिकाऊ शहरी भविष्य बनाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# कृत्रिम मेधा एवं विवेक के रणनीतिक लाभ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं।

पड़ोसी देशों में से एक नए अशांत देश के रूप में बांग्लादेश और युद्धप्रिय या बेलिग्रेंट राष्ट्रों के रूप में पाकिस्तान एवं चीन की भारत में पहचान बन गई है। ऐसे में अपनी ज्योग्राफिक सीमाओं पर एक नए उन्नत निगरानी तंत्र, पेट्रोलिंग और कनफ्लिक्ट प्रिडिक्शन के रूप में हमें नए सिरे से तैयारी करने की जरूरत है।

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं। भविष्य के युद्ध परिदृश्य कैसे बदल सकते हैं इसकी एक झलक हमें हालिया ऑपरेशन सिन्दूर और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ध्वस्त करने के इजराइल, अमरीका के संयुक्त प्रयास से मिलती है।

कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और कांफिल्क्ट मैनेजमेंट की मॉडलिंग के मामले में भारत अभी किस स्तर पर हो सकता है यह अत्यंत गोपनीय हो सकता है, लेकिन इस बाबत वैश्विक ओपन डोमेन साहित्य से उपलब्ध जानकारी अहम् है जिससे मालूम होता है कि मैथमेटिकल मॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप निर्माण प्रणालियों एवं बौद्धिक प्रतिभा की उपलब्धता के चलते भारत इसमें पीछे तो नहीं ही रह सकता। प्रतिरक्षा के दबावों के चलते भारत के प्रतिभावान मिलिट्री प्लानर्स इस क्षेत्र में कितना काम कर पाएंगे, यह अगली झड़प के दौरान प्रदर्शित हो सकता है। दो देशों के बीच कनफ्लिक्ट अब अप्रत्यक्ष या परोक्ष एवं, टेक्नोलॉजी लोडेड हो चुका है। परोक्ष युद्ध की पद्धतियों पर पश्चिमी देश और चीन तेज़ी से काम कर रहे हैं। इसके लिए न केवल काल्पनिक रूप से संघर्ष के लिए कत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से डाटा एकत्र किया जा रहा है जो उन्नत विडियो गेम्स सरीखा हो सकता है बल्कि वास्तविक कनफ्लिक्ट के दौरान इकट्ठा किया गया डाटा भी इसमें फीड करते हुए निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

वास्तविक डाटा से मतलब है ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान फाइटर जेट्स की पूरी कार्रवाई, बॉम्बिंग पैटर्न, जीपीएस पोजीशनिंग। इन-फ्लाइट कंप्यूटिंग एंड गाइडेंस, मिसाइल ट्रेजेक्ट्रीज और वार-हेड इम्पैक्ट्स काइलेक्ट्रॉनिक्स डाटा आकलन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दो देशों के बीच न केवल संभावित कनफ्लिक्ट या संभावित परिदृश्य पर काम हो रहा है, बल्कि देश में राजनैतिक और अत्यंत जोखिमपूर्ण जातीय संघर्षों, गृह-युद्ध जैसे हालातों और राजनैतिक हिंसा को रोकने की मॉडलिंग पर भी काम हो रहा है। संघर्ष की पूर्व चेतावनी का उद्देश्य राजनीतिक हिंसा के विभिन्न रूपों की शुरुआत अवधि, तीव्रता और प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई की पहचान करना और उसे शुरू करना है। बीसवीं शताब्दी में व्यापक संघर्ष रोकथाम के लिए राष्ट्रों की प्रतिबद्धता सार्वभौमिक रूप से साझा नहीं की गई थी, संघर्ष की रोकथाम की अवधारणा और विस्तार से संघर्ष की पूर्व चेतावनी ने पिछले 30 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रमुखता हासिल कर ली है। मित्र देश जैसे कि नाटो जरूरत के वक्त डाटा साझा करते हैं।

> इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक खास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

कंप्यूटिंग में प्रगति के साथ इस बढ़ती हुई भागीदारी ने तेजी से परिष्कृत लौकिक और स्थानिक आयामों के साथ उन्नत पूर्व चेतावनी तंत्र में निवेश को बढ़ावा दिया है। फिर भी, संघर्ष की रोकथाम और संघर्ष की पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक संचालन कई कारणों से इसके सैद्धांतिक विकास से पीछे है। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पूर्व चेतावनी आकलन में सीमायें, वास्तविक समय के डेटा की सीमित उपलब्धता, कवरेज, गुणवत्ता और सत्यापन के अलावा संघर्ष प्रक्रियाओं में निहित अंतर्जातता (एंडोजेनिटी) से उभरने वाली जटिल मॉडलिंग चुनौतियां और, सबसे ऊपर, संगठित हिंसा के बढ़ते जोखिमों के मजबूत और सम्मोहक सबूतों पर कार्रवाई करने के लिए लड़ने वालों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति की अंतर्निहित कमी शामिल है।

इन चुनौतियों के बावजूद, मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उन्नत डेटा संग्रह और विश्लेषण तकनीकों में निवेश प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया के अभ्यास को बहुत प्रभावित करता है। इस प्रक्रिया को अपनाते हुए जो मॉडलिंग की गई है उससे नयी अंतर्दृष्टि बेशक उपजी है परन्तु इनमें से कई प्रणालियां अभी तक अपेक्षाओं पर खरी क्यों नहीं उतर पाई हैं। इसे ही समझ कर अब कारगर हल ढूंढे जा रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी प्रकार की मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण किया जाए, मनुष्य के विवेक और त्वरित बुद्धि के बिना सफलता नहीं मिलेगी। ऑपरेशन सिन्दूर का उदाहरण सामने है जिस दौरान प्रथम दिन की स्ट्राइक के बाद भारत के मिलिट्री प्लानर्स और सिविलियन एक्सपर्ट ने मिल कर एक ही दिन में स्ट्रेटेजी को बदल कर विवेक से काम लिया तभी स्ट्राइक्स कामयाब हुई थीं। विशेषज्ञों और स्ट्रेटेजिक प्लानर्स का मानना है कि सामरिक रूप से प्रशिक्षित कृत्रिम मेधा के भरोसे से युद्ध नहीं जीते जा सकते। विवेकपूर्ण निर्णयों के लिए स्ट्राइक प्लानर्स को भी प्रशिक्षित होने की जरूरत होगी और इसके लिए वास्तविक संघर्षों और युद्धों से जुटाए गए डाटा की शेयरिंग के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक ख़ास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है। ज्ञातव्य है कि सर्वाधिक संख्या और विविधता वाली वार सिचुएशन्स से संबंधित विडियो गेम्स बनाने में इस समय चीन ही सर्वोपरि है। गूगल प्ले स्टोर पर और माइक्रोसॉफ्ट की साईट पर ऐसी सैंकड़ों एप्लीकेशन्स उपलब्ध हैं।

वास्तविक युद्धों के बारे में पिछले बीस साल का सबसे अधिक डाटा इस समय अमरीका के पास है। अमरीका के डिपार्टमेंट ऑफ़ डिफेंस में जलसेना द्वारा संचालित इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर (आईडब्ल्यूसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में जो जानकारी उपलब्ध कराई है उससे इसमें काम करने वालों की अंतर्दृष्टि की बाबत काफी मालूमात सेंटर द्वारा प्रकाशित बुलेटिन के अध्ययन से हासिल होती है। इस सेंटर में रिसर्च और एप्लीकेशन्स विकसित करने और इनकी फील्ड-टेस्टिंग करने तक की दक्षता हासिल करने की क्षमता है जैसे कि आईडब्ल्यूसी योद्धाओं को संघर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में अनियमित युद्ध करने के लिए तैयार करता है। इसके लिए अगली पीढ़ी की तकनीकों और अवधारणाओं का उपयोग करके अनियमित युद्ध या संघर्ष को संचालित करने के लिए निर्देश भी प्रदान करता है, जो बल की मारक क्षमता को बढ़ाता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रमुख सहयोगियों और भागीदारों को खतरे से आगाह करने के लिए तैयार करता है। पारंपरिक युद्ध शक्ति को मजबूत आई आईडब्ल्यूसी पद्धतियों के साथ जोड़कर रणनीतिक मानसिकता को बदलने के लिए उक्त काम किया जा रहा है। देखना है कि भारत आई आईडब्ल्यूसी के कामकाज के मद्देनज़र अपने यहां इर्रेगुलर वारफेयर के लिए क्या एक पृथक और डेडिकेटेड रेजिमेंट बना चुका है और इन्हें मॉडलिंग और टेस्टिंग की सुविधाएं हासिल हैं?

इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर द्वारा प्रकाशित पत्रिका प्रौद्योगिकी सेवाओं के प्रमुख हैंक हन्ना ने जनवरी 2025 के खंड 3, अंक 1, में जो लेख द इमर्जिंग पोटेंशियल फॉर क्वांटम कंप्यूटिंग इन इर्रेगुलर वारफेयर शीर्षक से दिया है उसके जरिए से क्वांटम कंप्यूटिंग कम्प्यूटेशनल तकनीक में एक प्रतिमान बदलाव की संभावना व्यक्त हुई है, जिससे उन्नत देशों के अलावा भारत भी राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा-उद्योगों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## प्रसंगवश

# भूस्खलन और बाढ़ से बचाव के लिए सतर्कता बरतना जरूरी

पहाड़ों पर बादलों ने तबाही मचा रखी है तो मैदानों में भी हाल बुरा है। केरल और झारखंड में भी बारिश ने कहर बरपाया है और इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इन दिनों मानसून लगभग-लगभग पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने आधिकारिक तौर पर पूरे देश में मानसून के सक्रिय होने की घोषणा कर दी -जो कि इसकी सामान्य तिथि से पहले है। सच तो यह है कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश के बीच हर ओर उफनते सैलाब की तस्वीरें आ रही हैं। देश के कई प्रमुख शहरों में सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, रास्ते जाम हो गए हैं तथा पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन और बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने जुलाई और अगस्त में और अधिक बारिश का अनुमान जताया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

पिछले कुछ सालों से देश ही नहीं पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन एक कटु यथार्थ है। यह सब कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों का ही परिणाम है कि आज हम सभी जलवायु परिवर्तनों का लगातार सामना कर रहे हैं। यह ठीक है कि मानव बारिश को तो नहीं रोक सकता है लेकिन तबाही को समय रहते एहतियात बरतकर रोका जा सकता है अथवा काफी हद तक कम किया जा सकता है। आधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल करके इसे कम किया जा सकता है। लेकिन प्रशासन व आम आदमी तब चेतता है,जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बाढ़ व भूस्खलन से निपटने के लिए समय रहते राहत और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि बाढ़ और भूस्खलन से बचाव के लिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें इन प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है और उनसे बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। बाढ़ से बचाव के लिए हमें बाढ़ प्रणव क्षेत्रों में ऊंचे स्थानों पर रहना चाहिए। आपातकालीन किट जैसे कि सूखा भोजन, पानी, दवाएं, टॉर्च, रेडियो और अन्य आवश्यक चीजें हमारे पास मौजूद होनी चाहिए। इतना ही नहीं हमें अपने परिवार के सभी सदस्यों को निकटतम आश्रय/पक्के मकान तक जाने वाले सुरक्षित मार्गों की जानकारी होनी चाहिए तथा बारिश के दौरान समय-समय पर स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बनाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है। बाढ़ की चेतावनी और सलाह के लिए स्थानीय रेडियो/टीवी सुनना चाहिए अथवा अखबार आदि पढ़ना चाहिए। बाढ़ के समय बहते पानी, बिजली के तारों से, सांपों आदि से सावधान रहना चाहिए। वहीं पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से बचाव के लिए हमें यह चाहिए कि हम नालों में कूड़ा-कचरा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि न जमा होने दें और नालों को अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखें। घरों, दुकानों,रहवास आदि को भूकंप-रोधी बनाया जाना चाहिए ताकि भूस्खलन के समय कम नुकसान हो अथवा नुकसान हो ही नहीं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि उनकी जड़ें मिट्टी को पकड़ सकें। इतना ही नहीं,खतरे वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए। अचानक बाढ़ या भूस्खलन के जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रहना चाहिए। भूस्खलन से सुरक्षा के लिए हमें यह चाहिए कि हम भूस्खलन के विभिन्न संकेतों जैसे कि दरारों, चट्टानों के गिरने, पेड़ों के टूटने या जमीन में पड़ने वाली दरारों पर विशेष ध्यान दें और भूस्खलन के रास्तों से हमेशा स्वयं को और पशुओं को दूर रखें। भूस्खलन के बाद, हमें यह चाहिए कि हम तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। इसके साथ ही भूस्खलन के बारे में तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करना चाहिए ताकि बचाव कार्य किए जा सकें। याद रखें कि हमारी सतर्कता और जागरूकता से बहुत कुछ संभव हो सकता है।

# ग्लोबल साउथ में चीन की चाल

ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के संबंधों को नया आयाम देने, मित्रता को मजबूत करने और अटलांटिक के दोनों किनारों पर देश की साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका देशों के संगठन (ब्रिक्स), अफ्रीकी संघ, पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) और कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ जुड़ाव भी मजबूत होगा। भारत की कूटनीतिक मोर्चे पर लगातार उपलब्धियों के बीच ही हमारे पड़ोसी देशों की गतिविधियां ऐसी हैं जिन्हें भारत को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। सार्क के विकल्प का विचार गति पकड़ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी क्षेत्रीय शक्ति की रक्षा के लिए नवाचार करने चाहिए।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है।

दक्षिण एशिया की बात की जाए तो चीन अब भारत के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। यह कदम है- चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एकसाथ मिलकर भारत के खिलाफ 'साका' नाम से नया दक्षिण एशियाई संगठन बनाने का। खबर है कि पाकिस्तान और चीन सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन की जगह दूसरा क्षेत्रीय ब्लॉक साउथ एशिया-चीन एलायन्स यानी एसएसीए का गठन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत एडवांस स्टेज पर बताई जाती है। हुई थी।

गौरतलब है कि भारत दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) का संस्थापक और प्रमुख सदस्य है लेकिन पाकिस्तान की नापाक हरकतों की वजह से नई दिल्ली ने इस संगठन से अभी दूरी बना रखी है। उरी आतंकी हमले के बाद से भारत ने सार्क बैठकों को निलंबित कर रखा है। 2014 में काठमांडू शिखर सम्मेलन हुआ था। इसके बाद से सार्क की बैठक नहीं हुई है। भारत द्वारा अब सार्क की जगह बिम्सटेक को बढ़ावा देने से पाकिस्तान का परेशान होना स्वाभाविक है और वह नेपाल के माध्यम से दबाव बनवा रहा है। दूसरी ओर, चीन और पाकिस्तान को बांग्लादेश में भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद नया सहयोगी मिल गया है। कराची के ही एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जून को कुनमिंग में जो बैठक हुई थी, उसका अंतिम उद्देश्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो सार्क का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि चीन की लंबे समय से दक्षिण एशिया में पैर जमाने की गहरी मंशा रही है। दक्षिण एशिया का यह क्षेत्र रणनीतिक और आर्थिक रूप से उसकी आकांक्षाओं के लिए अनुकूल है। दक्षिण एशिया में बीजिंग की बढ़ती भागीदारी उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, साका का गठन आसान नहीं होगा। बांग्लादेश द्वारा गठबंधन-निर्माण को आधिकारिक तौर पर खारिज करना उसकी नाजुक स्थिति को दर्शाता है। चीन-पाकिस्तान धुरी का हिस्सा दिखने में बांग्लादेश की अनिच्छा से पता चलता है कि वह अपनी स्वायत्तता और रणनीतिक संतुलन को महत्व देता है। देखा जाए तो ढाका के बीजिंग के साथ आर्थिक संबंध मजबूत हैं और पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक संबंध। भारत के साथ भी बांग्लादेश की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक निकटता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यदि श्रीलंका, नेपाल और मालदीव जैसे भारत के पड़ोसी देश चीन के निवेश वादों पर इस गठबंधन में शामिल होने के लिए हामी भरते हैं तो भारत अपने निकटतम पड़ोस में खुद को अलग-थलग पा सकता है।

भारत की अपनी मजबूती का स्पष्ट प्रदर्शन बीजिंग में अभी हाल में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में देखने को मिला है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बारे में एक शक्तिशाली संदेश गया है। यह एक अभूतपूर्व कूटनीतिक क्षण था। इस साहसिक कदम ने पूरे भू-राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। यदि यह नया गठबंधन आकार लेता है तो यह एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव का संकेत होगा। एक नए क्षेत्रीय मंच में नेपाल, भूटान और श्रीलंका की भागीदारी दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक बदलाव का प्रतीक होगी। वक्त बताएगा कि दक्षिण एशिया में सार्क के स्थान पर साका को स्थापित करना बीजिंग के लिए यह अवसर का मंच होगा या इस्लामाबाद के लिए रणनीतिक जाल?

## सोशल फोरम

# अराजकता या जबर का जोर

इस बात को लोग भूल ही गए हैं कि संसार में प्रत्येक समुदाय में सामाजिक आचरण व्यवहार का एक संविधान होता है और उसके अनुच्छेदों को जीवन मूल्य कहा जाता है। सामाजिक परिवेश में दांपत्य संबंध की बात हो अथवा पारिवारिक संबंध की बात हो, जातिगत और मजहबी परिदृश्य हो अथवा आर्थिक पक्ष की बात हो, एक अराजकता का दृश्य दिख रहा है। नारी सशक्तीकरण की बात इतनी होती हैं किंतु सामूहिक बलात्कार लगभग प्रतिदिन के समाचार बन चुके हैं।

> नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा। कोई किसी से भी शादी कर लेता है। जब कोई मर्यादा नहीं रही तो उसको विवाह कहना ही गलत है, क्योंकि विवाह एक सामाजिक मूल्य है, उसकी एक मर्यादा है। मूल्य नहीं, मर्यादा नहीं, तो वह केवल यौन संबंध तो है किंतु विवाह नहीं है। विवाह शब्द बहुत पवित्र है, वह तो तप है। वह व्रत है, उसमें संयम भी है और नियम भी।

नेता लोगों के पशुकृत्य नेशनल हाई वे पर हो रहे हैं। एक मुख्यमंत्री सामाजिकता का सूत्र बतला रहा था कि पालागन करो और पैर पकड़ कर भारतमाता की जय कर दो।

आर्थिक पक्ष में ऐसा दृश्य है कि परिवार में ही हत्या हो रही हैं। बैंकों का दोहन खुले आम हो रहा है। यहां तक कि सड़कों पर अराजकता है। जबर का जोर है। वह टक्कर भी मारेगा और फिर जबरदस्ती भी करेगा। जबर हो तो कुछ भी करो।

**-फेसबुक वॉल से**

# युवा शक्ति के प्रेरणापुंज थे स्वामी विवेकानंद

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवाओं से स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि एक समय में एक ही काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो, बाकी सब कुछ भूल जाओ। वह कहते थे कि यदि तुम स्वयं को कमजोर सोचते हो तो तुम कमजोर हो जाओगे और यदि खुद को ताकतवर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।'

सोचते हो तुम ताकतवर हो जाओगे। दरअसल हम वो हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि तुम क्या सोचते हो। वह कहा करते थे कि शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं और वे दूर तक यात्रा करते हैं, इसलिए एक विचार कर लो और उस विचार को ही अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों और शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो, यही सफल होने का तरीका है। अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना और स्वयं पर विश्वास करने को ही स्वामी जी सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहते थे कि जो तुम सोचते हो, वो हो जाओगे।

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्कमता का संचार करने का कार्य किया। स्वामी विवेकानंद का कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है।

11 सितंबर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा जीवंत रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की सुनवाई 21 को

## हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** संभल की जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले को लेकर जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन में वाद की सुनवाई हुई। न्यायालय ने अब 21 जुलाई की तिथि नियत की है। इस दौरानसुरक्षा की दृष्टि से न्यायालय के बाहर भारी पुलिस बल मौजूद रहे। तलाशी लेने के बाद ही वादकारियों को न्यायालय में प्रवेश दिया गया।

जिला न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट में गुरुवार को जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता श्रीगोपाल शर्मा ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में जो रिट दाखिल की थी उसे कोर्ट ने खारिज किया था।

अब उसे सिविल कोर्ट में दाखिल किया गया है। न्यायालय से हमने कहा कि विपक्षी को लिखित जवाब देने के लिए जो समय दिया था, वह समाप्त हो चुका है और याचिका खारिज करने की मांग की। जामा मस्जिद के अधिवक्ता कासिम जमाल ने कहा कि हाईकोर्ट का निर्णय जो आया, उसे दाखिल किया है। आगे जो भी न्यायालय के आदेश होगा वह मान्य होगा। न्यायालय ने सुनवाई की अगली तिथि 21 जुलाई नीयत की है।

### जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक की याचिका

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की याचिका कोर्ट में दाखिल की गई है। अदालत ने इस पर सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है। यह याचिका हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने दायर की है। गुरुवार को सिमरन गुप्ता ने सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र तो स्वीकार कर लिया मगर कोई आदेश नहीं दिया। अगली सुनवाई 21 जुलाई को तय की। सिमरन ने बताया कि जब तक उक्त स्थान की ऐतिहासिक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक कोई धार्मिक गतिविधि नहीं होनी चाहिए। इसलिए जामा मस्जिद को तत्काल सील करने की मांग भी की गई है। साथ ही इसे जिलाधिकारी की निगरानी में रखने की अपील की गई है।

## नेग वसूलने पर किन्नर पर चाकू से किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में फर्जी किन्नर बनकर नेग मांगने का विरोध करने पर एक किन्नर के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। किन्नर की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद समेत 24 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जगतपुर गौटिया निवासी किन्नर सनम ने बताया कि वह नवाब उर्फ मुन्नी की चेला है। गुरुवार को वह बधाई लेने अपने क्षेत्र में गई थी। आरोप है कि पीछे से अन्ने उर्फ आनिया, अलाउद्दीन उर्फ शारदा, रेखा उर्फ छोटे और सलमा उर्फ बन्नेशाह के साथ 15-20 लोग आए और सभी लोगों ने उस पर लाठी-डण्डों और चाकू से हमला कर दिया। मारपीट में उसके कान का पर्दा फट गया। आरोप लगाया कि अन्ने उर्फ आनिया और अलाउद्दीन उर्फ शारदा 2006 में रामचन्द्र उर्फ सुनीता की हत्या के मामले में हाफिजगंज थाने से जेल जा चुके हैं। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जनराज्य फ्रंट ने महिला सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर के ऐतिहासिक मिशन स्कूल परिसर में गुरुवार को जनराज्य फ्रंट इंडिया के यूथ फॉर इंडिया अभियान के अंतर्गत एक प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को पर्यावरण, महिला सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट, सड़क सुरक्षा व राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर एडीएम एफआर अरविंद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद आयोजित सभा में मुख्य अतिथि अरविंद कुमार ने छात्रों से देश सेवा, पर्यावरण संरक्षण व यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलवाई। उन्होंने सभी बच्चों को विद्यालय परिसर व अपने घरों के आसपास एक-एक तुलसी का पौधा लगाने का आग्रह किया। जनराज्य फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय मीरा पाण्डेय अंशु ने युवाओं से देश की राजनीति, सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं, जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना और अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी निरीक्षक विनय पांडेय ने छात्रों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट की अनिवार्यता और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। वहीं मिशन शक्ति की उपनिरीक्षक सुश्री पारुल चौधरी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों और आपातकालीन उपायों की जानकारी दी। जनराज्य फ्रंट के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रदीप अवस्थी, टीना अग्रवाल, जरार खां, अजीत यादव, संजय, परिधि अग्रवाल, सुधांशु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आंख फोड़ने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव चक परमाली निवासी परशुराम ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 जून को रौसरकोठी में मेला देखने के लिए जा रहा था। रास्ते में विवाद हो जाने पर आरोपी रमन, अनुराग और अरविंद ने उसे बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि घूंसा मारकर उसकी एक आंख फोड़ दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### मारपीट और पथराव मामले में क्रास रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइया निवासी प्रदीप गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसके घर के बाहर ईटें लगी हुई थी। पड़ोसी राम लड़ैते ने कुछ ईटें उठा ली। इस बात को लेकर विवार हो गया। 30 जून को प्रदीप कही जा रहा था। रंजिशन दोनों पक्षों में मारपीट और पथराव हुआ। पुलिस ने एक पक्ष के जतिन गुप्ता की तरफ से राम लड़ैते समेत तीन और दूसरे पक्ष के राम लड़ैते की तरफ से प्रदीप गुप्ता समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लकड़ी पुल को जोड़े सीएम ग्रेड योजना से

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** व्यापारियों के शिष्टमंडल ने सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह से मुलाकात कर लाल इमली से तेल टंकी तक बन रही स्मार्ट रोड को पुराने लकड़ी के पुल से जोड़ने की मांग की। उन्होंने वहां अंडरपास निर्माण का सुझाव देते हुए कहा कि इससे महिला थाना मार्ग पर जाम से राहत मिलेगी और कई कॉलोनियों के लोगों को सीधा रास्ता मिलेगा। सीडीओ ने प्रस्ताव उचित स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, महानगर महामंत्री अनूप गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियां, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, नफीस खान आदि रहे।

### एसएस कॉलेज में नैतिक लेखांकन पर व्याख्यान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में डॉ. केके वर्मा धर्मशाला विश्वविद्यालय ने छात्रों को नैतिक लेखांकन की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और तथ्यपरक रिपोर्टिंग से ही संस्थाओं की साख बनती है। कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों की बड़ी भागीदारी रही।

### एसपी कॉलेज में रक्तदान शिविर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी कॉलेज में लायंस क्लब और सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन पूर्व बैंक प्रबंधक राजीव खन्ना ने किया। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों व स्टाफ ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। पैथोलॉजी टीम ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### स्कूल मर्जर के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पांच हजार प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के मर्जर के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस निर्णय को शिक्षा विरोधी और गरीब छात्रों के अधिकारों के खिलाफ बताया। कांग्रेस नेताओं ने ड्रॉपआउट दर बढ़ने, रोजगार छिनने और शिक्षा में असमानता जैसी आशंकाएं जताई। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, अनूप वर्मा, तनवीर सफदर, पवन सिंह, कृष्ण विनोद मिश्रा, दिनेश कुमार सहित दर्जनों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बालक की हालत नाजुक

**पुवायां, अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में सात वर्षीय बालक की हालब खराब हो गई। आनन फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर परिजनों ने बालक को शराब पिलाने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के गांव बिलसडी बुजुर्ग निवासी गोविंद पुत्र राम बिलसा उम्र लगभग सात वर्ष की गुरुवार दोपहर अचानक तबियत खराब होने लगी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत खराब देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर बालक के परिजन उसे शराब पिलाने का आरोप लगा रहे हैं।

# डीसीएम और कंटेनर की टक्कर, तीन लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

- दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मिलक क्षेत्र के धनेली पूर्वी में हुआ हादसा
- चालक को झपकी आने पर डीसीएम डिवाइडर को तोड़कर कंटेनर से जा टकराई

**अमृत विचार :** मिलक में नेशनल हाईवे पर डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर कंटेनर से जा टकराई। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों सहित 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने वाहनों को क्रेन से हटवाकर शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सीतापुर के थाना महोली के गांव कारिपाकर मिर्जापुर निवासी लवकुश (40) डीसीएम चालक है। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे वह और हेल्पर महोली थाना क्षेत्र के ही गांव नरहरा निवासी 23 वर्षीय योगेश सामान भरने के लिए रामपुर आ रहे थे। वहीं, सैफनी के बिचपुरी निवासी अजय कंटेनर में मुरादाबाद से सामान लेकर बरेली जा रहे थे। लवकुश को नींद की झपकी आने के कारण डीसीएम अनियंत्रित होकर धनेली पूर्वी के पास डिवाइडर को तोड़कर दूसरी दिशा से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों वाहनों के चालक और हेल्पर फंस गए। पुलिस ने क्रेन से वाहनों को हटाकर शवों को निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने के बाद मृतकों के परिजन भी पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि कंटेनर और डीसीएम की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई है। कंटेनर चालक के परिजनों की तहरीर पर सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## बाइक को ट्रक ने रौंदा एक व्यक्ति की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात लखनऊ हाईवे पर मोबाइल सही कराकर घर लौट रहे दो बाइक सवारों को ट्रक ने रौंद दिया, जिससे एक की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

गांव रजऊ निवासी अमरपाल (40) अपना मोबाइल फोन ठीक कराने के लिए अपने दोस्त जयदीप के साथ बुधवार देर रात लखनऊ हाईवे स्थित रजऊ अड्डे पर गए थे। दोनों मोबाइल सही करा कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे बरेली की तरफ से आ रहे ट्रक ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अमरपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि जयदीप घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमरपाल खेती करते थे।

# छह साल की बालिका से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता कासगंज

- थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र के एक गांव का मामला
- आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र में छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया है। चीख पुकार पर ग्रामीणों को पास आता देख आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है।

एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गांव का रहने वाला संजीव कुमार सोलंकी उनकी छह साल की बेटी को बहला फुसलाकर खेत में ले गया। यहां उसने बेटी के साथ गलत काम किया। चीखपुकार पर खेत में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंच गए। उन्हें देख आरोपी मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई। पुलिस के अनुसार संजीव की शादी करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन उसकी पत्नी उसे करीब तीन वर्ष पहले छोड़कर चली गई थी। आरोपी नशे का आदी है और अक्सर शराब व स्मैक का सेवन करता है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है, लेकिन घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। क्षेत्राधिकार पटियाली संतोष कुमार ने बताया पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।

## सेक्स रैकेट संचालिका की जमानत खारिज

**बरेली:** सेक्स रैकेट की संचालिका मंजीत कौर की जमानत अर्जी जिला जज सुधीर कुमार ने खारिज कर दी। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि सीओ ने थाना प्रेमनगर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया कि 6 जून को सूचना मिली कि राजेन्द्र नगर में मनजीत कौर, आशीर्वादम बेनेडिक्ट के मकान में स्वयं लड़कियों को देह व्यापार के लिए प्रेरित कर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर लड़के और लड़कियों को बुलाकर अवैध अनैतिक कार्यों के जरिए कमाई करती है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मनजीत कौर, आर्शीवादम बेनेडिक्ट, मोहम्मद सोहेल, सुमित सागर और नन्हीं को गिरफ्तार कर लिया। मकान के अंदर पुरुष और महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिले। कामोत्तेजक दवाएं, मोबाइल आदि सामान बरामद हुआ। पुलिस ने अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी।

## बीटेक के 20 विद्यार्थियों का हुआ चयन

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बीटेक सत्र 2024-25 के सप्तम सेमेस्टर के 20 विद्यार्थियों का चयन बड़ी कंपनियों में हुआ है। जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनमें वत्सल वैश्य, नीतीश कुमार, सुमित सिंह, सिद्धार्थ पाठक, अमन कुमार, मुनीब कादिर, प्रवीण पटेल, संगम राज, सुमित सागर, अभय नारायण गोड़, प्रशांत अग्रवाल, रामब्रज प्रजापति, प्रभात, प्राची रानी गौतम, विकास सागर हैं। विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग के लिए विभाग एसो. प्रो. देश दीपक शर्मा और प्लेसमेंट सेल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह का धन्यवाद किया। चयनित छात्रों ने कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव संजीव कुमार सहित अन्य का आभार व्यक्त किया। बता दें कि एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 25 के सप्तम सेमेस्टर के 20 विद्यार्थियों का चयन बड़ी कंपनियों में हुआ है।

# तत्कालीन पेशकार और दो प्राइवेट कर्मियों पर रिपोर्ट

संवाददाता, पुवायां

- तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षरों से हुए नामांतरण आदेश

**अमृत विचार :** तहसील में सरकारी दस्तावेजों की कूटरचना कर जमीन के नामांतरण का एक सुनियोजित फर्जीवाड़ा सामने आया है। डीएम के आदेश पर कराई गई जांच में तहसील के तत्कालीन पेशकार, एक प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर और एक अन्य निजी कर्मचारी को फर्जी आदेश जारी करने का दोषी पाया गया है। मामले में राजस्व विभाग के रजिस्ट्रार कानूनगो ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुवायां में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जांच में सामने आया कि पुवायां तहसील के तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर के स्थानांतरण के बाद एक मामले में उनके फर्जी हस्ताक्षरों के साथ नामांतरण आदेश तैयार कर ई-परवाना जारी किया गया। जब इस आदेश की वास्तविकता पर संदेह हुआ तो वर्तमान तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी ने इस संदिग्ध मामले की सूचना जिलाधिकारी को दी और सारे दस्तावेज उपलब्ध कराए। डीएम के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी द्वारा कराई गई विस्तृत जांच में स्पष्ट हुआ कि यह आदेश तहसीलदार के लॉगिन आईडी का दुरुपयोग कर तत्कालीन पेशकार विजय श्रीवास्तव, प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर जन्नत निवासी लाल इमली चौराहा और प्राइवेट कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार निवासी आनंद वाटिका द्वारा मिलकर तैयार किया गया। एसडीएम चित्रा निर्वाल की रिपोर्ट में कहा गया है कि तत्कालीन तहसीलदार अरुण सोनकर की संलिप्तता जांच में नहीं पाई गई, और उन्होंने स्पष्ट रूप से अपने हस्ताक्षर को फर्जी बताया। रजिस्ट्रार कानूनगो जीवन चंद्र कांडपाल निवासी गांव कान्हे, तहसील रानीखेत अल्मोड़ा ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर नामांतरण कराने के आरोप में विजय श्रीवास्तव, जन्नत, और धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ कोतवाली पुवायां में नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## कावंड़ यात्रा में धर्म की पहचान करने का विरोध

**बरेली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा पूरी शांति के संपन्न हो जाएगी लेकिन उससे पहले जो घटनाएं हो रही हैं, उससे पूरे भारत के मुसलमान चिंतित हैं। कांवड़ यात्रा के रूट पर ठेले या दुकानें लगाने वालों के धर्म की पहचान कराने के नाम पर उनकी पैंट उतारी जा रही है। जिसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक दायरे में रहने की बात कहता है। मुसलमान अपनी पहचान नहीं छुपाए। सभी ठेले वाले अपना नाम जरूर लिखें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आगे निकलने की होड़ कर रहे हैं।

## छपरा-आनंद विहार टर्मिनस स्पेशल ट्रेन का संचालन कल से

**बरेली, अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए 05317/05318 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा स्पेशल ट्रेन का संचालन 5 और 12 जुलाई को शनिवार को छपरा से और 6 और 13 जुलाई रविवार को आनंद विहार टर्मिनस से दो फेरों के लिए किया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 05317 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 5 और 12 जुलाई को छपरा से 19:45 बजे चलकर सिवान 21:05 बजे, देवरिया सदर 22:10 बजे, गोरखपुर 23.35 बजे, दूसरे दिन बस्ती से 00:50 बजे, गोंडा 02:25 बजे, शाहजहांपुर 06:10 बजे, बरेली 07320 बजे, मुरादाबाद 9 बजे छूटकर आनंद विहार टर्मिनस 12:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05318 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा 6 और 13 जुलाई को आनंद विहार टर्मिनस से चलेगी।

### महिला महाविद्यालय में भी प्रवेश शुरू

साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में भी स्नातक और परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों में बीए व अन्य की 460 सीटें हैं।

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृष्णा आढ़त केन्द्र द्वारा प्रोपराइटर सुभाष चन्द्र गुप्ता, निवासी नवाबगंज, बरेली ने एक कामर्शियल सम्पत्ति रकबई 302.97 वर्ग मी० वाकै कस्बा नवाबगंज, मोहल्ला दयालपुरा, परगना व तहसील नवाबगंज व जिला बरेली को एक्सिस बैंक लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 16.09.2004 वहीं सं0 – 1 जिल्द संख्या–872 पृष्ठ संख्या – 395 से 414 क्रमांक 5933 स0र0 तहसील नवाबगंज, जिला बरेली में हुई कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 01.07.2025 को पुलिस को दी जा चुकी है । उक्त मूल बैनामें की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा ।

**राजीव त्रिपाठी, एडवोकेट**
कार्यालय :– गौहनिया चुंगी चौराहा, निकट गुप्ता पैट्रोल पम्प, पीलीभीत। मो0नं0–9412585442

**पब्लिक नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वसीम ज्वैलर्स द्वारा प्रोपराटर वसीम अहमद खान पुत्र श्री शमीम अहमद खान, निवासी वार्ड नं0 5 ककराला, पोस्ट ककराला, जिला बदायूँ ने एक सम्पत्ति रकबई 141.17 वर्ग मी. वाकै वार्ड नं0 5 कस्बा, ककराला, परगना उसैत, तहसील दातागंज, जिला बदायूँ को एक्सिस बैंक लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 14.10.2009 वहीं सं0–1 जिल्द संख्या–2472 पृष्ठ सं0 293 से 332 क्रमांक 4883 स.र. तहसील दातागंज, जिला बदायूँ में हुई कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 03.07.2025 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामें की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है । उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**राजीव त्रिपाठी, एडवोकेट**
कार्यालय :– गौहनिया चुंगी चौराहा, निकट गुप्ता पैट्रोल पम्प, पीलीभीत। मो0नं0–9412585442

**कार्यालय ग्राम पंचायत लश्कर पुर ओईया विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

दिनांक : 02.07.2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गौशाला लश्कर पुर ओईया विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 07.07.2025 को दोपहर 02:30 बजे पंचायत घर पर की जाएगी।

**सचिव** **प्रधान**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी**

पत्रांक: 1188/जननिर्माण/एम.बी.एल.2025–26 दिनांक: 02.07.2025

**पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निदेशक, स्थानीय निकाय, निदेशालय, उ.प्र. सेक्टर–7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के पत्र संख्या–8/5197/320 (4)/15 वां वि.आ./2024–25, लखनऊ दिनांक 18 अक्टूबर 2024 द्वारा 15 वें वित्त आयोग की (अनटाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/ पब्लिक सेक्टर विभाग/ राज्य सरकार / केन्द्र सकरार / अन्य सरकारी में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यों हेतु दिनांक 03.07.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 10.07.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि– 03.07.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि– 10.07.2025 सायं 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि– 11.07.2025 प्रात: 11:00 बजे से।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमिति रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट एवं पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करे।

**संजय कुमार (अधिशासी अधिकारी)** नगर पालिका परिषद, लखीमपुर
**डॉ. इरा श्रीवास्तव (अध्यक्ष)** नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बदायूं**

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2025–1260 दिनांक: 03.07.2025

**दुकान आवंटन / नीलामी सूचना**

नवीन मण्डी स्थल, बदायूं / मण्डी क्षेत्र में रिक्त दुकानों/ए.एम.एच. का आवंटन/नीलामी दिनांक 22.07.2025 को समय पूर्वान्ह 11:30 बजे मण्डी समिति, बदायूं के सभागर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/मण्डी समिति बदायूं में पंजीकृत फर्म रू. 280/– नगर जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र मण्डी कार्यालय से प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर पंजीयन धनराशि का बैंक ड्राफ्ट एवं जाति प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों) संलग्न कर दिनांक 19.07.2025 को सायं 05:00 बजे तक मण्डी समिति बदायूं के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। दुकानों एवं पंजीकरण धनराशि का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. | दुकानों का विवरण | दुकानों की श्रेणी | प्रखण्डवार रिक्त दुकानों की सं. | दुकानों के नम्बर के अनुसार आरक्षण का विवरण | | | न्यूनतम प्रीमियम | पंजीकरण धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनु. जाति | अ.वि. वर्ग | अनारक्षित | | |
| 1 | खाद्यान्न प्रखण्ड | "ब" श्रेणी | 01 | – | – | 08 एवं 14 | 2,34,000 | 23,500 |
| 2 | खाद्यान्न प्रखण्ड | "स" श्रेणी | 02 | 01 एवं 05 | – | – | 1,03,000 | 10,500 |
| 3 | फल–सब्जी प्रखण्ड | "स" श्रेणी | 01 | 05 | – | – | 2,17,500 | 22,000 |
| 4 | ए.एम.एच. दुगरईया | – | 02 | 01 | 03 | – | 22,800 | 2,500 |

समस्त धनराशि पर 18% जी.एस.टी. देय होगा। नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। दुकानें जहां है जैसी है की स्थिति में आवंटित होंगी, आवंटन के पश्चात् कोई भी मांग मान्य नहीं होगी।

**प्रभात यादव (सचिव)** **सुरेश कुमार पाल (सभापति)**

# वरुण अर्जुन कॉलेज में छात्रों ने मां के नाम रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पौधारोपण करने जाते विद्यार्थी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मंगलवार को वन महोत्सव एक बेहद भावनात्मक और प्रेरणादायक रूप में मनाया गया। एक वृक्ष मां के नाम की मुहिम के तहत कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी-अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाकर न सिर्फ पर्यावरण बचाने का संदेश दिया, बल्कि मां के प्रति अपनी श्रद्धा भी प्रकट की।

कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने अपनी मां के नाम पौधा लगाकर की। उनके इस कार्य ने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और वृक्षारोपण के प्रति जोश से भर दिया। इस दौरान वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान, डॉ. मानसी अग्रवाल, प्रिया उपाध्याय, राजेंद्र गुप्ता, रूबी गंगवार सहित कई शिक्षक एवं विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान नीम, शीशम, अशोक और गुलमोहर जैसे पौधे लगाए गए, जो न केवल पर्यावरण शुद्ध करने में सहायक हैं बल्कि औषधीय गुणों से भरपूर भी हैं। हर पौधे के साथ एक वृक्ष मां के नाम शीर्षक और एक क्यूआर कोड लगाया गया, जिससे भविष्य में उनके विकास पर नजर रखी जा सके।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन, बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और बताया कि वृक्षारोपण ही एक ऐसा साधन है जो इन खतरों को कम करने में अहम भूमिका निभा सकता है। पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर वायुमंडल को शुद्ध करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और जल स्तर संतुलित बनाए रखते हैं। वाइस चांसलर डॉ. किरण अग्रवाल ने कहा, वृक्ष मानव जीवन के लिए वरदान हैं। ये दवाइयों से लेकर शुद्ध हवा तक प्रदान करते हैं। हमें ''पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ!'' जैसे नारों को व्यवहार में लाना होगा। प्राचार्य डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा, वृक्षारोपण केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि मां जैसे पावन रिश्ते को समर्पित एक सच्चा उपहार है। प्रशासनिक अधिकारी ललित चौहान ने छात्रों से अपील की कि "हर पौधा एक वादा है – शुद्ध भविष्य का। डॉ. अमित सिंह ने इसे समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए वृक्षों को हमारे सच्चे मित्र कहा।

- हरियाली ही खुशहाली के मंत्र के साथ दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

### छात्रों को दी बधाई

समापन अवसर पर प्रो चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एलआर वर्मा और डीन डॉ. आरएन शुक्ला ने छात्रों को बधाई दी और कहा, इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल सामाजिक चेतना जागती है, बल्कि सेवा भाव और प्रकृति के प्रति समर्पण भी बढ़ता है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने की प्रेरणा दी।

# कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–191/न0पं0कि0 / अ0नि0सू0/2025–26 दिनांक–03–7–2025

## अल्पकालिक निविदा सूचना

समस्त फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर में राज्य वित्त आयोग / नगर निधि मद से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक–04.07.2025 से दिनांक–16.07.2025 को समय 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा प्रपत्र दिनांक– 04.07.2025 से 16.07. 2025 तक समय 02:00 बजे तक नगद शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक 17.07.2025 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष महोदय को होगा, तथा प्रत्येक निविदादाता के साथ धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत नकद व राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र / एफ0डी0आर / टी0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**राज्य वित्त आयोग / नगर निधि–**

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जीएसटी सहित | धरोहर धनरशि 02 प्रतिशत | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड निजामुद्दीननगर में नसरूल्लाहपुर पर मदनी के से पूरब कमरूलहुदा के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 9.47 | 1000 +180 = 1180 | 18940 | 03 माह |
| 2 | वार्ड मुजफ्फरनगर में कमरूलहुदा के मकान से पूरब आजाद अली के मकान के आगे तक नाला निर्माण कार्य। | 8.84 | 900+162 = 1062 | 17680 | 03 माह |
| 3 | वार्ड मुजफ्फरनगर में सूरजलाल के मकान से पूरब रविशंकर शिशुपाल के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 8.59 | 900 +162 = 1062 | 17180 | 03 माह |
| 4 | वार्ड मुजफ्फरनगर में शिशुपाल के मकान के आगे से पूरब तरफ प्रमोद का मकान होते हुए अमन के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 8.21 | 900 +162 = 1062 | 16420 | 03 माह |
| 5 | वार्ड मुजफ्फरनगर में विनोद के जमीन से पूरब तिराहे तक नाला निर्माण कार्य। | 9.85 | 1000 +180 = 1180 | 19700 | 03 माह |
| 6 | वार्ड मुजफ्फरनगर में सलीम के मकान से पूरब पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | 6.31 | 700+126 = 826 | 12620 | 03 माह |
| 7 | वार्ड निजामुद्दीन नगर में पुलिया से दक्षिण अ0हई के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 9.46 | 1000+180 = 1180 | 18920 | 03 माह |
| 8 | वार्ड निजामुद्दीन नगर में एहसानुल्लाह के मकान से पूरब पुलिया के आगे तक नाला निर्माण कार्य। | 8.38 | 900+162 = 1062 | 16760 | 03 माह |
| 9 | वार्ड 01 अम्बेडकरनगर में प्रिंस होटल से पूरब बगहा तालाब तक मिट्टी पटाई का कार्य । | 2.45 | 300+54 = 354 | 4900 | 03 माह |
| 10 | वार्ड 01 अम्बेडकरनगर में मधुवन के सामने पूरब तरफ तालाब के पहले अजय के मकान तक मिट्टी पटाई का कार्य । | 1.54 | 200+36 = 236 | 3080 | 03 माह |
| 11 | वार्ड मखदूमनगर दरगाह मे मनोज निषाद के मकान से पूरब संजय निषाद के मकान तक मिट्टी पटाई का कार्य । | 3.42 | 400+72 = 472 | 6840 | 03 माह |
| 12 | वार्ड 14 बसखारी उत्तरी में नेशनल मेडिकल स्टोर (इमली का पेड़) से पूरब उत्तरी पटरी पर संतोष के मकान तक नाला निर्माण कार्य | 9.99 | 1000+180 = 1180 | 19980 | 03 माह |

**– शर्त–**

11. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
12. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
13. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
14. निविदा स्वीकृत होने के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं0–622/23–12–2012–2 आर्डर/08 टीसी दिनांक–08–08–2012 में निहित निर्देशों के अनुसार कार्य के विभागीय दरों से निविदा 01 से 10 प्रतिशत तक दर कम होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कमी पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक दरों की कमी पर प्रति 01 प्रतिशत अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफॉरमेंस गारण्टी धनराशि देय होगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
15. निविदादाता का ई0पी0एफ0 में पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
16. 100/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्व–घोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप पर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल से भली–भांति परिचित हो लें।
18. ठेकेदार द्वारा कार्य स्वीकृत होने पर कार्य स्थल का पंजीयन श्रम विभाग से कराना अनिवार्य होगा।
19. निर्माण कार्यो का भुगतान धन उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
20. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा**
**अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा**
**अम्बेडकरनगर**

# जेल में स्मैक तस्कर के आरोपी की मौत, परिजनों का हंगामा

## अवैध हिरासत में रखकर पीटने और 10 लाख रुपये लेने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मणिपुर से कच्चे माल को लाकर फैक्ट्री में स्मैक बनाने के आरोप में बुधवार को जेल भेजे गए फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मनकरी गांव निवासी आदेश तिवारी (27) की एक दिन बाद ही गुरुवार को जिला जेल में मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही एसओजी टीम पर आदेश को अवैध रूप से हिरासत में रखकर पिटाई करने और 10 लाख रुपये रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया।

एसओजी और इज्जतनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहल्ला नई बस्ती सराय कस्बा फतेहगंज पश्चिमी निवासी अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, गांव तिलियापुर के हारुन के साथ ही गांव मनकरी निवासी आदेश तिवारी को स्मैक बनाने और उसे सप्लाई करने के आरोप में बुधवार को जेल भेजा था। बंदी आदेश से मिलने के लिए उसके बड़े भाई अंशू और भाभी गौरी गुरुवार को जिला जेल पहुंचे थे। मुलाकात स्थल पर आदेश अपने भाई और भाभी से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान बंदी आदेश की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

> इज्जतनगर पुलिस ने आदेश तिवारी समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इनके कब्जे से सात करोड़ रुपये की स्मैक बरामद हुई थी। डॉक्टरों के पैनल से वीडियो ग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **आशुतोष शिवम**, सीओ प्रथम

- **टीम ने स्मैक तस्करी में भेजा था जेल, वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक जांच को पत्र लिखा**

बंदी आदेश की मौत पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और आरोपी पुलिस कर्मियों की मांग को लेकर जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस दौरान परिजनों ने एसओजी पर अवैध हिरासत में रखकर मारपीट करने और दस लाख रुपये की रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया। उधर, वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने जिला जेल में आदेश की मौत के मामले की न्यायिक जांच के लिए भी पत्र लिखा है।

# धार्मिक पहचान करने वाले पहलगाम के आतंकियों की तरह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सावन माह से पहले गुरुवार को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बयान जारी कर कहा है कि कांवड़ यात्रा में जो लोग सच्ची आस्था के साथ निकलते हैं वह दंगाई नहीं हो सकते। कावड़ यात्रा के नाम पर मुजफ्फरनगर में ढाबों पर कपड़े उतारकर जो लोग धार्मिक पहचान कर रहे हैं वह उन आतंकियों की तरह हैं जिन्होंने पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दोषों को मार दिया। उसमें फर्क इतना है कि पहलगाम में आए आतंकी विदेशी थे और पैंट उतारकर पहचान करने वाले देशी हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसे लोगों पर भी आतंकवाद के तहत कार्रवाई होनी चाहिए।

मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि सब्जी और फल बेचने वालों से कावंड यात्रा कैसे अपवित्र हो सकती है, लेकिन फिर भी अगर शासन का आदेश है कि नेम प्लेट लगा कर पहचान जाहिर होनी चाहिए तो इस आदेश पर अमल किया जाना चाहिए। मौलाना ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि हम मुसलमान हैं। हमें अपनी पहचान जाहिर करनी चाहिए, हमारी पहचान दाढ़ी और टोपी है। सभी मुसलमान चाहे वह सरकारी ओहदे पर हो या फिर अपना कोई कारोबार कर रहा है। अगर सभी दाढ़ी-टोपी की पहचान को जाहिर करें तो इस तरह के आदेश खुद ब खुद बंद हो जाएंगे।

मौलाना ने कहा, हिन्दू भाई तिलक के साथ और मुसलमान दाढ़ी-टोपी के साथ रहे। उन्होंने कहा, जो लोग अपनी पहचान छिपाते हैं, इसी वजह से इस तरह की नौबत आती है। जब भी कोई सरकार आती है तो संविधान की शपथ लेकर आती है। धर्म के आधार पर किया जा रहा भेदभाव या नफरत संविधान की ली गई शपथ का उल्लंघन है। आईएमसी मीडिया प्रभारी रहे मुनीर इदरीसी ने बताया के एक चैनल से बात करते हुए मौलाना यह बात कही थी।

# स्नातक की आज जारी होगी मेरिट

**बरेली, अमृत विचारः** बरेली कॉलेज स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट जारी करेगा। इस बार सीटों के सापेक्ष दोगुने आवेदन आए हैं, जो पिछले साल से भी अधिक हैं। इससे साफ है कि बीएससी जीव विज्ञान, बीए, बीबीए और बीसीए की मेरिट भी काफी हाई जाएगी। पहली मेरिट के प्रवेश पूरे होने के बाद दूसरी मेरिट जारी की जाएगी।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को स्नातक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और बीसीए की पहली मेरिट जारी की जाएगी। इन पाठ्यक्रमों में 5368 सीटों पर प्रवेश के लिए 10769 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जबकि पिछले साल करीब नौ हजार आवेदन आए थे। इस बार आवेदनों की संख्या अधिक होने की वजह से मेरिट हाई रहेगी। वहीं बीएससी गणित में सीटों के सापेक्ष कम आवेदन आए हैं। इसकी वजह से 20 जून से प्रवेश शुरू कर दिए गए।

# 9 जुलाई को मनाया जाएगा मुफ्ती-ए-आजम का कुल

**बरेली, अमृत विचार :** आला हजरत के छोटे बेटे मुफ्ती-ए-आजम हिंद के एक रोजा 45 वें उर्स का गुरुवार को पोस्टर जारी किया गया। 9 जुलाई को उर्स दरगाह ताजुश्शरिया में काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां की सरपरस्ती और सदारत में मनाया जाएगा।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि देश भर से उलमा और जायरीन उर्स ए नूरी में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को उर्स का आगाज फजर की नमाज के बाद कुरानख्वानी से होगा। उसके बाद रात करीब 10 बजे नात-ओ-मनकबत और बाहर से आए उलमा की तकरीरें होंगी।

# ठग ने आर्मी अफसर बताकर लगाया 70 हजार का चूना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आर्मी अफसर बताकर जालसाज ने बारादरी थाना क्षेत्र के युवक से 70 हजार रुपये ठग लिए। खुद को आर्मी अफसर बताने वाले ठग ने युवक के मोबाइल फोन पर क्यूआर कोड भेजकर रुपये ट्रांसफर करा लिए। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के जगतपुर नई बस्ती निवासी मोहम्मद अथर ने बताया कि उसे 30 जून को फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को आर्मी का कर्नल विजय कुमार बताया और कहा कि उसके खाते में गलती से 91 हजार ट्रांसफर हो गए हैं। भरोसा दिलाने के लिए उसने दो अलग-अलग रकम 10 हजार और 81 हजार ट्रांसफर होने के फर्जी मैसेज भी भेजे। अथर ने भरोसे में आकर आरोपी के भेजे गए एक क्यूआर कोड पर 25 हजार और 10 हजार और दूसरे क्यूआर कोड पर 25 हजार व 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब शाम को उसे रुपयों की जरूरत पड़ी और वह एटीएम पहुंचा तो पता चला कि उसके खाते में कोई रकम नहीं है। स्टेटमेंट चेक करने पर खुलासा हुआ कि उसके खाते में कोई रकम आई ही नहीं थी। उसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने आरोपी के मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने बात करने से साफ इनकार कर दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## परीक्षाएं खत्म, मूल्यांकन भी हुआ शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध विद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक और परास्नातक की परीक्षाएं गुरुवार को लगभग खत्म हो गईं। एक–दो प्रश्नपत्रों की परीक्षा 5 और 7 जुलाई को शेष है। इसके अलावा नर्सिंग और मेडिकल की ही परीक्षाएं शेष रह जाएंगी। अब ग्रीष्मकालीन अवकाश भी समाप्त हो जाएगा। इसके बाद परिसर और महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। वहीं परीक्षाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है, ताकि समय पर परिणाम जारी कर दूसरे और तीसरे वर्ष की कक्षाएं शुरू की जा सकें।

## अवंतीबाई महाविद्यालय में भी मेरिट रहेगी हाई

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई। विश्वविद्यालय, समर्थ पोर्टल और महाविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाली छात्राओं के आवेदन पत्र दस्तावेज के साथ गुरुवार को महाविद्यालय में जमा हुए। इन आवेदनों की जांच के बाद 5 जुलाई को मेरिट जारी की जाएगी। प्रवेश प्रभारी प्रो. संध्या सक्सेना ने बताया कि बीए में 720 सीटों के सापेक्ष 495, बीएससी बॉयो में 80 सीटों के सापेक्ष 148, बीएससी गणित में 80 सीटों के सापेक्ष 18 और बीकॉम में 160 सीटों के सापेक्ष 41 आवेदन आए हैं।

## कैंटीन में एमबीए के विद्यार्थियों में नोकझोंक

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में कैंटीन के पास गुरुवार को एमबीए के विद्यार्थियों में नोकझोंक हो गई। सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड और सुरक्षा प्रभारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कुछ विद्यार्थी मौके से भाग गए। बताया जा रहा है कि किसी लड़की की वजह से विद्यार्थियों में कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने से पहले ही शिक्षक पहुंच गए। चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविंद्र सिंह ने बताया कि कैंटीन के पास विद्यार्थी इकट्ठे हो गए। मामूली कहासुनी हुई थी। प्रॉक्टोरियल बोर्ड के पहुंचने से पहले ही सब वहां से चले गए।

# बिजली के खंभे में उतरे करंट से सात वर्षीय बच्चे की जान गई

**अमरोहा, अमृत विचारः** नौगांवा सादात के मोहल्ला फरीदी वाली गली नई बस्ती में रईस का धेवता 7 वर्षीय सूफियान पिछले दो साल से उन्हीं के घर पर रहकर मदसरे में पढ़ाई कर रहा था। मोहर्रम के चलते नौगांवा सादात में इन दिनों मदरसों की छुट्टी चल रही है। इस समय सूफियान की मां सायरा भी आईं हुई हैं। बुधवार की देर शाम सायरा कस्बे में दूसरी रिश्तेदारी में होकर सुफियान के साथ अपने पिता के घर लौट रही थी। मां-बेटा घर से थोड़ा पहले एक बीड़ी के कारखाने के सामने पहुंचे।

कारखाने में सामने सड़क पर खड़े लोहे के खंभे पर उतरे करंट की चपेट में आकर सुफियान की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## एक नजर

### मथुरा के मुड़िया पूर्णिमा मेले के लिए चलेंगी 1000 अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि शुक्रवार 4 जुलाई से मथुरा में शुरू हो रहे मुड़िया पूर्णिमा मेला में पहुंचने के लिए परिवहन निगम द्वारा इस क्षेत्र में 1000 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगरा क्षेत्र से 250 बसें, अलीगढ़ क्षेत्र से 150 बसें ,गाजियाबाद क्षेत्र से 150 बसें, मेरठ क्षेत्र से 100 बसें ,इटावा क्षेत्र से 150 बसें, मुरादाबाद क्षेत्र से 100 बसें और बरेली क्षेत्र से 100 बसों समेत कुल आवंटित एक हजार बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि 4 जुलाई से 11 जुलाई तक राजकीय मुड़िया पूर्णिमा गोवर्धन मेला मनाया जाना है, मुख्य पर्व 10 जुलाई को है।

### तीन आईपीएस का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शासन ने गुरुवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। जारी आदेश के अनुसार एडीजी भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अशोक मुथा जैन को एडीजी गोरखपुर बनाया गया। वहीं, दो प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी देख रहे पीसी मीणा से सीएमडी पुलिस आवास निगम का कार्यभार हटा दिया गया। वह अब सिर्फ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं रहेंगे। वहीं, एडीजी जोन गोरखपुर डॉ. केएस प्रताप कुमार को सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया है।

# एलडीए को मिली जेपीएनआईसी परियोजना, सोसाइटी भंग

## अधूरी परियोजना को पूरा करेगी योगी सरकार , परियोजना को पूरा करने और संचालन की जिम्मेदारी भी संभालेगा एलडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंप दिया। साथ ही, परियोजना के संचालन के लिए गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग कर दिया गया। सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने, इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी एलडीए को दी है।

मंत्रिमंडल ने जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए परियोजना को यथास्थिति एलडीए को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। अब एलडीए न केवल इस केंद्र का संचालन करेगा, बल्कि इसके रखरखाव और पूरा करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाएगा। परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने, प्रक्रिया और शर्तें तय करने, सोसाइटी की सदस्यता समाप्त करने और अन्य अनुषांगिक कार्यों के लिए एलडीए को पूरी तरह से



अधिकृत किया गया है। यह कदम परियोजना को पारदर्शी और कुशल तरीके से जनता के हित में उपयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**प्राइवेट पार्टनरशिप से होगा संचालन :** एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरईएफ) और लीज या रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से निजी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना के बचे हुए कार्य पूरे होंगे, बल्कि इसका रखरखाव और संचालन भी बिना अतिरिक्त सरकारी खर्च के सुनिश्चित होगा। यह मॉडल परियोजना को आत्मनिर्भर बनाने और जनता के लिए उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 821.74 करोड़ का लोन 30 साल में चुकाने की शर्त

यह भी निर्णय लिया गया कि जेपीएनआईसी परियोजना के लिए शासन द्वारा अब तक अवमुक्त 821.74 करोड़ रुपये की धनराशि को एलडीए के पक्ष में स्थानांतरित लोन माना जाएगा। एलडीए को इस राशि को आगामी 30 वर्षों में चुकाना होगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वित्तीय बोझ को व्यवस्थित तरीके से संभाला जाए, साथ ही परियोजना जनता के लिए उपलब्ध हो सके।

### वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से घिरी रही परियोजना

जेपीएनआईसी, जिसे सपा सरकार ने 2013 में शुरू किया था, शुरू से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद परियोजना में अनियमितताओं की जांच शुरू हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। कैग की रिपोर्ट में बिना टेंडर के काम कराने और लागत में अनावश्यक वृद्धि जैसे आरोप सामने आए थे। 860 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद परियोजना अधूरी रही, जिसे अब योगी सरकार एलडीए के माध्यम से पूरा करेगी।

### विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगी लैस

जेपीएनआईसी परियोजना के तहत लखनऊ में एक आधुनिक और विश्वस्तरीय केंद्र विकसित किया जा रहा है। इसमें राज्य स्तर का ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की सुविधा होगी। इसके अलावा, 750 चार पहिया वाहनों की मल्टी-लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। ये सुविधाएं जनमानस के लिए खुली होंगी, जिससे लखनऊ के नागरिकों को एक आधुनिक और बहुउद्देश्यीय केंद्र का लाभ मिलेगा।

### आमजन के लिए खोलने की दिशा में अहम कदम

राज्य सरकार का यह फैसला जेपीएनआईसी को आमजन के लिए खोलने की दिशा में एक अहम कदम है। पिछले आठ वर्षों से बंद पड़े इस केंद्र को अब एलडीए के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। यह केंद्र न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, खेल और सम्मेलन केंद्र के रूप में उभरेगा। यह कदम सपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार से दागी इस परियोजना को नया जीवन देने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

### एलडीए को सौंप कर बेचना आसान होगा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बंद पड़े सपा के ड्रीम प्रोजेक्ट जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के हवाले कर संवारने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके लिए गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में जेपीएनआईसी की सोसायटी को भंग कर, जिम्मेदारी एलडीए को सौप दी गई है। कैबिनेट के इस फैसले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जेपीएनआईसी को एडीए को दिया तो वापस लेना आसान होगा, फिर सरकार द्वारा इसे आसानी से बेचा जा सकता है।



सपा प्रमुख की टिप्पणी के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को आड़े लेते हुए कहा कि अखिलेश यादव जिस तरह से जेपीएनआईसी को लेकर हंगामा मचा रहे हैं, उनकी सरकार का 2012-2017 का कार्यकाल काम के लिए नहीं, बल्कि कारनामों के लिए जाना जाता है। जो प्रोजेक्ट सिर्फ़ 265 करोड़ का था, उसे बढ़ाकर 864 करोड़ कर दिया गया और 821 करोड़ खर्च करने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ।

# नई भवन उपविधियों और जोनिंग रेगुलेशन्स को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 को लागू करने का फैसला लिया गया है। राज्य के शहरी विकास को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। नई उपविधियां शहरी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने और मानकों को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी।

**मंत्रिमंडल के फैसले**

**औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन :** उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की 20 और 27 मार्च को हुई बैठकों की संस्तुतियों को स्वीकृति दी गई। साथ ही, त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के तहत 7 मार्च 2025 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुतियों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस कदम से राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को स्वीकृति :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सृजित करके रेग्युलेशन नीति बनाई गई है। मंत्रिमंडल में रोजगार प्रोत्साहन नीति जारी की गई, इसके तहत अलग-अलग उद्योगों के लिए अलग-अलग सब्सिडी दी जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि कई बड़ी कंपनियों को सब्सिडी की घोषणा की गई है। वहीं, भाषा संस्थान के कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्त करने की उम्र 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई है।

**डॉ. केएन मोदी विवि की स्थापना का रास्ता साफ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में डॉ. केएन. मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

# अयोध्या में एनएसजी हब के लिए दी जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मंत्रिमंडल ने अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एनएसजी हब की स्थापना के लिए 8 एकड़ भूमि 99 वर्षीय लीज पर गृह मंत्रालय के पक्ष में निःशुल्क आवंटित और अंतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना के लिए छावनी गौरा बारिक 'कैंटोनमेंट क्षेत्र अयोध्या' परगना हवेली अवध, तहसील सदर की भूमि दी है। इस संबध में अयोध्या के डीएम द्वारा अनुरोध किया गया था, जिसके बाद गृह विभाग से राय लेने के बाद वित्त विभाग ने प्रावधानों को शिथिल किया है। हालांकि यह हस्तांतरण अपवाद स्वरूप होगा। इसे भविष्य में उदाहरण नहीं माना जाएगा।

### खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं कर सकेंगी काम

**अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है।

**व्यापारियों पर अपील की राशि का बोझ किया कम**

राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर (संशोधन) अध्यादेश पर मुहर लगायी है। इसी के साथ केंद्र द्वारा जीएसटी में किए गए कई संशोधनों को उप्र. में भी लागू कर दिया गया। इसके तहत व्यापारी को अपील करने के लिए पहले राशि का 25 फीसदी जमा करने की बाध्यता थी। इसे घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल के अनुसार, वित्त अधिनियम 2025 के द्वारा उप्र माल और सेवाकर अधिनियम में किए गए संशोधनों के क्रम में उप्र. माल और सेवाकर अधिनियम में संशोधन किया गया है।

**19 हजार करोड़ सौर ऊर्जा को, 21,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति :** बैठक में गौतमबुद्ध नगर, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर, नोएडा और हाथरस में 21 हजार 252 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। शीघ्र ही सभी कम्पनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जानकारी दी कि अवाडा इलेक्ट्रो प्रालि. को ग्रेटर नोएडा में 202350 वर्ग मीटर भूखंड के आवंटन पर 252.92 करोड़ की फ्रन्ट एण्ड लैंड सब्सिडी प्रोत्साहन राशि के रूप में देने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में उप्र. सौर ऊर्जा में निवेश का बड़ा गढ़ बनेगा क्योंकि 19 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश सौर ऊर्जा क्षेत्र में किया गया है।

# पोर्टल से प्रमाण पत्र देने में कासगंज आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के डिजिटल मुहिम से अब प्रदेशवासियों को प्रमाण पत्र के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से उन्हें घर बैठे आय, जाति, निवास और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र मिल रहे हैं। शासन स्तर पर हुई जून माह की समीक्षा में प्रमाण पत्र देने वाले जिलों में कासगंज सबसे आगे रहा है, जबकि मेरठ दूसरे तो कन्नौज तीसरे स्थान पर है।

कासगंज जिले ने जून माह में 14,013 आवेदनों में से 13,810 आवेदन सफलतापूर्वक स्वीकृत कर आवेदनों का निस्तारण किया है, जिसका औसत 98.55 प्रतिशत है, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसी के साथ कासगंज ने पूरे प्रदेश में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्रों का निस्तारण करने में पहला स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट में बदायूं ने चौथा और सीतापुर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन जिलों में महाराजगंज, मथुरा, कानपुर नगर, एटा और अमेठी ने अपनी जगह बनाई है।

# आईएमएलसी नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर

## मुख्यमंत्री ने की 26 जिलों में 27 क्लस्टर की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास से प्रदेश के 26 जिलों में 27 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की शुरुआत की। उन्होंने प्रदेश में संचालित और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे को प्रदेश की इकॉनमिक ग्रोथ का बैकबोन बताते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब यूपी में एक साथ 5 एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 13,240 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आईएमएलसी की स्थापना हो रही है।

मुख्यमंत्री ने इस लॉन्चिंग को प्रसन्नता का क्षण बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा बताया, जिसमें उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि आज यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के सभी 6 नोड भी एक्सप्रेसवे के किनारे ही विकसित किए जा रहे हैं।



अपने सरकारी आवास से मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री नंदी और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

मुख्यमंत्री ने आईएमएलसी को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए सुरक्षा, लैंडबैंक और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर पहली शर्त होती है और प्रदेश ने इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के उद्घाटन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं इस पर सफर किया, जो तेज रफ्तार के साथ-साथ आरामदायक भी था। सीएम ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को कभी पिछड़ा माना जाता था, जहां निवेशक आने से हिचकते थे, वहां आज आईएमएलसी के रूप में एक बड़ा सपना साकार हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उद्योगों और फैक्ट्रियों को हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल रूप में विकसित करना होगा, ताकि स्थान का अधिकतम उपयोग हो सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

## चुनौतीपूर्ण बना चुनाव कराना, आज से दिल्ली में संघ के दिग्गजों की अहम बैठक, यूपी के लिए भी होगा इशारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग सहमति बन चुकी है। 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का कार्य पूरा होने से अब सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण यूपी का चुनाव पूरा करना है। शुक्रवार से तीन दिन तक संघ की दिल्ली में बड़ी बैठक से यूपी के लिए भी इशारा होना तय माना जा रहा है।

भाजपा के साथ संघ भी यूपी में वर्ष 2027 के विधानसभा के



आम चुनाव के मद्देनजर बेहद संवेदनशील और सतर्क है। बीते लोकसभा चुनाव में हर स्तर पर सपा-कांग्रेस से मजबूत तैयारी के बावजूद जब मतों की गिनती शुरू हुई थी, तो भाजपा के हाथ से यूपी निकलता दिखा था। मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के होते हुए भी सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन 43 सीटें जीतने में कामयाब रहा, जिसमें अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सर्वाधिक 37 सीटें थीं। मुलायम सिंह यादव की जब तूती बोलती थी, तब भी यूपी में इतना शानदार प्रदर्शन कभी नहीं हुआ था।

अगला विधानसभा चुनाव भी सपा-कांग्रेस मिलकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में मुसलमानों का एकजुट वोट बिखरने की कोई सूरत नजर न आने से भाजपा का पूरा फोकस सपा के पीडीए फार्मूले के साथ बसपा के वोटबैंक में बड़ी सेंध लगाने की रणनीति पर है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पिछड़ा या दलित जाति से दमदार व असरदार चेहरा होना जरूरी है। ताकि दौड़-भाग करने में योगी से पीछे न रहे। इसे लेकर कई नामों पर मंथन हो चुका है। लेकिन संघ ने साफ ताकीद कर रखी है कि ऐसा कोई चेहरा न हो, जो योगी से गुटबाजी करता दिखे। इसीलिए 4 जुलाई से संघ की दिल्ली में अपनी कोर ग्रुप की बैठक में यूपी प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर भी नाम तय हो सकता है।

### सपा के बढ़े वोट खतरे की घंटी

सपा को 33 प्रतिशत से अधिक वोट मिलना, आज भी भाजपा के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। जबकि इसके पहले वर्ष 2019 में बसपा के साथ होने के बावजूद वोट ट्रांसफर नहीं हुआ था। हालांकि जब सपा का जलवा था, तब वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान 35 सीटें मिलीं थी, लेकिन वोट प्रतिशत सिर्फ 26 था, जबकि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो सपा को 32 प्रतिशत वोट मिले थे।

### सत्र से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की तैयारी

भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र शुरू होने के पहले तक मिल सकता है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे भाजपा राज्यों के साथ तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, मिजोरम, अंडमान निकोबार का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के बाद अब भाजपा के 37 राज्यों में से 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। भाजपा के इतिहास में यह पहला मौका है कि जब किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, इतने लंबे समय तक नया अध्यक्ष नहीं चुना गया है।


## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू-28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 7 | | | 3 | |
| | 8 | 3 | 4 | | 6 | 1 | | |
| 7 | 9 | | | | | 2 | | 6 |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 7 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 1 | | | 5 | | | 9 |
| 9 | | 8 | | | | | 1 | 5 |
| | | 2 | 3 | | 7 | 4 | 9 | |
| | 4 | | | 1 | 9 | | | |

### सुडोकू - 27 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी-16 .31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 16 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक रहेंगे। उच्चधिकारी आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। शेयर मार्केट में जोखिम भरा निवेश न करें। व्यापार में महत्वपूर्ण अनुबन्ध करने से आज आपको बचना होगा।

**वृष** — आज आप कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दे सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को सुलझाने में रुचि लेंगे। पूरी तरह से अपने कारोबार में फोकस बनाए रखें। कोर्ट-कचहरी को लेकर चल रहे मामलों में विजय होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज नव दंपति किसी पर्यटन का विचार बना सकते हैं। आपकी उपलब्धियों की समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। आज आप मनोरञ्जन संबंधी गतिविधियों में विशेष रुचि लेंगे। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

**कर्क** — आज पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें। व्यापारी थोड़ा परेशान हो सकते हैं। अपनी गलत वृत्तियों पर नियन्त्रण रखें।

**सिंह** — आज आप काफी अच्छा महसूस कर सकते हैं। तीर्थ यात्राओं में जाने का विचार बनायेंगे। आपकी संवादशैली से लोग आकर्षित रहने वाले हैं। मन में अनेक रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कन्या** — आज परिवार में तालमेल की कमी महसूस होगी। नया कारोबार आरंभ कर रहे हैं तो आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है। आज बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। उच्च अधिकारी आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे। धन को लेकर कुछ परेशानी महसूस होगी। आपकी बातों से लोग आहत हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सभी के निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय व्यर्थ न करें। दूसरों से अधिक अपेक्षा रखना ठीक नहीं है।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूर्ण कर लें। गठिया-वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है। जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है।

**मकर** — आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूर्ण रूप से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आप अधिकारियों से परेशान होंगे। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं।

**मीन** — आज दिन आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता महसूस हो सकती है। नए कार्यों में कुछ रुकावटें आने की आशंका है। व्यवसाय में कुछ गतिरोध महसूस हो सकता है। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

# चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.4-6.7% रहेगी

## सीआईआई के चेयरमैन ने जताई संभावना, बोले- जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी



भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7% रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने गुरुवार को यह संभावना जताई।

सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है।

मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे। पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सीआईआई के पूर्वानुमान पर मेमानी ने कहा, हमें अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं, जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए। उन्होंने सीमेंट पर जीएसटी दर को भी 28 प्रतिशत से कम करने का सुझाव दिया।

### भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। गुरुवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि कच्चे माल की लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्क के मुकाबले कम थी। अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाज़ार की निरंतर मज़बूती से सबसे ज़्यादा फ़ायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद : मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी

मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है।

एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय पर मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, द्विपक्षीय आधार पर शुल्क व अन्य व्यापार बाधाओं में कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं।



● रेटिंग्स कंपनी ने कहा- निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अधिक शुल्क से हुईं प्रभावित

मूडीज ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है।

### ब्रिटेन से व्यापार समझौते विकास का करेंगे समर्थन

मई में ब्रिटेन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और यूरोपीय संघ के साथ इसके लिए जारी प्रयास इस तरह के विकास का और समर्थन करेंगे। दो अप्रैल को, अमेरिका ने भारतीय उत्पादों 26 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिन के लिए निलंबित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से छूट चाहता है।

# 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 2 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 8 प्रमुख संपत्ति बाजारों में चालू पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान घरों की बिक्री में दो प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, संपत्ति परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान कार्यालय स्थल पट्टे में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

नाइट फ्रैंक ने गुरुवार को वेबिनार में जनवरी-जून, 2025 के लिए भारतीय रियल एस्टेट बाजार के आंकड़े जारी किए, जिससे पता चला कि इस वर्ष की पहली छमाही के दौरान 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,70,201 इकाई रही। वहीं, जनवरी-जून, 2025 के दौरान पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 41 प्रतिशत बढ़कर 4.89 करोड़ वर्ग फुट हो गई। पूरे 2024 के लिए सकल पट्टा गतिविधियां रिकॉर्ड 7.19 करोड़ वर्ग फुट रही थीं। पहली छमाही के दौरान मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए नाइट फ्रैंक को उम्मीद है कि पूरे साल में पट्टे पर



कार्यालय स्थल की मांग आठ-नौ करोड़ वर्ग फुट के नए उच्चस्तर पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में 8 शहरों में भारित औसत मूल्य में दो से 14 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। सभी आवास बिक्री में से 49 प्रतिशत मकान एक करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे, जबकि 51 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये तक थी। शहरों की बात करें तो मुंबई और अहमदाबाद में घरों की बिक्री जनवरी-जून के दौरान सालाना आधार पर क्रमशः 47,035 इकाई और 9,370 इकाई पर स्थिर रही।

# बैटरी ऊर्जा भंडारण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देगी आईएफसी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक समूह के सदस्य अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने गुरुवार को भारत की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना के निर्माण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई।

संयुक्त बयान के अनुसार परियोजना को ग्रिड स्थिरता को बढ़ाकर और अधिकतम मांग के दौरान विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराकर राज्य के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डिजायन किया गया है। 5.5 करोड़ डॉलर का दीर्घकालिक वित्तपोषण सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर से होगा, जिसमें आईएफसी के खाते से 3.85 करोड़ डॉलर व स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष से 1.65 करोड़ डॉलर का रियायती समर्थन शामिल होगा, जो विश्व बैंक द्वारा संचालित जलवायु निवेश निधि ढांचे के तहत बहु-दाता ट्रस्ट कोषों में से एक है।

# विदेशी कोष कम होने से रियल एस्टेट में निवेश घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने से अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

कोलियर्स इंडिया के अनुसार इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 253.33 करोड़ डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़ डॉलर से आधा होकर 104.84 करोड़ डॉलर हो गया। घरेलू निवेशक उत्साहित रहे और उन्होंने अप्रैल-जून के दौरान 64.28 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 48.65 करोड़ डॉलर से 32 प्रतिशत अधिक है।



● कोलियर्स इंडिया के अनुसार, संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब रहा

कोलियर्स इंडिया के सीईओ बादल याग्निक ने कहा, घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है। 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत रहा। याग्निक ने कहा, उनके बढ़ते प्रभुत्व ने वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने और 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को तीन अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद की है। जनवरी-जून की अवधि में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 299.81 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 352.85 करोड़ डॉलर था।



### एक नजर

#### विधायक अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री, धालीवाल का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तीन वर्षों में सातवां मंत्रिमंडल फेरबदल किया, जिसके बाद लुधियाना पश्चिम से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री बनाया गया, जिसके बाद धालीवाल ने इस्तीफा दिया। धालीवाल के 'एनआरआई मामलों' के विभाग को नवनिर्वाचित विधायक को सौंप दिया गया। अरोड़ा को उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग भी दिया गया है, जो पहले तरुणप्रीत सिंह सोंड के पास था।

#### बंगाल में मंत्री के काफिले पर भीड़ ने किया हमला

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी गुरुवार को पूर्वी बर्धमान जिले में भीड़ द्वारा उनके काफिले पर किए हमले में बच गये। जन शिक्षा विस्तार और पुस्तकालय सेवा मंत्री चौधरी ने 2021 में टीएमसी के टिकट पर पूर्व बर्धमान जिले के मोंटेश्वर विस क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि उनकी जान लेने की कोशिश हुई, क्योंकि पंचायत प्रधान के नेतृत्व में उनकी पार्टी के एक गुट से संबंधित भीड़ ने उनके वाहन पर पत्थर फेंके और विंडस्क्रीन तोड़ दी, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई।

#### बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रा बनी मां, पुलिस को नोटिस

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 10वीं कक्षा की छात्रा की बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रसव होने के मामले में संज्ञान लेते हुए एसपी को नोटिस जारी किया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के अधिवक्ता अखंड की ओर से दायर याचिका पर कार्रवाई करते हुए, एनएचआरसी ने जाजपुर के एसपी से चार सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

# बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- झारखंड में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं की जाएंगी लागू

गढ़वा (झारखंड), एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र झारखंड के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जाएंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड में राजमार्ग क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा।

उन्होंने जनसभा में कहा, मैं झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमने राज्य में 40,000 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में 70,000 करोड़ की लागू कर रहे हैं, जबकि 75,000 करोड़ की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से



● बोले- 36 हजार करोड़ से वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण 2028 तक होगा पूरा

वाराणसी-रांची-कोलकाता हरित गलियारे (ग्रीनफील्ड कॉरिडोर) मार्च 2028 तक पूरा होगा जबकि जनवरी, 2028 तक 12,800 से रांची-वाराणसी आर्थिक गलियारा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बीच 31,700 करोड़ से 6 लेन वाली कॉरिडोर परियोजना जून 2026 तक पूरी होगी। 8,900 करोड़ से बन रहा 4 लेन का रांची-पटना आर्थिक गलियारे का काम दिसंबर 2029 तक हो जाएगा। 16,500 करोड़ से रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारा जनवरी 2028 तक बन जाएगा। गडकरी ने कहा कि चुनाव तक राजनीति होनी चाहिए, लेकिन चुनाव के बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार द्वारा उठाए लोकलुभावन कदमों की ओर इशारा किया। उन्होंने झारखंड सरकार से राज्य में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से मंजूरी और अन्य मुद्दों से संबंधित बाधाओं को दूर करने का भी आग्रह किया।

### 11 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया


गडकरी ने कहा, राज्य में 2014 में 2,600 किमी का राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो अब 4,470 किमी है। मंत्री ने गढ़वा में शंख से खजूरी तक 1,130 करोड़ से बने 23 किमी लंबे 4 लेन वाले राजमार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़-झारखंड अंतर-राज्यीय सीमा से गुमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के 32 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन बनाने के लिए 1,330 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी। गडकरी ने 6,350 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें रांची में 560 करोड़ रुपये का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' भी शामिल है। गडकरी ने कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझे बताया कि वह आज के समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उनके पिता शिबू सोरेन अस्वस्थ हैं और उनका दिल्ली में इलाज किया जा रहा है।

# मानसून सत्र में व्यवधान पैदा नहीं करें पार्टियां : बिड़ला

गुरुग्राम, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा (18वीं) में व्यवधान पहले के मुकाबले कम है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए।

बिड़ला ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने की आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी



● हरियाणा में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को लोस अध्यक्ष ने किया संबोधित

प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। बिड़ला ने कहा, यह बदलाव का समय है। अगर हमें लोकतंत्र को मजबूत करना है और लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना है, तो हमें सुनिश्चित करना होगा कि सदन काम करें। सभी राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान कम करने के प्रयास करने चाहिए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक चलेगा। बिड़ला ने कहा कि वह 2014 से लोकसभा की कार्यवाही देख रहे हैं जब वह पहली बार सदन के सदस्य चुने गए थे।

### जन्मदिन की तैयारी



धर्मशाला : कांगड़ा जिले के मैक्लोडगंज स्थित दलाई लामा मंदिर में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के 90वें जन्मदिन समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस खास अवसर को धूमधाम से मनाने की तैयारियों में बौद्ध भिक्षु जुटे हुए हैं। एजेंसी

# मंडी में बादल फटने से मरने वालों की संख्या 14 हुई, 31 की तलाश

शिमला, एजेंसी

हिमाचल के मंडी में बादल फटने व अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में एक और शव बरामद होने के साथ ही मृतकों की संख्या 14 हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 5 लोग घायल हैं जबकि लापता 31 लोगों की तलाश जारी है।

उन्होंने बताया कि शव थुनाग उपमंडल के रोडे में मिला और उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मंगलवार को मंडी के कई हिस्सों में 10बार बादल फटने, 3 बार बाढ़ और एक भूस्खलन की घटना हुई थी। इससे पहले गुरुवार सुबह दो शव मिले थे। 7 गोहर से, 5 थुनाग से और एक शव मंडी के करसोग उपमंडल से बरामद किया गया।

### 10 स्थानों पर नदियों का जल स्तर सामान्य से अधिक

**नई दिल्ली।** देश भर के उन हिस्सों में जहां बाढ़ की स्थिति बनी है गुरुवार को हालात में सुधार हुआ और 10 नदी निगरानी केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है, जबकि एक दिन पहले ऐसे 12 केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दैनिक बाढ़ पूर्वानुमान बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

# पुराने हो चुके वाहनों के ईंधन पर रोक व्यावहारिक नहीं : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणालियों से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यवहारिक नहीं है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि इस कदम से लोगों में असंतोष है और सरकार उनके साथ खड़ी है।

सिरसा ने कहा कि सरकार ने सुझाव दिया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लागू होना चाहिए। दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों के लिए पेट्रोल पंप से ईंधन भराने पर रोक लगाया था। सरकार के मुताबिक 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन इस आदेश की जद में आएंगे। अदालती आदेश अनुसार सड़कों पर इन वाहनों को चलने की अनुमति नहीं है।

# जांच की प्रगति पर हलफनामा दे बंगाल सरकार : हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार को विधि कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर हलफनामा दाखिल करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को 10 जुलाई को अगली सुनवाई पर उसके समक्ष केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी शामिल थीं।

### विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 25 जून की शाम को कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 3 जनहित याचिकाएं दायर हुई हैं। मुख्य आरोपी कॉलेज का भूतपूर्व छात्र है और संस्थान का संविदा कर्मचारी भी है। खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह विधि छात्रा से जुड़ी इस भयावह घटना के संबंध में याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों पर सुनवाई की अगली तारीख पर एक रिपोर्ट के रूप में जवाब दे।

# दिशा की आत्महत्या जांच में गड़बड़ी नहीं

**मुंबई।** पुलिस ने बंबई हाईकोर्ट से कहा कि पूर्व सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या की और उनकी मौत के मामले में कोई साजिश नहीं मिली। दिशा के पिता सतीश सालियान ने फिर से आरोप लगाया कि उनकी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और हत्या की गई। पुलिस ने अदालत में पिछले महीने दाखिल हलफनामे में कहा कि दिशा ने फ्लैट की खिड़की से छलांग लगाई थी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत युवती पर यौन या शारीरिक हमले के संकेत मिलने का कोई जिक्र नहीं है। दिशा अपने परिवार के साथ विवाद और कारोबारी परेशानियों के कारण काफी तनाव में थी।

# पहले दिन 12 हजार ने किए अमरनाथ गुफा के दर्शन

**श्रीनगर।** अमरनाथ तीर्थयात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,000 से अधिक लोगों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा के पहले दिन कुल 12,348 लोगों ने 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना किया। अधिकारियों के अनुसार इसमें 9,181 पुरुष, 2,223 महिलाएं, 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी और 8 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। अधिकारियों को पहले दिन इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की उपस्थिति की उम्मीद नहीं थी।

वहीं अमरनाथ गुफा जाने को 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू आधार शिविर से रवाना हुआ। 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए तीर्थयात्रा तड़के घाटी से दो मार्गों- अनंतनाग के 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा 14 किमी, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग से शुरू हुई।

# दिल्ली: डांट से नाराज घरेलू सहायक ने की मालकिन और उसके बेटे की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के लाजपत नगर में डांट से नाराज घरेलू सहायक ने मालकिन और उसके किशोर बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बिहार के हाजीपुर निवासी आरोपी मुकेश (24) को उत्तर प्रदेश रेलवे पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वह ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुधवार रात 9. 43 बजे लाजपत नगर निवासी कुलदीप सेवानी की तरफ से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल आई। पुलिस के अनुसार, सेवानी ने बताया कि उनकी पत्नी रुचिका (42) और 14 वर्षीय बेटा फोन नहीं उठा रहे हैं और उनके घर की सीढ़ियों पर खून के



● ट्रेन से भागने की कोशिश के दौरान यूपी की रेलवे पुलिस ने किया गिरफ्तार

धब्बे हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने कहा, पीसीआर वाहन मौके पर पहुंचे जहां घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। घर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिले। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। रुचिका और उसके बेटे के शव घर से बरामद किए गए। महिला का शव शयनकक्ष में मिला जिसका गला रेता था और बेटे का शव स्नानगृह से बरामद किया गया।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

# दूसरे मंगलसूत्र पर सोनम और राज की शादी का संदेह

**इंदौर (मप्र)।** मेघालय में हनीमून के दौरान जान से मार डाले गए इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने एक और मंगलसूत्र के आधार पर गुरुवार को संदेह जताया कि सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह से शादी कर ली होगी। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने कहा, हमें पता चला कि मेरे भाई के हत्याकांड की जांच के दौरान मेघालय पुलिस ने दो मंगलसूत्र बरामद किए हैं। इनमें से एक सोनम हमने दिया था, लेकिन दूसरा इन दोनों की शादी से जुड़ा हो सकता है।

## एक नजर


नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से पहले संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कर्नाटक ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के. गोविंदराज व भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा। ● एजेंसी

### नीरज चोपड़ा ने कर्नाटक सरकार के सहयोग को सराहा

**बेंगलुरु** : दो बार के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने नीरज चोपड़ा क्लासिक को लेकर निरंतर सहयोग के लिए कर्नाटक सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ और युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग की प्रशंसा की है – जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय मार्की भाला फेंक प्रतियोगिता है। शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं और इसे विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली है। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स, खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा गोल्ड लेवल का दर्जा भी दिया गया है–जो इसके पैमाने और महत्व को मान्यता देता है। इस आयोजन की तैयारी में, स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड** : लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### ऋषभ पंत डीपीएल सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे

**नयी दिल्ली** : भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं जिन्होंने पिछले साल शुरूआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइज़ी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है।

### लोनाटो विश्व कप में भाग लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली** : ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी।

# भारत ने पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया

**269** रन
**387** गेंद
**30** चौके
**03** छक्के

## इंग्लैंड ने की खराब शुरुआत, महज 13 रन पर दो विकेट गिरे, आकाश दीप को मिली सफलता

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक (269 रन) से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। उसके दो विकेट बेन डकेट (0) और ऑली पोप (0) महज 13 रन पर गिर गए। दोनों सफलता आकाश दीप को मिली।

शुभमन गिल ने रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 जबकि वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। ब्रेक के समय आकाश दीप उनका साथ निभा रहे थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। पिच हालांकि काफी सपाट है और भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के लिए 20 विकेट चटकाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियां गिल के शानदार दोहरे शतक की चमक को कम नहीं कर पाई। सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की इच्छा व्यक्त करने वाले गिल इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाला पहला एशियाई कप्तान बनने के बाद अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित सीरीज टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली सीरीज है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए जबकि सुंदर ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। सुंदर ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। गिल कुछ देर के लिए 199 रन पर अटके रहे लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उनके जश्न से पता चलता है कि उनके लिए यह प्रयास कितना मायने रखता है जिसकी विपक्षी टीम और इंग्लैंड के प्रशंसकों ने सराहना की। दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में रूट ने सुंदर को बोल्ड करके टीम को दिन की दूसरी सफलता दिलाई।

इससे पहले भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की और सुबह के सत्र में 25 ओवर में जडेजा के रूप में एक विकेट खोकर 109 रन जोड़े। सुबह के सत्र में अधिकांश समय शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति कारगर नहीं रही। टंग ने सत्र के अंत में शॉर्ट गेंद से सत्र की एकमात्र सफलता हासिल की। जडेजा उछाल लेती गेंद को नियंत्रित नहीं कर सके और विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने आसान कैच लपका। एजबास्टन में तेज धूप के बीच जडेजा ने कवर क्षेत्र में बैकफुट पंच और बेन स्टोक्स की गेंद को कट करके दिन की शुरुआत की।

गिल ने क्रिस वोक्स पर थर्ड मैन क्षेत्र में दिन की अपनी पहली बाउंड्री लगाई। गिल ने बशीर के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेले। भारतीय कप्तान को यह शॉट खेलते हुए देखना हैरानी भरा था।


शुभमन गिल।

> हां, शुभमन गिल... आपने सिर्फ नेतृत्व ही नहीं किया – आपने राज किया। पंजाब के दिल से लेकर भारतीय क्रिकेट की आत्मा तक। आपने दुनिया को दिखाया है कि मैदान पर राजसीपन कैसा होता है।
> – पंजाब क्रिकेट संघ

### भारत पहली पारी

**587/10** (151 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी** : वोक्स 25-6-81-2, कार्स 24-3-83-1, टंग 28-2-119-2, स्टोक्स 19-0-74-1, बशीर 45-2-167-3, रूट 5-0-20-1, ब्रूक 5-0-31-0


रविंद्र जडेजा।

### गिल के दोहरे शतक पर युवराज ने कहा, बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया

**नई दिल्ली** : शुभमन गिल के स्पष्ट इरादों ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में जबर्दस्त सफलता दिलाई क्योंकि उन्होंने दोहरा शतक जड़ने को पार्क में टहलने जितना आसान बना दिया। एक समय गिल के मेंटर (मार्गदर्शक) रहे युवराज सिंह ने यह बात कही। भारत की दो विश्व कप जीत के नायक रहे 44 वर्षीय युवराज ने कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मार्गदर्शन किया था जब वे उनके चंडीगढ़ के बंगले में रुके थे। युवराज ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया! शानदार खेला और दोहरे शतक के हकदार थे, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता। हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गिल की कप्तानी की 'शानदार शुरुआत' की सराहना की। अश्विन ने लिखा गिल का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। अब भारत को पूरे दिन बल्लेबाजी करनी चाहिए। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई।

### गिल की रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण : ट्रॉट

**मुंबई** : पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची–समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है।

# जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

**लंदन, एजेंसी**

पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।


भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर व इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर–ब्रंट। ● एजेंसी

**समय : रात 11:05 बजे से**

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड** : नताली साइवर–ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स, डैनी व्याट–हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, इसी वोंग, लिन्सी स्मिथ।

### दीप्ति ने शानदार नतीजों के लिए लंबे ट्रेनिंग सत्र को श्रेय दिया

**लंदन** : आल राउंडर दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय महिला टीम को बेंगलुरु और इंग्लैंड में करीब एक महीने तक चले तैयारी शिविर से काफी फायदा हुआ जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 27 दिन का शिविर लगाया और टीम पांच मैच की टी20 श्रृंखला से आठ दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गई। अभी भारत पांच मैच की टी20 श्रृंखला में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 97 रन और दूसरे मैच में 24 रन से जीत दर्ज की। ओवल में तीसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर दीप्ति ने मीडिया से कहा 'बेंगलुरू में शिविर के दौरान परिस्थितियां कुछ हद तक समान थीं। हवा चल रही थी और हमें इस मौसम के अनुकूल ढलने में मदद मिली। उन्होंने कहा 'हम श्रृंखला से एक या दो हफ्ते पहले यहां आए थे। हर कोई अच्छी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढल गया।



# आधिकारिक सूचना का इंतजार, पर हॉकी के लिए यह अच्छा फैसला : दिलीप टिर्की


**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पाकिस्तानी टीम को भारत की मेजबानी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों में खेलने से नहीं रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हॉकी के लिये अच्छा फैसला है।

खेल मंत्रालय के सूत्र के अनुसार मंत्रालय ने अगस्त में बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में होने वाले जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी की अनुमति देने का फैसला किया है। टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा हमारे पास अभी आधिकारिक सूचना नहीं आई है और मैं भी मीडिया से सुन रहा हूं। लेकिन अगर सरकार ने मंजूरी दे दी है तो यह हॉकी के लिये बहुत अच्छी बात है। तीन ओलंपिक खेल चुके इस महान डिफेंडर ने कहा भारत दो महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में और जूनियर विश्व कप चेन्नई और मदुरै में होगा और दोनों में पाकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं। बीजद के राज्यसभा सांसद रह चुके टिर्की ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेल के प्रचार के लिये अच्छे होते हैं क्योंकि लोगों की इसमें काफी रूचि होती है। इससे खेल के लिये अच्छा माहौल बनता है और टूर्नामेंट की सफलता के लिये भी यह अच्छा होगा।

### पाकिस्तान को भारत में जरूर खेलना चाहिए : बट

**नयी दिल्ली** : भारत में होने वाले आगामी अहम टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होने के फैसले को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रेहान बट ने कहा कि भविष्य में भारतीय टीम को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। भारत में अगस्त में बिहार के राजगीर में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप होना है जिसमें पाकिस्तान प्रतिभागी देशों में से है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी। लेकिन खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में होने वाले आगामी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को खेलने से रोका नहीं जायेगा। रेहान ने पाकिस्तान से भाषा से बातचीत में कहा यह फैसला हुआ है तो काफी सकारात्मक है। मुझे नहीं पता कि हमारी सरकार का क्या फैसला रहता है लेकिन मेरी निजी राय है कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिये और पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत जाकर जरूर खेलना चाहिए। तीन ओलंपिक और दो विश्व कप खेल चुके इस दिग्गज फॉरवर्ड ने कहा आखिर किसी को तो पहला कदम उठाना चाहिये था और अगर पाकिस्तानी टीम भारत जाती है तो भविष्य में भारत को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तानी टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा कि भारत और पाकिस्तान का आपस में खेलना एशियाई हॉकी और खेल की लोकप्रियता के लिये बहुत जरूरी है।



# अल्काराज जीते, सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैरी बुजकोवा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ● एजेंसी

**लंदन, एजेंसी**

दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं।

अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया।

महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुज़कोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।


महिला एकल मैच के दौरान इटली की जैस्मीन पाओलिनी के साथ खेलते समय रूस की कामिला राखिमोवा की पोनी टेल उनकी आंखों में चली जाती है। ● एजेंसी

### एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

**लंदन** : भारत के एन श्रीराम बालाजी ने बृहस्पतिवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक-एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया।


सर्बिया के नोवाक जोकोविक दूसरे दौर के पुरुष एकल में ब्रिटेन के डेनियल इवांस के खिलाफ एक अंक जीतने के बाद खुशी जताते हुए। ● एजेंसी

# यूक्रेनी सीमा के नजदीक मारा गया रूस का शीर्ष जनरल

- यूक्रेन से संघर्ष के बीच अब तक रूस के 10 जनरल मारे जा चुके

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस का एक शीर्ष जनरल यूक्रेन की सीमा के निकट कुर्स्क क्षेत्र में मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की खबर के मुताबिक, रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत यूक्रेन के सुमी क्षेत्र की सीमा से सटे पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में हुई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जनरल मिखाइल की मौत 'सैन्य अभियान' के दौरान हुई। हालांकि, उसने अभियान के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया। गुडकोव को सर्वोच्च उपाधि 'रूसी संघ के नायक' से सम्मानित किया गया था। वह मार्च में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में पदोन्नति से पहले 'क्रैक 155वीं मरीन ब्रिगेड' के कमांडर थे।

कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर खिन्शतेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जनरल गुडकोव को उस समय मार डाला गया, जब वह अग्रिम मोर्चे पर अपने सैनिकों से मिलने गए थे। हालांकि, उन्होंने घटना के बारे में कोई विवरण नहीं दिया और न ही इस बात का खुलासा गया कि उनकी मौत कब हुई। यूक्रेन में रूस के लगभग साढ़े तीन साल के सैन्य अभियान में, मॉस्को ने 10 जनरल के मारे जाने की पुष्टि की है।

# ईरान के आईएईए के साथ सहयोग रोकने पर यूएन ने चिंता जताई

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन)ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अस्थायी रूप से सहयोग समाप्त करने के ईरान के फैसले पर चिंता व्यक्त की है।

यूएन महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा,हमने आधिकारिक निर्णय देखा है, जो चिंताजनक है। महासचिव ने हमेशा ईरान से आईएईए के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है और परमाणु मुद्दों पर सभी देशों के साथ सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ये निर्णय ईरानी संसद में पारित एक कानून के बाद आया है जिसमें आईएईए के साथ सहयोग को तब तक रोकने का प्रावधान है जब तक उसके परमाणु संयंत्रों और वैज्ञानिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती।

## दुनिया भर में आम हो चुके हैं

# कृत्रिम वर्षा के प्रयोग

कृत्रिम वर्षा कराने की प्रक्रिया को क्लाउड सीडिंग भी कहते हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की तैयारी की थी लेकिन बारिश के मौसम में ये फैसला करने पर सवाल उठे तो इसे टाल दिया। कृत्रिम वर्षा दरअसल एक वैज्ञानिक विधि है जिसका उपयोग सूखे, जल संकट या वायु प्रदूषण जैसी परिस्थितियों में किया जाता है। इसकी जरूरत तब पड़ती है जब प्राकृतिक वर्षा न हो रही हो या बहुत कम हो रही हो। कृत्रिम वर्षा के लिए बादलों में कुछ रासायनिक तत्व छोड़े जाते हैं जो उन्हें बरसने के लिए प्रेरित करते हैं। इस तरह की बारिश आपात स्थितियों में थोड़ी राहत तो देती है लेकिन प्राकृतिक वर्षा का विकल्प नहीं होती। हालांकि बदलती मौसमी परिस्थितियों के चलते दुनिया भर में इसका प्रयोग आम हो चला है।



### चर्चित प्रयोग

2023 में दिल्ली में प्रदूषण काफी बढ़ गया था। तब आईआईटी कानपुर ने दिल्ली सरकार के साथ एक क्लाउड सीडिंग प्रोग्राम प्रस्तावित किया। हालांकि पर्याप्त बादल न होने पर इसे टालना पड़ा।

### कृत्रिम वर्षा की तकनीक

कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर आयोडाइड या पोटेशियम आयोडाइड के कण, सामान्य नमक जिसका वैज्ञानिक नाम सोडियम क्लोराइड होता है, सूखी बर्फ और अत्यधिक ठंडे तापमान में लिक्विड प्रोपेन जैसे रासायनिक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। इन कणों को को विमान, ड्रोन या जमीन से रॉकेट और तोप से बादलों में छोड़ा जाता है। ये कण बादल की जल वाष्प को संघनित कर बूंदों में बदल देते हैं, जिसका नतीजा वर्षा के रूप में सामने आता है।

### इसलिए पड़ती है जरूरत

सूखे की स्थिति, सूखे जलाशयों का जल स्तर बढ़ाने, वायु प्रदूषण कम करने और आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों जंगलों की आग बुझाने के लिए कृत्रिम वर्षा का सहारा लिया जाता है। चीन ने वर्ष 2008 में बीजिंग में ओलंपिक के दौरान बारिश को नियंत्रित करने के लिए इस तकनीक का उपयोग किया था।

### बादल न हों तो नहीं होती वर्षा

वैज्ञानिकों के अनुसार कृत्रिम वर्षा की सफलता दर 30 से 50 प्रतिशत तक ही होती है। परिणाम काफी हद तक बादलों की उपयुक्तता पर निर्भर करता है। बादल मौजूद न हों तो यह तकनीक काम नहीं करती।

### भारत में इस्तेमाल

भारत में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के सूखा प्रभावित क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा कराई गई है। बेंगलुरु में जल संकट के दौरान यह तकनीक इस्तेमाल की गई । आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मानसून में कमी और दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए 2023 में इस्तेमाल किया गया। राजस्थान में भी प्रयोग हो चुका है।

### एक बार में खर्च 15 करोड़

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबित एक राज्य को सीजन के हिसाब से औसतन 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। बादलों में रासायनिक तत्व छोड़ने के लिए प्रति घंटा उड़ान पर ही 5 से 15 लाख तक का खर्च आ सकता है, ये हेलीकॉप्टर या विमान पर भी निर्भर करता है और यह लागत बादलों के घनत्व और क्षेत्र के आकार के अनुसार बदल जाती है।

### कुछ दुष्प्रभाव भी हैं

- पर्यावरणीय असंतुलन हो सकता है। कृत्रिम वर्षा से अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक वर्षा में कमी आ सकती है।
- रासायनिक प्रभाव भी संभावित हैं। सिल्वर आयोडाइड जैसे रसायन पर्यावरण और जलीय जीवों पर प्रभाव डाल सकते हैं।
- एक क्षेत्र को वर्षा देने से दूसरे क्षेत्र में सूखा पड़ सकता है। यह न्यायिक और सरकारी स्तर पर नीति संबंधी विवाद हो सकता है।

## एक नजर

### जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया शुरू

**टोक्यो।** जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया गुरुवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। इस 17-दिवसीय चुनाव प्रकिया से यह तय हो जाएगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन सदन में बहुमत बनाए रखने में सक्षम है या नहीं। इस समय सत्तारूढ़ दल निचले सदन में अल्पमत में है एवं सदन में बहुमत बनाए रखने के लिए उसे 50 और सीटें जीतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि कुल 519 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें 152 महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में मुख्य मुद्दा बढ़ती मंहगाई है।

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से पांच की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली जलडमरूमध्य में गुरुवार को एक यात्री जहाज के डूबने से पांच लोगों की मौत की हो गई और 38 लोग लापता हो गए और 23 अन्य बच गए। अधिकारियों के अनुसार लकड़ी का जहाज केएम टुनु प्रतामा जया पूर्वी जावा के बन्युवांगी रीजेंसी में केटापांग बंदरगाह से बाली द्वीप पर जेम्ब्राना रीजेंसी में गिलिमनुक बंदरगाह की ओर जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई थी। इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

### शिकागो में हुई गोलीबारी में मारे गए चार लोग

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो शहर में बुधवार रात को एक रेस्तरां के बाहर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में भर्ती घायलों में तीन की हालत गंभीर है। यह घटना बुधवार देर रात शिकागो के रिवर नॉर्थ इलाके में एक रेस्तरां के बाहर हुई, जहां एक गायक के एल्बम रिलीज की पार्टी आयोजित की गई थी। पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति ने रेस्तरां के बाहर खड़ी भीड़ पर गोलीबारी की और वाहन से तुरंत फरार हो गया।

### एअर इंडिया: वाशिंगटन की उड़ान विएना में रोकी

**मुंबई।** दिल्ली से वाशिंगटन के लिए दो जुलाई को उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान विएना में ईंधन भरने के लिए निर्धारित पड़ाव के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण यात्रा पूरी नहीं कर सका। वाशिंगटन से दिल्ली के लिए वापसी उड़ान भी रद्द कर दी गई। एअर इंडिया के बयान के अनुसार, दो जुलाई को दिल्ली से वाशिंगटन जाने वाली उड़ान संख्या एआई103 विएना में ईंधन भरने के लिए रुकी। विमान की नियमित जांच के दौरान, एक विस्तारित रखरखाव कार्य की पहचान की गई, जिसे अगली उड़ान से पहले ठीक करने की आवश्यकता थी।


# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

## बढ़ेगी भारत की मुश्किल, जयशंकर ने ट्रंप प्रशासन को चिंता से अवगत कराया

**वाशिंगटन, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है।

डॉ. जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर चिंता व्यक्त की है।



जयशंकर गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिले।

### भारत के साथ चीन के लिए भी पैदा होगी समस्या

ग्राहम ने दावा किया है कि इस विधेयक को 84 सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। भारत और चीन रूसी तेल के दो प्रमुख खरीदार हैं और अगर यह विधेयक पारित हो जाता है,तो इससे दोनों देशों के लिए समस्याएं पैदा होंगी। भारत का कहना है कि रूस के साथ उसका तेल व्यापार वैध है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह भारतीय उत्पादों खासकर फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल निर्यात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति दे सकता है।

### अमेरिका-वियतनाम व्यापार समझौते पर चीन ने दी चेतावनी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका-वियतनाम के बीच हुए व्यापार समझौते पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि इससे तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद आया है जिसमें अमेरिका में वियतनामी निर्यात पर 20% टैरिफ और वियतनाम होकर भेजे जाने वाले सामान पर 40% टैरिफ शामिल है। समझौते का उद्देश्य वियतनाम में अमेरिकी व्यवसायों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है। यह वियतनाम को अमेरिकी बाजारों तक पूर्ण पहुंच प्रदान करेगा जिससे अमेरिकी उत्पादों को वियतनाम में शून्य टैरिफ पर प्रवेश मिलेगा। चीन इसलिए नाराज है कि समझौते से उस देश के माल पर 40% टैरिफ लगेगा जिसका उद्देश्य तीसरे देशों, विशेष रूप से चीन से आने वाले सामानों को वियतनाम के माध्यम से अमेरिका में निर्यात होने से रोकना है।

# न्यायालय ने ट्रंप के शरण प्रतिबंध पर रोक लगाई

- कहा- कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन

**सैक्रामेंटो।** एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है।

कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि ट्रंप की जनवरी की घोषणा ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को 'आक्रमण' के रूप में ब्रांड किया गया था और एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली बनाने की कोशिश की गई थी।

उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ मौलिक रूप से असंगत पाया।

# इजराइली गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए

- मारे गए लोगों में 45 गाजा शहर में जरूरी राहत हासिल करने की कर रहे थे कोशिश

**तेल अवीव, एजेंसी**

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों और गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए और इनमें से 45 लोग ऐसे थे जो अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। इजराइल की सेना ने गाजा में हुए इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए तथा गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे 40 अन्य लोग मारे गए। ये फाउंडेशन इजराइल समर्थित नव निर्मित अमेरिकी संगठन है जो गाजा पट्टी में आबादी को भोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गाजा पट्टी पर बुधवार रात और बृहस्पतिवार सुबह हुए हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग मुवासी क्षेत्र में स्थित तंबुओं पर हुए हमलों में मारे गए।

मुवासी क्षेत्र में कई विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इसके अलावा, गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 57,000 से अधिक हो गई है जिनमें वे 223 लापता लोग भी शामिल हैं जिन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। ये मौतें ऐसे समय में हुई हैं जब इजराइल और हमास संभावित संघर्षविराम के करीब पहुंच रहे हैं।

### हिजबुल्लाह ने हथियार छोड़ने से इन्कार किया

**बेरूत।** लेबनान में हिजबुल्लाह समूह ने इजराइल से वास्तविक और रणनीतिक खतरे का हवाला देते हुए हथियार छोड़ने से इन्कार कर दिया है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने फिर से पुष्टि की है कि समूह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। समूह के नेता ने बुधवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में आशूरा परिषद के कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा, हमारे हथियार इजराइल का सामना करने के लिए हैं और हम इस अधिकार को कभी नहीं छोड़ेंगे। हिजबुल्लाह ने कहा है कि संभावित इजराइली आक्रमण के खिलाफ उसके हथियार आवश्यक हैं। कासिम ने अपने भाषण में कहा, इजराइल एक वास्तविक और रणनीतिक खतरा है, न केवल फिलिस्तीन और लेबनान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए।

# लापरवाह ड्राइविंग से मौत पर बीमा कंपनी मुआवजा देने को बाध्य नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार किया, याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमा कंपनियां उन व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं जिनकी मौत उनके तेजी से एवं लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हो।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तेज गति से कार चलाते समय मारे गए एक व्यक्ति की पत्नी, बेटे और माता-पिता द्वारा मांगे गए 80 लाख रुपये के मुआवजे को देने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के पिछले साल 23 नवंबर के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया, जिसमें मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों की ओर से मुआवजे का दावा करने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने बुधवार को पारित आदेश में कहा, हम कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा पारित फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।

### नाबालिग बलात्कार पीड़िता गर्भ जारी रखने पर सहमत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से 27 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति मांगने वाली दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग लड़की एम्स की इस दलील के बाद गर्भ बरकरार रखने के लिए राजी हो गई कि अब गर्भपात भ्रूण हत्या के समान होगा। एम्स के मेडिकल बोर्ड ने गर्भावस्था को जारी रखना उसके सर्वोत्तम हित में बताया था। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने एकल न्यायाधीश के आदेश को संशोधित कर दिया, जिसमें मेडिकल बोर्ड की राय पर विचार करने के बाद 16 वर्षीय लड़की को गर्भपात की अनुमति दी गई थी।

# नेशनल हेराल्ड मामला कानूनी दृष्टि से सटीक: ईडी

**नई दिल्ली।** ईडी ने बृहस्पतिवार को नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत के समक्ष दलील दी कि यह कानून की दृष्टि से एक सटीक मामला है, जिसमें सभी आरोपियों के खिलाफ धन शोधन का मामला बना है।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष आरोपपत्र के संज्ञान पर अपनी दलील जारी रखते हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी 'यंग इंडियन' के लाभकारी मालिक थे तथा अन्य शेयरधारकों की मृत्यु के बाद उन्होंने 100 प्रतिशत नियंत्रण हासिल कर लिया। ये दोनों अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को नियंत्रित करते थे जिसने एजेएल को 90 करोड़ रुपये का ऋण जारी किया जो 2,000 करोड़ रुपये की कंपनी है। इसका मकसद लक्ष्य 2,000 करोड़ रुपये प्राप्त करना था।

## जलप्रपात का नजारा



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में बारिश के बाद इंद्रावती नदी उफान पर है। चित्रकोट जलप्रपात की ऊंचाई 90 फीट है। इस जलप्रपात की विशेषता यह है कि वर्षा के दिनों में यह रक्त लालिमा लिए हुए होता है, तो गर्मियों की चाँदनी रात में यह बिल्कुल सफ़ेद दिखाई देता है। गुरुवार को भी यहां बेहद सुंदर नजारा दिखाई दिया। एजेंसी

# संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम शिनावात्रा

**बैंकॉक, एजेंसी**



- शिनावात्रा समेत कई नए कैबिनेट मंत्रियों को दिलाई गई शपथ

थाईलैंड के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण की, जिनमें निलंबित प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनावात्रा भी शामिल थीं। शिनावात्रा एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता से वार्ता में की गई टिप्पणियों को लेकर जांच का सामना कर रही हैं।

पैटोंगटर्न शिनावात्रा को मंगलवार को प्रधानमंत्री पद से निलंबित किया गया था और थाईलैंड नरेश ने उसी दिन नए मंत्रिमंडल की मंजूरी दी, जिसमें शिनावात्रा को संस्कृति मंत्री के रूप में नामित किया गया। शपथ के लिए 'गवर्नमेंट हाउस' पहुंची शिनावात्रा मुस्कराती नजर आईं, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुरिया जुंगरुंगरियांगकित ने नए मंत्रियों का नेतृत्व करते हुए थाईलैंड नरेश महा वजीरालोंगकोर्न से औपचारिक अनुमोदन प्राप्त किया। समझा जाता है कि सुरिया, कार्यवाहक प्रधानमंत्री के दायित्वों को उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री फुमथाम वेचायाचाय को सौंपेंगे, जिन्होंने बृहस्पतिवार को शपथ ली।

शिनावात्रा ने पिछले वर्ष जब पद संभाला था, तब वेचायाचाय ने उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभाई थी। कम्बोडिया के साथ सीमा विवाद को लेकर शिनावात्रा के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। मई में हुई एक झड़प में एक कम्बोडियाई सैनिक की मौत के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

# ईडी ने स्पेन में 131 करोड़ रुपये की नौका दो मकान जब्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने धोखाधड़ी में शामिल विदेशी मुद्रा व्यापार मंच के खिलाफ धन शोधन रोधी कानून के तहत कार्रवाई के दौरान स्पेन में दो नौका, दो मकान और कुछ अन्य संपत्तियां कुर्क की हैं, जिनकी कीमत 131 करोड़ रुपये से अधिक है।

ईडी के अनुसार इस ऑक्टाएफएक्स ने कई निवेशकों से धोखाधड़ी की है। पीएमएलए के तहत एक लग्जरी नौका, एक मिनीजेट बोट, एक महंगी कार और स्पेन में दो आवासीय संपत्तियों को जब्त करने का एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है, जिनकी कीमत 131.45 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि चेरी नामक यह नौका पश्चिमी भूमध्य सागर में भ्रमण कर रही है। धन शोधन की जांच पुणे पुलिस द्वारा कई व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से शुरू हुई है।

## अनुसंधान

## पीएम 2 .5 के अधिक संपर्क में रहने से 40% बढ़ती है बच्चों के कम वजन की आशंका, समयपूर्व जन्म की 70%

# वायु प्रदूषण बन रहा है समयपूर्व बच्चों के जन्म की वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के जनसांख्यिकीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के मुताबिक देश में 13 प्रतिशत बच्चों का जन्म समयपूर्व हो रहा है जबकि जबकि 17 प्रतिशत बच्चों का जन्म के समय वजन मानक से कम होता है। इसके मुताबिक वायु प्रदूषण भी जन्म से जुड़े प्रतिकूल प्रभावों का कारण बन रहा है।

दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,मुंबई स्थित अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान तथा ब्रिटेन और आयरलैंड के संस्थानों के शोधकर्ताओं ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 और दूर संवेदी डेटा का अध्ययन करके गर्भावस्था के दौरान वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से प्रसव परिणामों पर प्रभावों का विश्लेषण किया। टीम ने पाया कि गर्भावस्था के दौरान पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण प्रदूषण) के अधिक संपर्क में रहने से जन्म के समय कम वजन वाले बच्चे पैदा होने की आशंका 40 प्रतिशत तथा समय से पहले प्रसव की आशंका 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।



जलवायु परिस्थितियों जैसे वर्षा और तापमान, का प्रतिकूल जन्म परिणामों से अधिक गहरा संबंध पाया गया। स्वास्थ्य पत्रिका 'पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक भारत के उत्तरी जिलों में रहने वाले बच्चे परिवेशीय वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। वातावरण में मौजूद 2.5 माइक्रोन से भी छोटे व्यास वाले सूक्ष्म कण पदार्थ को पीएम 2.5 कहा जाता है और इन्हें सबसे हानिकारक वायु प्रदूषक माना जाता है। वातावरण में इनकी मौजूदी के लिए जीवाश्म ईंधन और बायोमास के दहन को प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है।

अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक,पाया गया कि लगभग 13 प्रतिशत बच्चे समय से पहले पैदा हुए और 17 प्रतिशत बच्चे कम वजन के साथ पैदा हुए। इसके अलावा पीएम 2.5 के स्तर में प्रत्येक 10 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की वृद्धि से कम वजन वाले बच्चों के जन्म पैदा होने की आशंका पांच प्रतिशत और समय से पहले जन्म की आशंका 12 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 की पांच वर्ष की अवधि में पैदा हुए 18 प्रतिशत बच्चों का वजन जन्म के समय कम था। अनुसंधानकर्ताओं ने देश में विशेष रूप से उत्तरी राज्यों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को तेज करने की मांग की है। 2019 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम भारत में वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए पीएम प्रदूषकों के स्तरों को नियंत्रित करने पर केंद्रित है।

### यूपी, दिल्ली, पंजाब और बिहार सर्वाधिक प्रभावित राज्य

ऊपरी गंगा क्षेत्र में पीएम 2 .5 प्रदूषकों का स्तर अधिक है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य शामिल हैं, तथा देश के दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में इसका स्तर कम है। अध्ययन के मुताबिक समय से पहले जन्म के अधिक मामले उत्तरी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश 39 प्रतिशत, उत्तराखंड 27 प्रतिशत, राजस्थान 18 प्रतिशत और दिल्ली 17 प्रतिशत में आए। मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में समय पूर्व जन्म के सबसे कम मामले सामने आए हैं। पंजाब में जन्म के समय कम वजन के बच्चे पैदा होने की दर सबसे अधिक 22 प्रतिशत पाई गई। इसके बाद दिल्ली, दादरा और नगर हवेली, मध्य प्रदेश, हरियाणा और यूपी का स्थान आता है।